# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 31 अगस्त, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-193 ■ पृष्ठ-15 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### सीएम ने ज्वेलरी महोत्सव का किया शुभारंभ

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन




केंद्र परिसर स्थित ज्ञान भवन में स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ज्वेलरी महोत्सव-2026 का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कन्वेंशन हॉल (भूतल) में आयोजित यह ज्वेलरी महोत्सव 1 सितम्बर तक चलेगा। इस अवसर पर सीएम ने स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान से जुड़े देश के विभिन्न हिस्सों से आए करीब 200 आभूषण निमार्ताओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर प्रदर्शित आभूषणों एवं ज्वेलरी उत्पादों की जानकारी ली तथा आभूषण निमाताओं से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि आप सब यहां अच्छे से अपना व्यावसाय करें, आप सब को हर प्रकार की सहूलियत उपलब्ध करायी जायेगी।

### चीन में आई आफत लैंडस्लाइड में 16 की मौत, 546 हुए लापता

**चीन।** चीन के शिजांग क्षेत्र में सीमा के पास स्थित एक बंदरगाह पर भूस्खलन हुआ. इस हादसे में अब तक 16 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 546 लोग लापता बताए जा रहे हैं. राहत और बचाव दल लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं।

### उत्तराखंड में राहुल गांधी के खिलाफ FIR

**देहरादून।** हल्द्वानी के रामलीला मैदान में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के बाद हुए कथित शुद्धीकरण विवाद में अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज हो गई है। हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने शुद्धीकरण कार्यक्रम में शामिल रहे अमित कुमार की शिकायत की।

### यमुना एक्सप्रेसवे पर ट्रक डिवाइडर तोड़कर कार से टकराया, चार की मौत

**नोएडा।** थाना जेवर क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे पर एक अनियंत्रित ट्रक डिवाइडेड तोड़ता हुआ दूसरी तरफ से जा रही कार से जा टकराया। इस घटना में कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई है। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि इस घटना के चलते यमुना एक्सप्रेसवे पर 04 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन और कटर की सहायता से कार के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला तथा उन्हें अस्पताल भेजा, जहां पर डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया।

### असम : सड़क हादसे में पांच की मौत

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी के बाहरी इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर आज रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांच लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि 6 लोगों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की संख्या में इजाफा होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने बताया है कि रविवार की रात खेत्री थानांतर्गत मयहांग और भूरागांव के बीच हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 27 यर तेतेलिया के निकट गुवाहाटी की ओर आ रही ट्रैवलर बस (एएस-01एचसी-0716) डिवाइडर को पारकर विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक (एएस-07बीसी-4271) से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पांच लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

# सभी स्ट्रीट लाइट पूरी तरह संचालित रखें : सम्राट

## मुख्यमंत्री ने की नगर विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत पटना नगर निगम द्वारा संचालित पटना नगर निगम

### नए स्ट्रीट लाइट सोलर बेस्ड लगाने का निर्देश

स्ट्रीट लाइट कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की। बैठक में शहर में स्ट्रीट लाइट की उपलब्धता, उनके रखरखाव तथा नए स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति संबंधित प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। सीएम ने सभी स्ट्रीट लाइटों को पूरी तरह संचालित रखने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि पटना नगर निगम क्षेत्र में वर्तमान में स्थापित



सभी स्ट्रीट लाइटों का शीघ्रता से मेंटेनेंस कर उन्हें चालू अवस्था में लाया जाए। उन्होंने विभाग को निर्देशित किया कि पथ निर्माण विभाग से संबंधित सभी एजेंसियों को स्ट्रीट लाइट के बेहतर रखरखाव एवं नियमित मेंटेनेंस के लिए पत्र के माध्यम से निर्देशित किया जाए। सीएम ने निर्देश दिया कि नए स्ट्रीट लाइट सोलर बेस्ड लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सोलर प्लेट, बैटरी एवं लाइट सभी एक साथ इनबिल्ट हों, ताकि इनके संचालन एवं रखरखाव में सुविधा हो। सीएम ने कहा कि पटना नगर निगम क्षेत्र के सभी स्ट्रीट लाइटों को सोलर आधारित करने से होने वाली बिजली एवं अन्य व्यय में संभावित बचत का अध्ययन कराया जाए। उन्होंने संबंधित विभाग को अध्ययन के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पटना शहर व्यवस्थित एवं साफ-सुथरा दिखे, इसके लिये बेहतर कार्ययोजना के साथ काम करें। गांधी मैदान के आसपास के चीजों को व्यवस्थित करें ताकि गांधी मैदान का प्राकृतिक स्वरूप बेहतर दिखे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, नगर विकास विभाग के सचिव अनिमेष परासर, नगर आयुक्त यशपाल मीणा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सोन नदी के परेव घाट पर पुलिस व माफिया में मुठभेड़

## 62 राउंड चली गोलियां, पुलिस के साथ मारपीट



**पटना/बिहटा (एनएसबी)।** पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के परेव में रविवार की सुबह सोन नदी के किनारे पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गयी. इस दौरान दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई. पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक अपराधी के पैर में गोली लगने की सूचना है. वहीं, गोली लगने से बिहटा थाना के एसआइ राजू कुमार सिंह भी घायल हो गये. घायल अपराधी और एसआइ को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मुठभेड़ में सब-इंस्पेक्टर राजू कुमार सिंह को लगी गोली

### दो कुख्यात माफिया गिरफ्तार कार्बाइन सहित हथियार जब्त

**नाविकों से रंगदारी वसूलने की मिली थी सूचना :** पुलिस को सूचना मिली थी कि सोन नदी में कुछ अपराधी नाविकों से रंगदारी वसूल रहे हैं. सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने पहले मामले की पुष्टि की. सूचना सही पाये जाने पर पुलिस टीम अपराधियों को पकड़ने के लिए परेव क्षेत्र में पहुंची. पुलिस को अपनी ओर आता देख अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी. इसके बाद पुलिसकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की. देखते ही देखते नदी के बीच दोनों ओर से कई राउंड गोलियां चलने लगीं. कुछ देर तक चली मुठभेड़ के दौरान एक अपराधी के पैर में गोली लग गयी. घायल अपराधी की पहचान अवनीश कुमार के रूप में बतायी जा रही है. पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

**एसआइ की बांह को छूकर निकली गोली :** मुठभेड़ के दौरान बिहटा थाना के एसआइ राजू कुमार सिंह भी गोली लगने से घायल हो गये. बताया जा रहा है कि गोली उनकी बांह को छूकर निकल गयी. उन्हें भी इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है. वहीं, बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार के भी घायल होने की सूचना है. हालांकि, उनकी चोट को लेकर पुलिस की ओर से विस्तृत जानकारी सामने नहीं आयी है।

# पटना में नशीला पदार्थ पीने से चार युवकों की गई जान

## मचा हड़कंप

**बाढ़/पटना (एनएसबी)।** पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के बेढ़ना गांव के सैदपुर मोहल्ले में रविवार को नशीला पदार्थ के सेवन से चार युवकों की मौत का मामला सामने आया है। मृतकों की पहचान मृतक की पहचान बेढ़ना गांव निवासी शशि कुमार (32), विकास राम

### सैदपुर मोहल्ले में घटी घटना, चारों एनटीपीसी में करते थे काम

(40), पंकज सिंह (45) और निशु कुमार (30) के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, चारों युवक एनटीपीसी में काम करते थे। रविवार को छुट्टी होने के कारण सभी एक साथ पार्टी करने के लिए जुटे थे। चारों ने साथ बैठकर मछली, रोटी और चावल खाया। इसी दौरान शराब भी पिया। खाना-पीना करने के कुछ देर बाद ही चारों कर्मचारियों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। उनकी हालत गंभीर होने पर परिजन और स्थानीय लोग उन्हें तत्काल बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चारों को पटना एनएमसीएच रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान चारों युवकों की मौत हो गई। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, युवकों की हालत बिगड़ने के दौरान मुंह से झाग निकलने की बात सामने आई है।

## ग्रामीणों ने किया बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन सड़क जाम



### एक कमरे में बैठकर पी रहे थे शराब, मछली भी बनवाई थी

स्वजन के अनुसार, चारों युवक एक कमरे में बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान खाने के लिए मछली भी बनवाई गई थी। शराब पीने के कुछ समय बाद चारों की तबीयत अचानक खराब होने लगी। इसके बाद वे अचेत होकर गिर पड़े। ग्रामीणों की नजर जब चारों युवकों पर पड़ी तो मौके पर अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए निजी क्लीनिक ले जाया गया। बाद में अनुमंडलीय अस्पताल और फिर पीएमसीएच रेफर किया गया।

चिकित्सकों ने किसी जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका जताई है। इधर, जिस स्थान पर चारों युवक खाना-पीना कर रहे थे, वहां मछली, रोटी और चावल के साथ शराब की बोतल और खाली ट्रेट्रा पैक, कुछ स्नैक्स पुलिस ने बरामद कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को घटनास्थल से शराब की बोतल, प्लास्टिक के ग्लास में बना पैग मिला है। चारों के शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर, जहरीली शराब से मौत की सूचना मिलने के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और बख्तियारपुर मोकामा फोरलेन सड़क को जाम कर दिया। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी किया। जाम की सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ और एसडीओ मौके पर पहुंचकर परिजन और गुस्साए ग्रामीणों से बातचीत की। उन्हें समझा-बूझा कर जाम हटाने की कोशिश में जुटे रहे, लेकिन ग्रामीण कार्रवाई की मांग पर डटे रहे।

# अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में छपरा के अंशु भारतीय टीम में चयनित

**पटना (एनएसबी)।** सारण की मुक्केबाज अंशु अंतरराष्ट्रीय रिंग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतिभा, मेहनत और



लगातार बेहतर प्रदर्शन के दम पर अंशु ने अंडर-19 विश्व युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई है। उनका चयन 48 किलोग्राम वर्ग में हुआ है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (बीएसएसए) के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण ने बताया कि विश्व युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन 14 से 28 अक्टूबर तक बुडवा मोंटेनेग्रो में किया जाएगा। दुनिया के विभिन्न देशों से आने वाले युवा मुक्केबाजों के बीच अंशु भारतीय टीम की जर्सी में रिंग पर उतरेंगी। विश्व चैंपियनशिप की तैयारियों को पुख्ता करने के लिए अंशु 16 सितंबर से 13 अक्टूबर तक पटियाला में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेंगी।

# प्रधानमंत्री मोदी शंघाई सहयोग संगठन समिट में शामिल होने के लिए किर्गिस्तान पहुंचे

**बिश्केक (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को बिश्केक में 26वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में शामिल होने के लिए किर्गिस्तान पहुंचे। बिश्केक के मानस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कैबिनेट ऑफ मिनिस्टर्स के चेयरमैन आदिलबेक कासिमालिएव ने पीएम मोदी का स्वागत किया।



मध्य एशियाई देश की इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री कई द्विपक्षीय बैठकों में भी हिस्सा लेंगे। शनिवार को उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान की दो देशों की यात्रा पर निकलने से पहले अपने बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत 2017 से एससीओ का एक सक्रिय और रचनात्मक सदस्य रहा है। मैं सुरक्षा, कनेक्टिविटी और अवसर पर आधारित इस क्षेत्र के लिए भारत के विजन को आगे बढ़ाने और आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ जैसी बुराइयों से मुक्त क्षेत्र के लिए साथी सदस्यों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं, जो हमारे पड़ोस और उससे आगे शांति और स्थिरता के लिए खतरा बने हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं राष्ट्रपति सादिर जापारोव (किर्गिस्तान) और एससीओ के अन्य नेताओं से मिलने और छठे वर्ल्ड नोमैड गेम्स के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए भी उत्सुक हूं।

# फार्मर आईडी से मिलेगी खाद

**पटना (एनएसबी)।** उर्वरक बिक्री व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए खेत बचाओ, गुणवत्तायुक्त बीज एवं खाद सुलभ कराओ विषय पर सोमवार को कृषि भवन सभागार, मीठापुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।



### 5 और जिलों में व्यवस्था लागू खेत बचाओ एवं खाद सुलभ कराओ विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आज

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि फ्रेमवर्क फार फर्टिलाइजर एप्लीकेशन सिस्टम (एफएफएएस) के माध्यम से ऑनलाइन व्यवस्था विकसित की गई है। आईएफएमएस एवं एग्रीस्टैक के एकीकरण से उर्वरक की खरीद-बिक्री प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने का प्रविधान किया गया है। इस व्यवस्था के अंतर्गत राज्य में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में वैशाली एवं शेखपुरा जिलों में फार्मर आईडी के आधार पर उर्वरक बिक्री की शुरूआत की गई। इसके सफल क्रियान्वयन के बाद जहानाबाद, अरवल, शिवहर, लखीसराय एवं किशनगंज जिलों में भी इसे लागू किया गया है। श्री सिन्हा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को उर्वरक बिक्री की डिजिटल एवं फार्मर आईडी आधारित व्यवस्था, उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था तथा किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक एवं बीज सुनिश्चित करने से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि खाद की बिक्री व्यवस्था को डिजिटल बनाने का उद्देश्य केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि किसान हित में पूरी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। उन्होंने बताया कि किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक एवं बीज समय पर और सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उर्वरक बिक्री व्यवस्था को डिजिटल एवं पारदर्शी बनाया जा रहा है।

# गंडक नदी में छोड़ा 1.77 लाख क्यूसेक पानी

## वाल्मीकिनगर बराज से 1.77 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज

### नेपाल की बाढ़ का असर बिहार तक

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में गंडक नदी के जलस्तर ने फिर चिंता बढ़ा दी है। रविवार को गंडक के जलस्तर में लगातार वृद्धि दर्ज जा रही है। शाम छह बजे 1,77,800 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज दर्ज किया गया। सुबह आठ बजे की तुलना में बराज से पानी के डिस्चार्ज में लगभग दो गुनी वृद्धि हुई है।



पानी बढ़ने के साथ नदी के जलस्तर पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। जल संसाधन विभाग के आंकड़ों के अनुसार गंगा में भी जल स्तर बढ़ने की आशंका है। जल संसाधन विभाग के शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि खतरा टला है, लेकिन प्रशासन सतर्क है। उधर, वाल्मीकिनगर गंडक बराज से सुबह आठ बजे जहां 1.24 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा था, वहीं शाम छह बजे तक डिस्चार्ज बढ़कर एक लाख 77 हजार 800 क्यूसेक पहुंच गया। यानी 10 घंटे में डिस्चार्ज में 53,800 क्यूसेक की वृद्धि हुई।

### तेजप्रताप को मंत्री संजय सिंह ने भेजा 50 करोड़ का नोटिस

**पटना (एनएसबी)।** दिल्ली का होटल कांड पटना के राजनीतिक गलियारों में चटखारे का विषय बना हुआ है। इंटरनेट मीडिया के जरिये जनशक्ति जनता दल के अध्यक्ष



तेजप्रताप यादव ने इस प्रकरण में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) के मंत्री संजय कुमार सिंह पर कीचड़ उछाला। अब संजय ने कानूनी नोटिस भेजकर तेजप्रताप को सात दिनों के भीतर क्षमायाचना और अपनी बातों के सार्वजनिक खंडन के लिए कहा है, अन्यथा उनके विरुद्ध 50 करोड़ की मानहानि का मामला दायर होगा।

# गंभीर मामलों में न्यायपालिका संसद का इंतजार नहीं करती : सीजेआई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि भारतीय न्यायपालिका डिजिटल अरेस्ट जैसे नए तरह के फ्रॉड पर संसद के कानून बनाने का इंतजार करने के



बजाय सक्रिय रूप से कार्रवाई करती है। उन्होंने शनिवार को लंदन में 43वें इंटरनेशनल सिम्पोजियम ऑन इकोनॉमिक क्राइम के समापन समारोह में यह बात कही। उखक ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में ह्यडिजिटल अरेस्टह्ण स्कैम पर स्वतः संज्ञान लिया है। इसमें ठग वीडियो कॉल के जरिए खुद को पुलिस अधिकारी, न्यायिक अधिकारी या सरकारी अधिकारी बताकर लोगों से धोखाधड़ी करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर 2025 में डिजिटल अरेस्ट के एक मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने केंद्र और राज्यों से इस समस्या के स्तर का आकलन करने, अलग अपराध बनाने और नुकसान के अनुपात में सजा तय करने की दिशा में कदम उठाने को कहा था।

# मन की बात के लाइव प्रसारण में शामिल हुए सीएम



मन की बात के 137वें संस्करण के लाइव प्रसारण में शामिल हुए मुख्यमंत्री।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित नेक संवाद सभागार में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 137वें संस्करण के लाइव प्रसारण में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश देश के युवाओं, महिलाओं और विद्यार्थियों को नई ऊर्जा देने वाला है। प्रधानमंत्री के द्वारा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान को मजबूत करने की अपील युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। बिहार में भी युवाओं को नशे से दूर रखने और समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयासों को और गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मन की बात में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, युवाओं की रचनात्मक भागीदारी, इतिहास को सरल एवं रोचक तरीके से समझने और छात्रों को स्पेस टेक्नोलॉजी से जोड़ने जैसे विषयों पर प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन प्रेरणादायी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवा शक्ति, महिला शक्ति और नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री का यह संदेश बिहार सहित पूरे देश को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

## मुख्यमंत्री ने ज्वेलरी महोत्सव-2026 का किया शुभारंभ, देशभर से आए आभूषण निर्माताओं के स्टॉल का किया अवलोकन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र परिसर स्थित ज्ञान भवन में स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ज्वेलरी महोत्सव-2026 का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

ज्ञान भवन के कन्वेंशन हॉल (भूतल) में आयोजित यह ज्वेलरी महोत्सव 1 सितम्बर तक चलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान से जुड़े देश के विभिन्न हिस्सों से आए करीब 200 आभूषण निर्माताओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर प्रदर्शित आभूषणों एवं ज्वेलरी उत्पादों की जानकारी ली तथा आभूषण निर्माताओं से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि आप सब यहां अच्छे से अपना व्यवसाय करें, आप सब को हर प्रकार की सहूलियत उपलब्ध करायी जायेगी। ज्वेलरी महोत्सव में कोटा, आगरा, सूरत, अहमदाबाद, नागपुर, मुंबई, लखनऊ कोलकाता सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आभूषण निर्माता शामिल हुए हैं। महोत्सव के माध्यम से आभूषण निर्माण एवं व्यापार से जुड़े लोगों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने तथा एक-दूसरे से संवाद एवं अनुभव साझा करने का अवसर मिल रहा है।

## नीतीश कुमार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से संवर रहा छात्र-छात्राओं का भविष्य : चंदन कुमार सिंह

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता चंदन कुमार सिंह ने जारी बयान में कहा कि नीतीश कुमार द्वारा शुरू की गई स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से लाखों विद्यार्थियों के बेहतर उच्च शिक्षा प्राप्त करने के सपने साकार हो रहे हैं और उनका भविष्य संवर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की मौजूदा एनडीए सरकार ने छात्र-छात्राओं की आशंकाओं को दूर करते हुए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत चार लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण की सुविधा जारी रखने के अपने संकल्प को दोहराया है। अब बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से ही पात्र छात्र-छात्राओं को चार लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने छात्रों के उच्च शिक्षा के सपनों को पूरा करने के उद्देश्य से सात निश्चय योजना के तहत स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत की थी। इसी क्रम में वर्तमान समय में सभी आवेदकों के लिए शिक्षा ऋण को ब्याज रहित उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत ऋण चुकाने की अवधि में भी महत्वपूर्ण राहत दी गई है। दो लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण को पहले 60 मासिक किस्तों यानी पांच वर्षों में चुकाने का प्रावधान था, जिसे बढ़ाकर अब अधिकतम 84 मासिक किस्तों यानी सात वर्षों तक कर दिया गया है। वहीं, दो लाख रुपये से अधिक के ऋण की पुनर्भुगतान अवधि को सात वर्ष से बढ़ाकर अधिकतम 120 मासिक किस्तों यानी दस वर्षों तक कर दिया गया है। इन फैसलों का उद्देश्य राज्य के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि आर्थिक कठिनाइयां उनकी शिक्षा के रास्ते में बाधा न बनें।

## खबरें : एक नजर में

### समझौते के आड़ में लाखों छात्रों के साथ धोखाधड़ी : राजद

**पटना / एनएसबी।** राजद नेता चित्तरंजन गगन ने विभिन्न मांगों को लेकर छात्रों द्वारा किए गए आन्दोलन को सरकार और छात्र नेताओं के बीच हुए तथाकथित समझौते को आन्दोलनकारी छात्रों के भावनाओं के साथ खिलवाड़ बताया है। उन्होंने कहा है कि इस समझौते के आड़ में लाखों छात्रों के साथ धोखाधड़ी की गई है। इससे छात्रों में काफी नाराजगी और आक्रोश है।



चित्तरंजन गगन।

राजद नेता ने कहा कि छात्र नेताओं को गफलत में रखकर केवल टीआरई 4 को छोड़कर बाकी सभी मुद्दों को गठित होने वाली कमेटी के नाम पर टाल दिया गया है। टीआरई 4 में भी केवल एकल परीक्षा की मांग को छोड़कर अन्य मुद्दों को नजरंदाज कर दिया गया है, परीक्षा कब होगी और सफल अभ्यर्थियों का कब तक योगदान होगा, इसकी कोई चर्चा नहीं है। सीट भी कमा दिया गया है जबकि बिहार विधानसभा चुनाव के पहले एक लाख शिक्षकों की बहाली का वादा किया गया था। वादे के अनुसार 28000 कम्प्यूटर शिक्षक, 6500 लाइब्रेरियन, 6020 शारीरिक शिक्षक एवं अनुदेशक की बहाली को गौण कर दिया गया। वर्षो से लम्बित बीएसएससी ( ठैब) परीक्षा की तिथि की घोषणा की मांग को भी लटका दिया गया।

राजद नेता ने बताया कि 70 वीं बीपीएससी और 1799 दारोगा के घोषित परिणाम में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुए आन्दोलनकारी छात्र इसे रद्द करने और जांच कराने की मांग की थी । पर इस मांग को भी गठित होने वाली कमेटी के हवाले कर ठंढे बस्ते में डाल दिया गया।

राजद नेता ने कहा कि सरकार यदि छात्रों द्वारा उठाए गए अन्य मुद्दों पर शीघ्र हीं कोई निर्णय नहीं लेती है तो छात्रों के आक्रोश को देखते हुए संभव है कि छात्र पुनः सड़क पर उतरने को बाध्य हो जाएं।

### बीवीआईपी क्षेत्र में तेज रफ्तार जा रही स्कर्पियो पलटी

#### घटना सचिवालय थाना क्षेत्र का, युवती सड़क पर स्कूटी चलाना सीख रही थी

**पटना / एनएसबी।** सचिवालय थाना क्षेत्र स्थित 10 सर्कुलर रोड में रविवार को स्कर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा 31 नंबर वीआईपी पोस्ट के पास हुआ। स्कार्पियो में तीन लोग सवार थे। हादसे में तीनों को हल्की चोटें आई हैं। गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक युवती सड़क पर स्कूटी चलाना सीख रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियो के सामने अचानक युवती आ गई। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ब्रेक लगाया और गाड़ी को यू-टर्न लेने की कोशिश की। स्थानीय लोगो का कहना है कि स्कर्पियो की रफ्तार करीब 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटा थी। अचानक मोड़ लेने के बाद गाड़ी संतुलन खो बैठी और करीब पांच फीट हवा में उछलने के बाद सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर सचिवालय थाना और ट्रैफिक चेक पोस्ट की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। जिस जगह हादसा हुआ, वह काफी संवेदनशील इलाका है। यहां मुख्यमंत्री आवास और लोक भवन भी पास में स्थित हैं। सूत्रों के अनुसार, स्कर्पियो पुलिस की गाड़ी थी। स्टीकर लगी हुई है। बताया जा रहा कि सीखने के दौरान हादसा हुआ है।

### पालीगंज के रामपुर नगवाँ में बनेगा सामुदायिक भवन -सह- वर्कशेड

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना जिले के पालीगंज प्रखंड अंतर्गत रामपुर नगवाँ मौजा में सामुदायिक भवन- सह- वर्कशेड का निर्माण कराया जाएगा। जिलाधिकारी, पटना कुंदन कुमार के निर्देश पर इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि का चयन कर लिया गया है तथा शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने के उद्देश्य से मिशन निदेशक, बिहार महादलित विकास मिशन को पत्र भेजा गया है। सामुदायिक भवन- सह- वर्कशेड के निर्माण के लिए रामपुर नगवाँ मौजा में थाना संख्या -352, खाता संख्या -438 तथा खेसरा संख्या -3038 के अंतर्गत उपयुक्त भूमि का चयन किया गया है। चयनित भूमि पर सामुदायिक भवन -सह- वर्कशेड का निर्माण कराने के लिए आवश्यक स्वीति एवं प्राकलन के अनुरूप राशि का आवंटन उपलब्ध कराने का अनुरोध मिशन निदेशक, बिहार महादलित विकास मिशन से किया गया है।

# इस्कान मंदिर में 4 को जन्माष्टमी महोत्सव का मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भाद्रपद अष्टमी तिथि शुक्रवार 4 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। इस्कन मंदिर में हर साल की तरह इस बार भी इस पावन मौके पर भव्य आयोजन किया जाएगा। श्री कृष्ण जन्माष्टमी महा महोत्सव का उद्घाटन दिन के 3 बजे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। इस महोत्सव में बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद मोहम्मद अता हसनैन मुख्य अतिथि होंगे।

इस्कन टीएमसी के को चेयरमैन रमन मनोहर दास ने कहा कि इस बार के आयोजन के क्रम में मध्य रात्रि 12 बजे सहस्त्र नदियों के जल एवं पंचगव्य से 108 कलश से रात्रि में भगवान का महाभिषेक किया जाएगा। इससे पहले मायापुर से आए इस्कन की कीर्तन मंडली द्वारा दो दिन पहले से कीर्तन मेला का आयोजन किया गया है।

टीएमसी के सदस्य राधापति चरण दास ने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर मंदिर की सजावट के लिए बेंगलुरु, पुणे, कोलकाता समेत विदेश से भी कई प्रकार के 8 टन फूल मंगाए गए हैं। 4 सितंबर को जन्माष्टमी के दिन मंदिर का पट सुबह 4 बजे खुल जाएगा। रात्रि के 1: 30 बजे तक मंदिर में लगातार दर्शन-पूजन का सिलसिला जारी रहेगा।



जानकारी देते आयोजक।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी शुक्रवार को विख्यात गायिका प्रिया मलिक की प्रस्तुति खास होगी। वे श्रीकृष्ण भक्ति पर आधारित भजन और कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगी। इसके बाद अगले दिन 5 सितंबर को इस्कन के फाउंडर आचार्य एसी भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपाद जी का जन्म दिवस मनाया जाएगा।

### राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

टीएमसी के सदस्य वेणु विनोद दास ने कहा कि शनिवार 5 सितंबर को दिन के 12 बजे प्रभुपाद जी का पंचगव्य और तीर्थ जल से महा अभिषेक होगा। इसके बाद महा आरती और छप्पन भोग लगाया जाएगा। इसके बाद प्रभुपाद का गुणगान किया जाएगा। प्रभुपाद ने ही पूरी दुनिया में इस्कन की स्थापना किया था। इसकी शुरुआत अमेरिका से हुई थी।

## बोल बम सेवा समिति की स्वर्ण जयंती पर समिति की प्रतिनिधि मण्डल द्वारा नीतीश कुमार को प्रतीक चिन्ह एवं स्मारिका भेंट

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बोल बम सेवा समिति के 50वें स्थापना दिवस (स्वर्ण जयंती) के अवसर पर समिति के प्रतिनिधिमंडल ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान समिति की ओर से उन्हें स्वर्ण जयंती का प्रतीक चिन्ह, स्मारिका एवं आभार-पत्र भेंट कर सम्मानित एवं आभार व्यक्त किया गया।



बोल बम सेवा समिति की ओर से स्वर्ण जयंती का प्रतीक चिन्ह, स्मारिका एवं आभार-पत्र भेंट कर सम्मानित एवं आभार व्यक्त किया गया।

समिति के संयोजक रमेश कुमार सुरेका ने बताया कि बोल बम सेवा समिति विगत पांच दशकों से कांवरिया पथ पर श्रद्धालुओं की निःस्वार्थ सेवा, सहयोग और सुविधा के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्य कर रही है।

समिति का यह सेवाभाव सामाजिक सरोकार और मानव सेवा की प्रेरणादायी मिसाल है। श्री सुरेका ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लगातार कांवरिया पथ, बिजली, पानी एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं - सुविधाओं के लिए प्रशंसनीय कार्य किए।

उक्त अवसर पर नीतीश कुमार ने बोल बम सेवा समिति के पांच दशकों के सेवा कार्यो की सराहना की तथा स्वर्ण जयंती के अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने श्रद्धालुओं की सेवा के इस पुनीत कार्य को आगे भी इसी समर्पण और सेवाभाव के साथ जारी रखने की कामना की।

इस अवसर पर बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ तथा बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री अंजनी कुमार भी उपस्थित रहे।

## तेजस्वी ने आरक्षण के मुद्दे पर मांझी और चिराग को घेरा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरक्षण मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और चिराग पासवान पर प्रहार किया है। उन्होंने ने कहा कि दो केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी और चिराग पासवान आरएसएस के निर्देश पर विपरीत दिशाओं में बात कर भाजपा, आरएसएस के आरक्षण खत्म करने के मूल उद्देश्य से ध्यान भटका आरक्षण सर्मथक जनभावना का आंकलन करना चाहते है। जिनका खुद का स्वतंत्र वजूद नहीं होता वो ऐसे ही बंच ऑफ थॉट्स मानने वालों के निर्देशन में अभिनय करते है।

सर्वप्रथम तो आरक्षित कोटे से जीते ये मंत्री संविधान और आरक्षण विरोधियों की गोद में बैठ सत्ता का चरम सुख प्राप्त कर रहे है। इन्हें समाज और वैचारिकी से कोई लेना-देना नहीं है। अगर आरक्षण से इन दोनों को सख्त नफरत है तो गैर आरक्षित सीटों से चुनाव लड़कर देख लें, ज्ञान चक्षु खुल जायेंगे।

आरक्षण विरोधी बीजेपी के साथ रहते नीतीश कुमार, उपेंद्र कुशवाहा, चिराग पासवान और जीतन राम मांझी जी की पार्टियों की क्या स्पष्ट विचारधारा है, यह कोई नहीं जानता। अगर ये पार्टियां आरक्षण समर्थक है तो हमारी सरकार में बिहार में बढ़ाई गयी आरक्षण सीमा को संविधान की नौंवी अनुसूची में शामिल क्यों नहीं कराते ये घोर अवसरवादी और सुविधाभोगी नेता आरक्षण बढ़वायेंगे नहीं, विचारधारा की राजनीति करेंगे नहीं केवल और केवल मंत्री पद, सुरक्षा और बंगला प्राप्त करने के लिए येन केन प्रकारेण सत्ता में बने रहेंगे। मोहन भागवत ने भी पहले आरक्षण समीक्षा की बात की थी, बिहार ने कान पकड़ कर अच्छे से उठक-बैठक करवा दी थी। अब फिर करेंगे तो बिहारी लोग आर एस एस, भाजपा का मुर्गा बना देगा।

# श्री कृष्ण महोत्सव में रूप सज्जा कर नन्हे बाल गोपाल ने मोहा मन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** श्री कृष्ण महोत्सव ट्रस्ट की ओर से रविवार, 30 अगस्त को बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स, गांधी मैदान, पटना में 'श्री कृष्ण महोत्सव 4.0' का भव्य आयोजन किया गया। कृष्ण भक्ति, भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं से सजे इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं राजधानीवासी शामिल हुए।

पूरे कार्यक्रम के दौरान परिसर कृष्णमय बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे हुआ। दोपहर एक बजे से बच्चों के लिए रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें करीब 85 बच्चे भगवान श्रीष्ण और राधा के मनमोहक स्वरूप में सज-धजकर शामिल हुए। नन्हे बाल गोपालों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री पी. के. अग्रवाल, अध्यक्ष, बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स, विशिष्ट अतिथि सुभाष पटवारी, संस्था अध्यक्ष राकेश कुमार, महासचिव मुकेश जैन सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। दोपहर दो बजे से महोत्सव में सांस्तिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। कलाकारों ने पारंपरिक कथक, भरतनाट्यम एवं लोकनृत्यों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं को जीवंत किया। रासलीला की भावपूर्ण प्रस्तुति तथा श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित नाट्य मंचन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। प्रस्तुतियों के दौरान पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।



श्री कृष्ण महोत्सव में रूप सज्जा कर नन्हे बाल गोपाल ने मोहा मन।

दोपहर तीन बजे आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। इसमें युवाओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। मटकी फोड़ने के लिए युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और इस दौरान पूरा वातावरण जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। अंत में श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया और इसके साथ ही महोत्सव का समापन हुआ।

इस अवसर पर प्रभु आहार के अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि बच्चों की रूप सज्जा प्रतियोगिता को दो ग्रुपों में आयोजित किया गया तथा दोनों ग्रुपों के प्रथम आठ-आठ प्रतिभागियों को पुरस्त किया गया।

ग्रुप कृष्ण में प्रथम - निशांत कुमार, द्वितीय दिव्यांश कुमार एवं तृतीय पुरस्कार ज्ञानेश राज को मिला तथा ग्रुप राधा में प्रथम, - किया शर्मा द्वितीय - समृद्धि रॉय एवं तृतीय पुरस्कार -रेवांशी सिंह को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में विशेष योगदान देने वाले संरक्षक गणेश खेतड़ीवाल सहित अध्यक्ष राकेश कुमार, धर्मराज केशरी, शम्भू प्रसाद, डा. गीता जैन, पवन कुमार, अजय कुमार गुप्ता, दुर्गा राय, गोपाल कृष्ण, प्रेम कुमार, आदित्य राज, विजय जैन को सम्मानित भी किया गया।

महासचिव मुकेश जैन ने कहा कि श्री कृष्ण महोत्सव का उद्देश्य भगवान श्रीष्ण के जन्मोत्सव को उत्साहपूर्वक मनाने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, कला एवं सांसतिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। इस बार महोत्सव में पारंपरिक कला रूपों के साथ आधुनिक मंचन का सुंदर समन्वय किया गया, जिसने दर्शकों को एक अनोखा सांसतिक अनुभव प्रदान किया। कार्यक्रम संयोजक एम् पी. जैन ने कहा कि श्री कृष्ण महोत्सव में राजधानीवासियों ने परिवार के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया और कृष्ण भक्ति के साथ भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं का आनंद लिया। मौके पर बच्चों की रूप सज्जा, आशीष ग्रुप द्वारा सांसतिक प्रस्तुतियां, रासलीला और मटकी फोड़ प्रतियोगिता ने महोत्सव को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

## खबरें खास-खास

### पत्रकार के मामले में जांच कराए सरकार : एजाज



एजाज अहमद।

**पटना / एनएसबी।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के नेता एजाज अहमद ने कहा की बहुत ही दुख की बात है की वैशाली जिला के पातेपुर में पत्रकार कुंदन कुमार पर एफ आई आर दर्ज करवा कर जेल भिजवा दिया गया है। बिहार सरकार के मंत्री लखेन्द्र पासवान ने स्थानीय प्रशासन पर दबाव बनवाकर एफआईआर दर्ज करवाया और आर्म्स एक्ट में फंसाकर जेल भिजवा दिया। क्योंकि उसने पातेपुर क्षेत्र में विकास की सच्चाई को दिखाया जो मंत्री को पसंद नहीं आया और सवाल पूछने पर कि मंत्री जी आपने अपने क्षेत्र में विकास तो किए नहीं है। पत्रकार कुंदन कुमार को पुलिस ने आर्म्स एक्ट में जेल भिजवा दिया और कहा कि इसके द्वारा लगातार इस तरह की बातें की जा रही है जो कहीं से ठीक नहीं है जबकि पत्रकार ने सच और सच्चाई दिखाई तो उसे जेल का रास्ता दिखा दिया मंत्री लखेंद्र पासवान के दबाव पर पुलिस ने। बिहार के मुख्यमंत्री से आग्रह करते हैं ऐसे पुलिस प्रशासन पर जांच करके अविलंब कार्रवाई की जाए ताकि लोकतंत्र में चौथे स्तंभ को बचाया जा सके इस तरह का त्य कहीं से भी उचित नहीं है। अगर मंत्री ही इस तरह का कार्य करवायेंगे तो सरकार और सरकार की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में खड़ी हो जाएगी और कहीं ना कहीं पुलिस की कार्य शैली पर भी सवाल खड़ा हो जाएगा।

### वेतन - पेंशन के लिए 2 सितम्बर से पुनः चरणबद्ध आन्दोलन प्रारम्भ : फैक्टनेब

**पटना / एनएसबी।** राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की स्वायत्तता समाप्त करने संबंधी प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 को रद्द करने,पटना उच्च न्यायालय का न्यायादेश एवं बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति की अनुशंसा के आलोक में नियमित वेतन - पेंशन भुगतान करने, शैक्षणिक सत्र 2015-18 से 2022-25 कुल आठ वर्षो का परीक्षा परिणाम आधारित वेतन मद बकाया अनुदान राशि ( इण्टर खण्ड सहित) को बढ़े हुए मंहगाई दर से अधिसीमा बंधेज समाप्त कर शिक्षाकर्मियों के बैंक खाते में एकमुश्त भुगतान करने, शासी निकाय सदस्य हेतु विश्वविद्यालय प्रतिनिधि का मनोनयन एवं शिक्षक प्रतिनिधि की चुनाव प्रक्रिया ससमय पुरा करने , समयबद्ध तरीके से सभी विश्वविद्यालयों में सिनेट सदस्य का चुनाव कराने, उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन पारिश्रमिक एवं भत्ते एक समान करने आदि 9 सूत्री मांगों को लेकर संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी 2 सितम्बर से पुनः चरणबद्ध आन्दोलन प्रारम्भ करेंगे।

### वित्तीय अनियमितता के आरोप में सहायक शिक्षक निलंबित, स्कूल के अलग-अलग खातों से एक करोड़ से अधिक की निकासी का आरोप

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** वित्तीय अनियमितता पर गंभीर रुख अपनाते हुए शिक्षा विभाग ने एक सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया है। अब उनके खिलाफ आरोप पत्र निर्गत किया जाएगा। निलंबित शिक्षक जगन्नाथ महतो वर्तमान में समस्तीपुर के रायपुर स्थित विदेही परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में कार्यरत हैं। गबन के आरोप के समय वे वैशाली जिले के पातेपुर स्थित अम्शों कुंवर उच्च माध्यमिक विद्यालय, भरथीपुर के तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक थे। महतो पर विद्यालय के विभिन्न खातों से एक करोड़ रुपये से अधिक की नगद निकासी, छात्र कोष एवं विकास कोष के खातों की कैशबुक का वित्तीय नियमों के अनुरूप रखरखाव नहीं करने, लेन-देन का सही विवरण दर्ज नहीं करने, विपत्रों के उचित संधारण का अभाव, विक्रेताओं के जीएसटी नंबर एवं आयकर कटौती संबंधी अनियमितता तथा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना सामग्री की खरीद के आरोप हैं। विभाग ने महतो से स्पष्टीकरण मांगा था। उनका पक्ष सुनने के बाद आरोपों को गंभीर वित्तीय प्रति का मानते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के तहत निलंबन की कार्रवाई की गई। मामले की विस्तृत जांच के लिए तिरहुत प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक को जांच पदाधिकारी तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा), वैशाली को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नामित किया गया है।

### शास्त्री नगर स्थित बिजली बोर्ड का पार्क शाम में कर दिया गया बंद

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** शास्त्री नगर स्थित बिजली बोर्ड का पार्क शाम में बंद कर दिया गया है। निगरानी के अभाव में पार्क असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया था। बिजली बोर्ड प्रबंधन ने पार्क की निगरानी बढाने के बजाय शाम में इसे बंद ही कर दिया। बोर्ड प्रबंधन के इस फैसले से जहां आसपास के लोगों की परेशानी बढ गयी है वहीं असामाजिक तत्वों के लिए यह वरदान हो गया है। पूर्व में जब शाम में भी पार्क खुलता था और लोगों की आवाजाही रहती थी तब असामाजिक तत्वों को मौका नहीं मिलता था। अब शाम में पार्क के बंद रहने के कारण असामाजिक तत्व पार्क में बने शौचालय के दरवाजे तक को उखाड़ ले गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह नशेडियों का काम है। पार्क से सुबह की सैर के बाद जब लोग चले जाते हैं तब यह पार्क नशेडियों का अड्डा बन जाता है। कुछ दिन पहले यहाँ के महिला जिमखाने का कैश काउंटर भी ये लोग उखाड़ कर ले गए थे। पार्क के परिसर में शिव मंदिर भी है। सावन के महीने में शाम में पार्क के बंद रहने से आसपास के शिव भक्तों को भी काफी परेशानी हुई। लोगों को भगवान शिव की संध्या पूजा के लिए दूर के मंदिरों में जाना पडा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दिनों चातुर्मास चल रहा है। चातुर्मास यानी सावन से कार्तिक महीने तक हिंदू धर्मावलंबियों में ईश्वर की आराधना का विशेष महत्व है। ऐसे में शाम के समय पार्क के साथ मंदिर को भी बंद किए जाने से लोगों में असंतोष है। इधर, इस बारे में पूछे जाने पर बोर्ड के सिविल इंजीनियर अजीत कुमार ने कहा कि शौचालय में दरवाजा दुबारा लगा दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने असामाजिक तत्वों और नशेडियों के जमावडे पर कहा कि विभाग इसे गंभीरता से ले रहा है और नशेडियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी ताकि दुबारा ऐसी घटना ना हो।

### किसान सलाहकार को जनसेवक के पद पर समायोजन करने की मांग

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार कृषि विभाग के सक्षम पदाधिकारियों के द्वारा किये गये अनुशंसा पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए किसान सलाहकार को जनसेवक के पद पर समायोजन करने की मांग की गई है। बिहार सरकार एवं कृषि विभाग के सक्षम पदाधिकारियों द्वारा कहा एवं अनुशंसा किया गया है, कि जनसेवक के भारी कमी को किसान सलाहकार से पूरा किया गया, जनसेवक या जनसेवक के समकक्ष पद में समायोजन दी जाय। वर्तमान में जनसेवक का अधिकतर पद रिक्तहै। यदि किसान सलाहकार को जनसेवक के पद में समायोजन किया जाता है, तो किसान सलाहकारों का भविष्य सुरक्षित हो जाएगा और ऊर्जा का नया संचार होगा। कृषि में पुनः क्रान्ति आ जाएगा। इस पुनीत कार्य के लिए किसान सलाहकार सपरिवार सदा अभारी रहेगें और जबतक हम सभी किसान सलाहकारों का समायोजन जनसेवक में नहीं हो जाता है, तब तक तद्नुसार समानजनक मानदेय का भुगतान किया जाए। यह भी सच है कि किसान सलाहकार पिछले 16 वर्षो से कार्यरत है, जबकि जनसेवक / ग्रामीण प्रसार कार्यकर्तृता के अधिकतर पद रिक्तहै। लोक कल्याणकारी राज्य के रूप में किसान सलाहकार के भविष्य को ध्यान में रखकर जनसेवक की नियुक्ति में किसान सलाहकार को प्राथमिकता देने के संबंध में जनसेवक की भर्ती नियमावली में उपर्युक्त प्रावधान करने पर विचार किया जा सकता है। डिजिटल क्रप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में किसान सलाहकार द्वारा अहम योगदान दिया जा रहा है। जटिल एवं तकनीकी कार्यो के सफल संपादन के बाद भी किसान सलाहकार को प्राथमिकी कर्मी मानते हुए स्थाई कर्मी का दर्जा नहीं दिया जा रहा है।



किसान सलाहकार को जनसेवक के पद पर समायोजन करने की मांग।

मालूम हो कि प्रखण्ड से नीचे स्तर पर जनसेवकों की भारी कमी को देखते हुए पंचायत स्तर पर कृषि प्रसार तंत्र को मजबूत करने के लिए ही किसान सलाहकारों की बहाली वर्ष 2010 में की गई थी, जिसे बिहार सरकार द्वारा वर्ष 2011 में प्रकाशित उपलब्ध पुस्तिका भी प्रमाणित करती है। दिनांक-15-01-2013 तकनीकी संवर्ग की मूल कोटि के पदों पर परिविक्षा के आधार पर नियोजन के लिए प्रस्तावित मडल नियमावली पर विचार विमर्श हेतु मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में बैठक में सभी प्रधान सचिवध्सचिव से उक्त प्रस्तावित नियमावली के संबंध में अपनी प्रतिक्रिया सुझाव आमंत्रित किया गया था। उक्त क्रम में कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा अपने विभाग के एस्एम्एस् एवं किसान सलाहकार की संविदा नियोजन की आवश्यकता एवं पूर्व से इन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों को नियमित पदों पर आयु सीमा में छूट देकर सीमित प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा नियुक्त किये जाने का प्रस्ताव दिया गया। दिनांक-09012015 सेव संवर्ग नियमावली के अंतिम रूप देने के प्रयोजनार्थ गठित प्राधित समिति की कार्यवाही कंडिका-04 के कतिपय संशोधनों के साथ किसान सलाहकारों को 25 अंक की अधिमानता से समाहित जनसेवक संवर्ग नियमावली प्रारूप में किए गए संशोधनों के आलोक में संशोधित नियमावली प्रारूप तैयार कर लेगें और उसका अंग्रेजी अनुवाद कराकर उसकी विधिक्षा कराने के उपरान्त उसमें मंत्री परिषद् की स्वीकृति प्राप्त कर लेगें। दिनांक-09-02-2015 संशोधित संवर्ग नियमावली पर (गौतम बोस) से संचिका पृष्ठ 199 पर विधिक्षा प्राप्त है। दिनांक-23-02-2015 कार्यालय द्वारा संवर्ग नियमावली की संशोधित व विधिक्षित स्वच्छ प्रति मंत्री परिषद हेतु अग्रेसित की गयी। (संचिका पृष्ठ-201 टी) लेकिन दुःखद यह है, कि अभी तक फाईल इंतजार में है।

## संक्षिप्त खबरें

### इंडोनेशिया के बाली में आयोजित सीएनएफ में मयंक झा ने मारी बाजी

**दरभंगा (एनएसबी)।** इंडोनेशिया के बाली में आयोजित हुए मशहूर सीएनएफ कैनगो फाइट नाइट 40 मे दरभंगा के रामबाग निवासी अमरकान्त झा और वंदना झा के पुत्र मयंक झा ने मुकाबला जीतकर न सिर्फ भारत का बल्कि बिहार और दरभंगा का नाम गौरव के साथ रौशन किया है। इस प्रतियोगिता में विश्व के कई देश के खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमें दरभंगा के मयंक झा ने अपनी अद्भुत क्षमता की प्रस्तुति कर सीएनएफ मे जीत हासिल की। फाइट जीतने के बाद मयंक झा ने स्टेज पर योग मुद्रा में अपने जीत का जश्न मनाया। इसकी जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त हो गई। दरभंगा राज के प्रबंधक आशुतोष कुमार दत उर्फ पवन दत्त सहित कई लोगों ने खुशी जाहिर की है।



### साप्ताहिक योग मिलन कार्यक्रम आयोजित

**दरभंगा(एनएसबी)।** तारा मन्दिर राज दरभंगा प्रांगण में आरोग्य भारती दरभंगा का साप्ताहिक योग मिलन बैठक कार्यक्रम हुआ। रात में बार बार पैसाव करने जाना, पैसाव रोक नहीं सकना ,धीरे धीरे होना,पैसाब का बेग नहीं होना. के लिए अनेक योग उत्पल जी कराये. तथा सबका परिचय हुआ.डॉ शैलेन्द्र लाल दास सुश्रुत ने वंदे मातरम कराया।आयुर्वेद इलाज ही कराएँ,छोटी मोटी तकलीफ में तुरत अँग्रेजी दवा न खा लें,आयुर्वेदिक जरी बुटी काढ़ा आदि का व्यावहार करें, वैद्य सबसे,जानकर लोगों से पूछें,वैद्य सबसे पूछें,उन्हें दिखाएँ, ऐसा बताया गया तथा निबु का औषधीय गुण विस्तार से वैद्य जयप्रकाश जी ने बताया.रा स्व संघ का गुरुदक्षिणा कार्यक्रम संपन्न हुआ.अजय जी तथा जितेन्द्र जी ने कार्य संपन्न कराया। अध्यक्ष विजय ,उपाध्यक्ष उमेश मंडल, प्रो गोपाल ,आनंद विहारी ,श्याम नंदन मिश्र राजीव प्रकाश मधुकर ,पं दुगार्नाथ ठाकुर आदि बहुत लोग थे।



### शिक्षा की चेतना जगा रहा श्रीकृष्ण चेतना मंचः डॉ.शिवकिशोर राय

**हनुमाननगर(एनएसबी)।** प्रखंड के गोरहारी ग्राम के पूर्व मुखिया उपेंद्र यादव की अध्यक्षता में श्रीकृष्ण चेतना मंच द्वारा आगामी वार्षिकोत्सव को लेकर विशेष बैठक आयोजित किया गया है। बैठक में लोगों से को बताया गया कि समाज में



व्याप्त कुरीतियों अव्यवस्था, अंधविश्वास और अशिक्षा के खिलाफ मुहिम चलानी होगी। मंच से जुड़े पूर्व मुखिया उपेंद्र यादव यादव ने श्रीकृष्ण चेतना मंच के वार्षिक उत्सव आयोजन को भव्य बनाने की तैयारी को लेकर विस्तार से सबों को अवगत कराते हुए अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया।साथ ही आगामी 6 सितंबर 2026 दरभंगा पोलो मैदान के पास प्रेक्षागृह, लहेरियासराय में होने वाला कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया गया। पाखंड अंधविश्वास से दूर होकर अपने बच्चों को शिक्षित करने एवं आपसी सामाजिक सद्भाव कायम करने हेतु वक्ताओं ने अपनी बात रखी।मौके पर श्री कृष्ण चेतना मंच के उपाध्यक्ष रामविलास यादव, संयुक्त सचिव शिक्षाविद डॉ.शिवकिशोर राय,अशोक कुमार राय,लाल बाबू यादव,विरल यादव, उपेंद्र महतो, मनोज राय, कवींद्र यादव, गंगा विष्णु राय,राम राजी यादव अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### शंभु अगेही को मरणोपरांत बज्जीरत्न सारस्वत शिखर सम्मान से किया सम्मानित

**दरभंगा।** हिन्दी, भोजपुरी एवं बज्जिका के शीर्षस्थ साहित्यकार प्रो ( डा) उमाकांत वर्मा का जन्मशताब्दी समारोह जयप्रकाश इवनिंग कालेज में मनाया गया । इस अवसर पर दरभंगा के शंभु अगेही को मरणोपरांत बज्जीरत्न सारस्वत शिखर सम्मान से सम्मानित किया। शंभु अगेही नामित यह सम्मान उनके पुत्र अमिताभ कुमार सिन्हा ने विशिष्ट अतिथि माननीय राजकुमार , पटना उच्च न्यायलय, पटना एवं कार्यक्रम अध्यक्ष संजय वर्मा से सम्मान ग्रहण किया।ज्ञात हो कि इस अवसर पर हिन्दी समाहार मंच, दरभंगा के उपाध्यक्ष डा सतीश चन्द्र भगत, मंच के सचिव अमिताभ कुमार सिन्हा एवं हिन्दी बज्जिका के चर्चित साहित्यकार ई राणा ब्रजेश को बज्जि रत्न शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। हिन्दी समाहार मंच के उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष विनोद कुमार लाल, कोषाध्यक्ष सूबेदार नन्द किशोर साहु , संगठन सचिव आशीष अकिंचन, संयुक्त सचिव महाकांत प्रसाद, मुश्ताक एकबाल, प्रचार सचिव अतुल कुमार मिश्र , वरिष्ठ साहित्यकार कार हीरा लाल सहनी, विश्वनाथ ठाकुर, डौली कुमारी, शंभु नारायण चौधरी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।



# न्यायायिक सेवा में भी संस्कृत के लिए होगा प्रयास : न्यायाधीश

## संस्कृत कार्यक्रमों से परम्पराओं को मिलता है बल : प्रभारी कुलपति

**दरभंगा(एनएसबी)।** संस्कृत विश्वविद्यालय में जारी संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम के छठे दिन 30 अगस्त को दरबार हॉल में वृहत स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलाकारों की प्रस्तुति अब्वल दर्जे की थी। आगन्तुक अतिथियों ने विश्वविद्यालय के साथ साथ प्रस्तुतियों को काफी सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी कुलपति प्रो. दिलीप कुमार झा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, संस्कार और परंपराओं से जोड़ना भी है। गीत, नाटक और अभिनय के माध्यम से संस्कृत साहित्य में निहित जीवन-मूल्यों, सामाजिक संदेशों तथा नैतिक आदर्शों को सहज एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सकता है। वहीं स्तोत्र-पाठ के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना, अनुशासन एवं भारतीय वाङ्मय की भावभूमि से विद्यार्थियों का परिचय होता है। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकान्त ने बताया कि विश्वविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीतम्, नाटकम्, स्तोत्र-पाठ, अभिनय सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत की समृद्ध परंपरा को जीवंत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, भागलपुर के मा. प्रशान्त कुमार झा ने संस्कृत व संस्कृति पर विस्तार से विचार रखा। उन्होंने कहा कि संस्कृत देवभाषा है। उनका प्रयास होगा कि इसका उपयोग न्यायिक सेवा में भी हो। साथ ही उन्होंने परिवार में भी इसे अपनाने की भरपूर इच्छा जताई। न्यायाधीश श्री कुमार ने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रमों का विशेष महत्व है। यहां संस्कृत का अध्ययन केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यवहार, कला, अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक चेतना से जुड़ता है। विशिष्ट अतिथि जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, दरभंगा के चन्दन कुमार ने कहा कि कला व संस्कृति के क्षेत्र में दरभंगा का सर्वोच्च स्थान रहा है। मंच पर संस्कृत में संवाद व सम्बोधन बेशक प्रसंशनीय है। सारस्वत अतिथि एल.एन.एम.यू., दरभंगा के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकान्त झा ने संस्कृत व संस्कृति को विस्तार से परिभाषित किया। उन्होंने उपाकर्म की क्रिया की प्रसंशा की। वहीं, सारस्वत अतिथि बी.बी.यू. केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के सहायक प्राध्यापक डॉ. विपिन कुमार झा ने कहा कि कार्यक्रम में प्रस्तुत नाटकों और अभिनय के माध्यम से विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से सामने रखा। गीतम् और स्तोत्र-पाठ ने वातावरण को भावपूर्ण एवं संस्कृतमय बना दिया। प्रस्तुतियों को देखकर उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। डॉ सुधीर कुमार के संयोजन में यह सांस्कृतिक आयोजन संस्कृत भाषा, भारतीय संस्कृति और युवा प्रतिभा के सुंदर समन्वय का उदाहरण बना। मुख्य अतिथि सम्मान आयोजन समिति सदस्य डॉ. रामसेवक झा ने किया।स्नातकोत्तर ज्योतिष विभाग के छात्र विश्वमोहन झा ने वैदिक मंगलाचरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की संचालिका सहायक प्राचर्या डॉ साधना शर्मा थी जबकि सत्र संयोजक का भार सहायकप्राचार्य डॉ. कमलेन्द्र चक्रपाणि के जिम्मे था। वहीं सहसञ्चालक डॉ. रामसेवक झा थे। बता दें कि करीब बीस तरह की विधाओं में प्रस्तुति दी गयी।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं अन्य

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में शानदार रही प्रस्तुति**

# राज दरभंगा के द्वारा ऐतिहासिक मंदिरों के जीर्णोद्धार का लगातार हो रहा कार्य

## माधवेश्वर प्रांगण मे स्थित मंदिरों के जीर्णोद्धार के बाद समारोह का आयोजन आज

**दरभंगा(एनएसबी)।** सनातन धर्म के रक्षा के लिए दरभंगा के युवराज कुमार कपिलेश्वर सिंह के नेतृत्व में लगातार मंदिरों के जीणोद्धार एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे है। इसी क्रम मे कामेश्वर धार्मिक न्यास के ट्रस्टी कुमार राजेश्वर सिंह एवं कुमार कपिलेश्वर सिंह के सौजन्य से ऐतिहासिक मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में माधवेश्वर प्रांगण कामेश्वरनगर मे 31 अगस्त को श्री श्री 108 मां रूद्रेश्वरी काली मंदिर एवं श्री श्री 108 कामेश्वरी श्यामा मंदिर का जीर्णोद्धार के उपरांत जीर्णोद्धार समापन समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूजा आरती एवं हवन के बाद मंदिर जीर्णोद्धार समापन समारोह का आयोजन होगा जिसमें कुमार कपिलेश्वर सिंह, कविता कुमारी सिंह एवं कुमार अरिहंत सिंह शामिल होंगे। शहर के कई गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी राज दरभंगा के प्रबंधक ने दी। ज्ञात हो की इससे पूर्व इसी परिसर स्थित तारा मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया था। कामेश्वर धार्मिक न्यास अंतर्गत देश-विदेश में जितने भी मंदिर हैं सभी के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण की तैयारी कुमार राजेश्वर सिंह एवं कुमार कपिलेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में चल रही है। श्री श्री 108 मां रूद्रेश्वरी काली मंदिर का निर्माण 1852 ईस्वी में महाराज महेश्वर सिंह ने किया था। जिसके जीर्णोद्धार के लिए पिछले दिनों कुमार राजेश्वर सिंह एवं कुमार कपिलेश्वर सिंह ने पूजा अर्चना कर इसकी शुरूआत की थी। इस अवसर पर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर को काफी खूबसूरत ढंग से सजाया गया है। अब तक इस परिसर में तीन मंदिरों का जीणोद्धार किया गया है। यह सभी मंदिर राज परिवार के सदस्यों के चिता पर अवस्थित है।


श्री श्री 108 मां रूद्रेश्वरी काली मंदिर


कुमार राजेश्वर सिंह एवं कुमार कपिलेश्वर सिंह (फाइल फोटो)

# विकसित भारत के मजबूत संकल्प का प्रेरणा है मन की बातः डा. गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा(एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात में हर घर तिरंगा अभियान की चर्चा राष्ट्र गौरव का संदेश है तथा विकसित भारत के संकल्प का प्रमाण भी। पीएम के मन की बात में नशामुक्ति अभियान की चर्चा को युवा पीढ़ी को आत्मसात करनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने दरभंगा संसदीय क्षेत्र के हनुमाननगर प्रखंड के गोदाईपट्टी शक्ति केंद्र पर प्रधानमंत्री के मन की बात के 137 वें संस्करण का श्रवण करने के बाद उपरोक्त बातें कही है। सांसद ने प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने मनकी बात में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारतह्न, वोकल फॉर लोकल और सूर्यपथ तिरंगाह्न के माध्यम से युवा शक्ति, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्रप्रेम का जिस तरह से प्रेरक संदेश दिया वह ऐतिहासिक है।



**सांसद डा ठाकुर ने पीएम के**

मन की बात से विकसित भारत के संकल्प को मिल रही निरंतर नई ऊर्जा को एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों के गौरव का विषय बताते हुए कहा कि आने वाले समय में पीएम की बात का संदेश एक उदाहरण साबित होगा।इस मौके पर स्थानीय मंडल अध्यक्ष रामाज्ञा चौधरी सहित अन्य सैकड़ों एनडीए के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अलीनगर के नरमा में पप्पू सिंह के नेतृत्व में सुना गया प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम

**अलीनगर(एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बातह्नके 137वें संस्करण को आज अलीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अधलोआम ग्राम स्थित बूथ संख्या 131 पर विधानसभा संयोजक सुजित चौधरी के आवास पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों के साथ सुना गया।इस अवसर पर दरभंगा पूर्वी जिला भाजपा के महामंत्री संजय सिंह ह्यपप्पू सिंहह्न ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम देशवासियों को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सरोकार और विकास के विभिन्न पहलुओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन चुका है। कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे सकारात्मक कार्यो, नवाचारों और जनभागीदारी की प्रेरक जानकारी प्राप्त होती है।संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचारों और मार्गदर्शन से देश के विकास में आम नागरिकों की भागीदारी को निरंतर प्रोत्साहन मिल रहा है। ह्यमन की बातह्न केवल एक संवाद कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को राष्ट्रहित के कार्यों से जुड़ने की प्रेरणा देने वाला अभियान है।इस अवसर पर अलीनगर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रकाश सहनी, महामंत्री संजय झा, पंचायत अध्यक्ष शशिनाथ झा, अश्विनी सारंगी, बौआ झा सहित भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


मन की बात सुनते संजय सिंह ह्यपप्पू सिंहह्न

### स्नातकोत्तर सेकेंड सेमेस्टर सत्र 2025-27 का परीक्षा परिणाम घोषित

**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी के आदेश से स्नातकोत्तर सेकेंड सेमेस्टर सत्र 2025-27 के विज्ञान, कला एवं वाणिज्य का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। घोषित परिणाम के अनुसार विज्ञान में 93 प्रतिशत कला में 94 प्रतिशत तथा वाणिज्य में 95 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित किए गए। परीक्षा परिणाम के अनुसार विज्ञान में चार प्रतिशत छात्र प्रमोटेड तथा मात्र तीन प्रतिशत छात्र अनुत्तीर्ण हुए। कला में चार प्रतिशत छात्र प्रमोटेड तथा मात्र दो प्रतिशत अनुत्तीर्ण हुए। वहीं वाणिज्य में मात्र दो प्रतिशत प्रमोटेड तथा तीन प्रतिशत छात्र अनुत्तीर्ण घोषित किए गए। परीक्षा परिणाम की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने छात्र- छात्राओं को कहा कि विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर का सत्र पूर्णतः नियमित चल रहा है। सत्र नियमितीकरण के लिए कुलपति ने परीक्षा नियंत्रक तथा उनकी पूरी टीम की सराहना करते हुए बधाई दी।

### शिक्षा मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने बद्री पूर्वे के यहां सुनी मन की बात

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न के 137वें संस्करण को दरभंगा पश्चिमी जिला के सदर मंडल अंतर्गत बद्री नगर में पार्टी कार्यकताओं एवं आम लोगों के साथ बैठकर सुना। इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी प्रधानमंत्री के संबोधन को तन्मयता से सुना। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम देश के करोड़ों लोगों को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन चुका है। ह्यनशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारतह्न, ह्यवोकल फॉर लोकलह्न और ह्यसूर्यपथ तिरंगाह्न जैसे अभियानों के माध्यम से युवा शक्ति, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्रप्रेम का प्रेरक संदेश दिया है। इस अवसर पर दरभंगा पश्चिमी के ज़िलाध्यक्ष डा. आदित्य नारायण चौधरी ह्लमन्नाह्ल, भाजपा के वरिष्ठ नेता बद्री पूर्वे, कृष्णकांत ठाकुर, सुमन कुमार ठाकुर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।


शिक्षा मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के साथ बद्री पूर्वे

# कायस्थ समाज के महापुरुषों का देश के नवनिर्माण में अमूल्य योगदान : अमरेश्वर चरण सिन्हा

## कायस्थ दर्शन' स्मारिका का लोकार्पण, 20 चित्रांशों को ह्यचित्रांश गौरव सम्मान',कायस्थ क्लब दरभंगा का स्थापना दिवस समारोह संपन्न

**दरभंगा(एनएसबी)।** कायस्थ क्लब, दरभंगा का स्थापना दिवस समारोह सीतायन विवाह भवन में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अमरेश्वरी चरण सिन्हा ने की। समारोह में क्लब की ओर से प्रकाशित स्मारिका ह्यकायस्थ दर्शनह्न का लोकार्पण किया गया तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चित्रांशों को ह्यचित्रांश गौरव सम्मानह्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री चित्रगुप्त के स्तवन एवं आरती से हुआ। श्रद्धा सुरभि ने भावपूर्ण स्वर में ह्यवंदे मातरम्ह्न गीत प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति एवं राष्ट्रीय चेतना से ओत-प्रोत कर दिया। प्रो. आशुतोष कुमार वर्मा के संपादन में प्रकाशित ह्यकायस्थ दर्शनह्न स्मारिका का लोकार्पण मंचासीन अतिथियों—राजेंद्र लाल दास, वरीय अधिवक्ता शंभुनाथ, अधिवक्ता महेश कुमार, डॉ. समीर कुमार वर्मा, डॉ. अमित कुमार अम्बस्ट, डॉ. शशि प्रभा, डॉ. मनीष कुमार प्रसाद, डॉ. जे. पी. कर्ण, डॉ. श्वेताभ वर्मा आदि ने संयुक्त रूप से किया। संतोष दिवाकर एवं आलोक कुमार के संयुक्त संचालन में आयोजित समारोह में कार्यक्रम संयोजक अभिषेक कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रो. समीर कुमार वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वस्थ, सकारात्मक एवं सांस्कृतिक वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कायस्थ क्लब के संयोजक शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि कायस्थ क्लब में सभी सदस्य समान दायित्व और समान सम्मान के अधिकारी हैं। क्लब किसी व्यक्ति विशेष को अध्यक्ष नहीं मानता, बल्कि अपने इष्टदेव भगवान श्री चित्रगुप्त को ही अपना मार्गदर्शक एवं अध्यक्ष मानकर कार्य करता है। अध्यक्षीय संबोधन में वरिष्ठ पत्रकार अमरेश्वरी चरण सिन्हा ने कहा कि कायस्थ केवल एक जाति नहीं, बल्कि भारत की विराट सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण एवं अभिन्न अंग है। कायस्थ समाज के महापुरुषों, साहित्यकारों, शिक्षाविदों, प्रशासकों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने देश के नवनिर्माण में अमूल्य योगदान दिया है। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए राजेंद्र लाल दास, शंभुनाथ, रामसजीवन प्रसाद वर्मा, उदय कुमार दास, ईश्वर चंद्र दत्त, चंद्रधर मल्लिक, अमिताभ कुमार सिन्हा, विभा कुमारी, अनुपमा कुमारी, अर्चना श्रीवास्तव, रमन कुमार सिन्हा, अजय किशोर, प्रशांत सौरभ, तनिष्का सिन्हा, रिचा, अदिति वर्मा, ऋतिक वर्मा, हर्षित मनीष सहित अन्य चित्रांशों को ह्यचित्रांश गौरव सम्मानह्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में सुरेंद्र कुमार, सुरेंद्र नाथ श्रीवास्तव, बसंत श्रीवास्तव, नवीन कुमार, अशोक कुमार श्रीवास्तव,प्रो राकेश रंजन, राजीव कुमार सिन्हा, जलज कुमार गोपी, नीरज कुमार चंदन , विवेक, संतोष कुमार सहित कायस्थ क्लब के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंशराज की सांगीतिक प्रस्तुति से श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। धन्यवाद ज्ञापन अखिलेश कुमार लाल ने किया।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि आयोजक एवं अन्य

## संक्षिप्त खबरें

### रेड क्रॉस सोसाइटी दरभंगा का निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा शिविर

**दरभंगा(एनएसबी)।** मानवता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाली अग्रणी संस्था रेड क्रॉस सोसाइटी, दरभंगा द्वारा श्री श्री 108 सलहेश बाबा पूजा के अवसर पर जगदीशपुर गनौली चौक पर निःशुल्क ह्यफर्स्ट एड सेंटरह्न की व्यवस्था की गई। यह सेवा शिविर संरक्षक प्रकाश रंजन सिंह की पहल पर, कमिटी के सदस्य




राजकुमार पासवान एवं तरुण मिश्रा के संयोजकत्व तथा डॉ. राम बाबू खेतान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर के माध्यम से पूजा में शामिल होने वाले लोगों को आवश्यक प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान कई लोगों का निःशुल्क उपचार किया गया।रेड क्रॉस की इस पहल ने एक बार फिर गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता एवं सद्भावना का संदेश दिया। इस सेवा कार्य में संस्था के सदस्य गोपाल ठाकुर, सिकंदर एवं मनमोहन कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। रेड क्रॉस सोसाइटी के राज्य प्रतिनिधि डॉ आर बी खेतान ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी, दरभंगा की यह पहल मानवता, सेवा और सामाजिक समरसता के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुना कार्यकर्ता

**मधुबनी (एनएसबी)।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला मिडिया प्रभारी मनोज कुमार मुन्ना ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की लोकप्रिय और मासिक कार्यक्रम मन की बात का 137 वां संस्करण अपने आवास पर श्रवण किया। मेरे प्रभार के अन्य बूथों पर कार्यकताओं द्वारा श्रवण के उपरांत युवा नेता मनोज कुमार मुन्ना ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि देश के कोने - कोने में हो रहें सकारात्मक बदलाव, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण की प्रेरक कहानियों से जुड़ने का माध्यम है। प्रधानमंत्री जी के विचारों को सुनकर सदैव नई ऊर्जा और जनसेवा के लिए प्रेरणा मिलती है। हम सभी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

### फायरिंग मामले में फरार एक आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/न(एनएसबी)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के पभेडा में घर के पास गली में जानलेवा हमला करने और फायरिंग मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसका नाम अजय कुमार पिता मिथलेश प्रसाद रेडबिगहा निवासी हैं। इस घटना के संदर्भ में बताया गया कि पीड़ित मनीष कुमार, पिता इंद्रजीत सिंह,पभेडा ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 16 अगस्त 2019 की रात करीब 8:30 बजे वह अपने घर के पास गली में खड़ा था, तभी एक बाइक पर सवार होकर दो ब्यक्ति आए। जिसमें विनय कुमार और अजय कुमार थे आरोप है कि बाइक पर पीछे बैठे विनय कुमार, पिता स्व. सुदेश प्रसाद ने जान मारने की नीयत से उस पर फायरिंग कर दी। पीड़ित के झुक जाने से गोली उसे नहीं लगी, बल्कि बगल में बंधी बकरी को जा लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।पुलिस ने इस मामले में अजय कुमार, पिता मिथिलेश प्रसाद, रेड़बिगहा को गिरफ्तार कर लिया है।

### बिजली चोरी करते पकड़ाया किसान, 56 हजार का जुर्माना

**मसौढ़ी(एनएसबी)।**भगवानगंज थाना क्षेत्र के रोहिलापर गांव में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान के दौरान एक किसान को चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया। कनीय विद्युत अभियंता ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जेईई रंजीत प्रसाद, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा मसौढ़ी-1 ने बताया कि सहायक अभियंता सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने दोपहर करीब 2:10 बजे रोहिलापर में कृषि परिसर की जांच की।जांच के दौरान रामजी प्रसाद (55), पिता स्व. नरेश यादव द्वारा बिना मीटर के सीधे छळ लाइन में टोका फंसाकर सर्विस तार से 2 ल्हढ का मोटर चलाकर खेती की पटवन की जा रही थी। मौके से चोरी में प्रयुक्त ढश्उ तार का कुछ हिस्सा काटकर जब्त किया गया।विभाग के अनुसार इस चोरी से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को लगभग 56,562 रुपये की राजस्व क्षति हुई है।भगवानगंज थानाध्यक्ष को भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई गई है।

### गांजा बिक्री का विरोध करने पर मारपीट

**मसौढ़ी/(एनएसबी)।**मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बैरीचक गांव की एक महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता अनीता कुमारी (30 वर्ष), पति सिकंदर यादव उर्फ बभना, ने थाने में दिए आवेदन में बताया है कि उसकी शादी वर्ष 2015 में हुई थी और उसके चार छोटे बच्चे हैं। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। महिला का आरोप है कि उसके घर में अवैध रूप से गांजा बेचा जाता है और बाहरी लोगों को पिलाया जाता है, जिसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती है। उसकी गोतनी समेत परिवार के अन्य सदस्य भी इसमें शामिल हैं। आवेदन के अनुसार 21 अगस्त को दोपहर करीब 1 बजे विरोध करने पर पति सिकंदर यादव, ससुर कृष्णा यादव व अन्य परिजनों ने एकजुट होकर उसके साथ मारपीट, गला दबाने और बाल खींचकर घर से बाहर निकालने का प्रयास किया। बीच-बचाव करने आए उसके बच्चों के साथ भी धक्का-मुक्की की गई।घटना के बाद पीड़िता अपने बच्चों के साथ अपने मायके अकबरपुर (नवादा) चली गई। बाद में परिजनों के साथ वह थाना पहुंची और लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### साहिबा ज्वेलर्स शो रूम का मंत्री, मुख्य पार्षद ने संयुक्त रूप से किया शुभारंभ

**खगौल/(एनएसबी)।** नगर स्थित आर्य समाज रोड, सोनार पट्टी में भव्य साहिब ज्वेलर्स शोरूम का किया गया उद्घाटन। माननीय सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, पूर्व विधायक श्याम रजक, मुख्य पार्षद सुजीत कुमार, आफताब आलम, पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार के द्वारा किया गया। साहिबा ज्वेलर्स के प्रोपराइटर संजय प्रसाद गुप्ता एवं शिवम कुमार गुप्ता ने बताया कि साहिबा ज्वेलर्स शोरूम खुलने से खगौल नगर वासियों बेहतर सुविधा मिलेगी वहीं सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि नए शो रूम द्वारा हर कस्टमर को उचित रेट पर सोने चांदी, हीरे, का सामान उचित मूल्य पर दिया जाएगा। है। संजय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि हमारे नए शो रूम हर शादी के हर सामान के लिए खगौल वासीयो को बाहर नहीं जाना पड़ेगा । वही प्रोपराइटर संजय प्रसाद गुप्ता ने बताया की शादी की हर छोटी बड़ी ज्वेलर्स यहां मिल जाएगी।।वही इस मौके पर अजय कुमार यादव, नगर मंडल अध्यक्ष अमन कुमार चन्द्रवंशी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव , अजय कुमार शर्मा, प्रीतम कुमार,बद्री नारायण , सुभाष नारायण, प्रकाश नारायण, प्रदीप मिश्रा, राजू कुमार,सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स, सहित अन्य गण्यमान लोग उपस्थित थे।

### मोकामा में ट्रेन में पर्स छिनतई करने वाला गिरफ्तार, आईफोन बरामद

**मोकामा (एनएसबी)।**रेल थाना पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में रविवार को ट्रेन में महिलाओं का पर्स झपटने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।रेल थानाध्यक्ष नीतीश कुमार और आरपीएफ निरीक्षक रविन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में रविवार देर रात हुई कार्रवाई में राघोपुर, बख्तियारपुर निवासी विनोद यादव के पुत्र अजय कुमार उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस के अनुसार, महाराष्ट्र के जलगांव निवासी अद्वैत हीरालाल पाटिल अपनी पत्नी के साथ 2 अगस्त को 15668 कामाख्या-गांधीधाम एक्सप्रेस से सफर कर रहे थे। इसी दौरान मोकामा स्टेशन के समीप एक झपटमार ने उनकी पत्नी का पर्स झपट लिया था। पीड़िता के पर्स में तीन मोबाइल फोन रखे हुए थे।मामले में अनुसंधान के बाद पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को एक आईफोन के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# दिव्यांगजनों के बीच मुफ्त सिलाई मशीन व मोटरेबुल ट्राई साइकिल का वितरण

**हनुमाननगर(एनएसबी)।** दिव्यांगो के विकास व आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए डा मोहन चौधरी मेमोरियल फांउडेशन कार्यालय गोदाईपट्टी में दिव्यांग महिलाओं के बीच सिलाई मशीन व कार्यालय पर दुर दुर से आए हुए सभी दिव्यांगों के बीच मोटरेबुल ट्राई साइकिल वितरण की गई। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में दरभंगा लोकसभा के सांसद डॉ.गोपाल जी ठाकुर उपस्थित होकर दिव्यांगों को सरकार द्वारा दिव्यांगों की विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किए एवं केंद्र सरकार द्वारा दरभंगा की बिकास के चल रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। वहीं संस्था के मुख्य ट्रस्टी मैनेजमेंट विजय कुमार चौधरी ने सांसद गोपाल जी ठाकुर से दिव्यांगों के लिए आयोग का गठन, हवाई यात्रा में रेलवे की तरह आरक्षण व रोजगार मुहैया करवाने की बात को रखा। बताते चलें की उक्त संस्था की ओर से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लेकर निरंतर स्वास्थ्य शीवीर ट्राई साइकिल वितरण अग्निकांड में पीड़ीत परिवारों के बीच राहत वितरण शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक किट का वितरण सहीत कई अहम जनकल्याणकारी शीवीर का आयोजन करते आ रहे है। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत प्रशाद गोदाईपट्टी पंचायत के पूर्व मुखिया इंजिला देवी रुपौली पंचायत के पूर्व पंचायत समिति कमलेश राम मोरो थानाध्यक्ष दिव्य ज्योति भाजपा कार्यसमिति विमला सिन्हा राजीव मिश्रा सहित सैकड़ों दिव्यांग उपस्थित थे।


ट्राई साइकिल का वितरण करते सांसद डॉ.गोपाल जी ठाकुर, विजय कुमार चौधरी व अन्य

### लोक कलाकार व संगीत शिक्षक शेखर सुमन को दी गई श्रद्धांजलि

**दिघवारा/एकमा (सारण) (एनएसबी)।** सदर प्रखंड के डोरीगंज स्थित बाल होनहार पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बिहार सिनेमा एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में नगरा प्रखंड के कोरेया उच्च विद्यालय के संगीत शिक्षक सह लोक कलाकार शेखर सुमन की आकस्मिक मृत्यु पर श्रद्धांजलि सह शोकसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्व. शेखर सुमन के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बताया गया कि लोक कलाकार सह संगीत शिक्षक शेखर सुमन की रेवाघाट पुल से नदी में गिरने के कारण मौत हो गई थी। उनके असामयिक निधन से कला एवं शिक्षा जगत में शोक की लहर है। श्रद्धांजलि सभा में बिहार सिनेमा एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष रजनीश कुमार, जिला सचिव डॉ. सुदर्शन प्रसाद यादव, प्रदेश संयोजक कौशल कुमार शर्मा, रौशन कुमार, रामएकबाल चौरसिया, शिक्षक अनिल मांझी, प्रियांशु कुमार, अनुराग कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जिला जनगणना हस्तपुस्तिका के आंकड़ा अपलोडिंग का काम पूरा

**छपरा/एकमा (सारण)(एनएसबी)।**भारत की जनगणना 2027 के तहत तैयार की जा रही जिला जनगणना हस्तपुस्तिका (डीसीएचबी) के आंकड़ा अपलोडिंग का कार्य निर्धारित समय-सीमा से एक दिन पहले पूरा कर लिया गया। जिला पदाधिकारी सह जिला जनगणना अधिकारी वैभव श्रीवास्तव के निर्देश पर जिले के 1735 राजस्व ग्रामों का डेटा 588 फील्ड फंक्शनरीज ने मोबाइल ऐप के माध्यम से पोर्टल पर सबमिट किया। यह कार्य जिले के कुल 30 शहरी एवं ग्रामीण चार्ज के अंतर्गत पूरा किया गया है। आंकड़ों की शुद्धता, प्रमाणिकता और गुणवत्ता की जांच का कार्य अब चार्ज अधिकारी स्तर पर शुरू किया गया है। इसी क्रम में जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार के सहायक निदेशक अंगद सिंह ने रविवार को सारण जिले का दौरा कर अपलोड किए गए आंकड़ों की समीक्षा की। उन्होंने एकमा बाजार नगर पंचायत, एकमा प्रखंड और मांझी नगर पंचायत चार्ज का निरीक्षण कर राजस्व ग्रामवार संकलित आंकड़ों के फाइनल सबमिशन की स्थिति देखी। सहायक निदेशक ने आंकड़ों के स्रोत की जांच करने के साथ वास्तविक आंकड़ों और पोर्टल पर अपलोड किए गए आंकड़ों का मिलान करने का निर्देश दिया। अंगद सिंह ने चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र पदाधिकारियों द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए प्रत्येक आंकड़े की क्रॉस चेकिंग कर उसकी प्रमाणिकता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जांच से संतुष्ट हुए बिना किसी भी डेटा को अंतिम रूप से अप्रूव नहीं किया जाए। उन्होंने बताया कि पहले चरण में चार्ज अधिकारी ग्रामवार डेटा को वर्ष 2011 के आंकड़ों से अंतर के आधार पर फिल्टर करेंगे। इसके बाद विभिन्न विभागों से प्राप्त आंकड़ों और पोर्टल पर अपलोड डेटा का मिलान किया जाएगा। दूसरे चरण में सभी अंतर एक साथ चिन्हित कर फील्ड फंक्शनरीज को रिवर्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रिवर्ट की प्रक्रिया केवल एक बार की जा सकती है। इसके बाद डेटा सीधे सर्वर पर चला जाएगा। इसलिए इस कार्य में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डीसीएचबी के आंकड़े भविष्य की योजनाओं, विकास कार्यों और प्रशासनिक जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण आधार होंगे। ऐसे में आंकड़ों की शुद्धता और विश्वसनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने चार्ज अधिकारियों को अंतिम अप्रूवल के संबंध में निदेशालय के निर्देश का इंतजार करने को कहा। डीसीओ सह जिला नोडल पदाधिकारी अदिति आनंद और सहयोगी पदाधिकारी आयुषी सिंह ने प्रत्येक चार्ज को दिल्ली से प्राप्त वर्किंग मैप पर स्थानीय जनसुविधाओं की इंडेक्स नंबरिंग के माध्यम से स्थलीय मार्किंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मैप पर मार्किंग का कार्य ग्राम एवं नगर निर्देशिका के डेटा की जांच के बाद ही किया जाए, ताकि त्रुटि की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। अधिकारियों ने कहा कि सारण के डीसीएचबी को शून्य त्रुटि के साथ आदर्श और उदाहरण के रूप में तैयार करने का लक्ष्य है। मौके पर एकमा बीडीओ डॉ. अरुण कुमार, नगर पंचायत एकमा बाजार के ईओ रमन राज व मांझी नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राहुल राज सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## सड़क हादसे में एसआई घायल

**छपरा (सारण)(एनएसबी)।** एकमा थाना में कार्यरत एसआई जय प्रकाश निरंजन रविवार को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार वे विभागीय प्रशिक्षण कार्य से जिला मुख्यालय स्थित छपरा कार्यालय गए थे। कार्य पूरा कर बाइक से एकमा लौटने के दौरान वे छपरा-सिवान नेशनल हाईवे 531 पर कोपा थाना क्षेत्र में स्थित कोपा बाजार और बसडीला गांव के बीच उनकी बाइक अचानक फिसल गई, जिससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने के बाद एंबुलेंस एवं एकमा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल एसआई को इलाज के लिए एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ विवेक कुमार प्रसाद ने स्वास्थ्य कर्मियों की मदद से उनका प्राथमिक उपचार किया। इलाज के दौरान उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद एकमा थाना पुलिस के अधिकारी एवं कर्मी घायल एसआई के बेहतर उपचार को लेकर अस्पताल पहुंचे और उनकी स्थिति की जानकारी ली।

## पंचायत चुनाव को लेकर लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन शुरू

**एकमा (सारण)/(एनएसबी)।** आगामी पंचायत चुनाव 2027 को लेकर जिला दंडाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण रौशन कुमार के संयुक्त आदेश के आलोक में एकमा थाना परिसर में लाइसेंसी हथियारों एवं अनुज्ञप्तियों का सत्यापन शुरू कर दिया गया है। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि पंचायत चुनाव को देखते हुए सभी लाइसेंसधारियों को अपने-अपने आर्म्स एवं लाइसेंस का सत्यापन 31 अगस्त तक हर हाल में करा लेना है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन चुनावी प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सत्यापन के पहले दिन पुलिस अधिकारी द्वारा 35 लाइसेंसी हथियारों एवं संबंधित अनुज्ञप्तियों का सत्यापन किया गया। उन्होंने सभी अनुज्ञप्तिधारियों से अपील की कि निर्धारित अवधि के भीतर एकमा थाना पहुंचकर अपने हथियार एवं लाइसेंस का सत्यापन करा लें, ताकि अंतिम समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस प्रशासन की ओर से सत्यापन कार्य को लेकर थाना परिसर में आवश्यक तैयारियां पूरी कर सत्यापन कार्य शुरू कर दिया गया है।



## नशा के खिलाफ चल रहे अभियान में साथ देगा मानवाधिकार सुरक्षा संगठन

### पंचायत स्तर तक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय

**दरभंगा(एनएसबी)।** भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन की मासिक बैठक रविवार को मब्बी एनएच-27 स्थित शिव गार्डन रिसोर्ट के सभागार में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता अधिवक्ता सह प्रमंडलीय अध्यक्ष मनोज कुमार कर्ण ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मौजूद रहे।बैठक में संगठन की मजबूती और सदस्यता अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज हित और राष्ट्र हित में कार्य करना है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मानवाधिकार क्या है और आम लोगों को इसका लाभ कैसे मिल सकता है, इसको लेकर पंचायत से लेकर जिला स्तर तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।वही बढ़ रहे सूखा नशा के कारोबार पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। दरभंगा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान में संगठन पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पंचायत-पंचायत में जागरूकता रैली निकालेगा।जिला उपाध्यक्ष संजय यादव नरेश कुमार, रोशन कुमार, रमेश कुमार, वीरेंद्र मंडल, अरविंद कुमार झा, राम नारायण चौधरी, रविंद्र कुमार दास, सेवरी देवी, पवन यादव, चंद्रकांत चौधरी, संजय कुमार, संतोष कांति, शशि कुमार निराला, वीरेंद्र प्रसाद यादव सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।



बैठक में भाग लेते पदाधिकारी एवं सदस्य

## संक्षिप्त खबरें

### 1.76 किलो गांजा बरामद, एक लाख रुपये के करीब आंकी गई कीमत

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लोकहा थाना पुलिस ने संध्या गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 1.76 किलोग्राम गांजा बरामद किया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 88 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना मिलने के बाद संध्या गश्ती के क्रम में विधिवत छापेमारी की गई, जिसमें मादक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद गांजा को विधिवत जब्त कर लिया है। मामले में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### अंचल के निर्देश पर खुद हटाया सड़क से अतिक्रमण

**मदना गांव के कृष्ण कुमार ने खाली कराकर सीओ को दी जानकारी**

**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के मदना गांव में अंचल प्रशासन के निर्देश के बाद सरकारी रास्ते से अतिक्रमण हटाने का मामला सामने आया है। गांव निवासी स्व. राम गुमला सिंह के पुत्र कृष्ण कुमार ने अंचल द्वारा जारी निर्देश के आलोक में अपने स्तर से सड़क को अतिक्रमणमुक्त कर इसकी जानकारी स्थानीय अंचल अधिकारी को दी है।

जानकारी के अनुसार, मदना गांव में कृष्ण कुमार सिंह द्वारा सरकारी रास्ते के हिस्से को अतिक्रमित कर आवागमन बाधित किए जाने की शिकायत अंचल प्रशासन को मिली थी। इसके बाद अंचल प्रशासन की ओर से सड़क से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था।

निर्देश मिलने के बाद कृष्ण कुमार ने स्वयं पहल करते हुए सड़क से अतिक्रमण हटा लिया। इसके बाद उन्होंने अंचल अधिकारी को इसकी जानकारी दी। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद रास्ते से लोगों के आवागमन में सुविधा होने की बात कही जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अतिक्रमण हटने से लोगों को राहत मिली है। वहीं अंचल प्रशासन की ओर से सरकारी जमीन एवं रास्ते को अतिक्रमणमुक्त रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### बालक वर्ग में राजनगर और बालिका वर्ग में दरभंगा की टीम बनी विजेता

**खजौली (एनएसबी)।** महात्मा गांधी स्मारक प्लस टू विद्यालय के परिसर में द सक्सेस कैंपस अकेडमी के तत्वावधान में बालक एवं बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विधिवत रूप से शुभारंभ प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा ने नारियल फोड़कर किया। इस दौरान प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों और कबड्डी देखने आए खेलप्रेमियों में उत्साह देखने लायक बन रहा थे। इस दौरान मुकाबला के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दिए। जहां बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला खजौली और राजनगर की टीम के बीच खेला गया। राजनगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता राजनगर टीम को कबड्डी कप के साथ 3100 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं उपविजेता टीम खजौली को । उपविजेता कप के साथ 1500 रुपए की पुरस्कार राशि दी गई।

वहीं बालिका वर्ग में दरभंगा और खजौली की टीम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने शुरूआत से ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया। अंत में दरभंगा की टीम ने बेहतर खेल दिखाते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। खजौली की टीम को उपविजेता से संतोष करना पड़ा। विजेता दरभंगा टीम को कप एवं 3100 रुपए, जबकि उपविजेता खजौली को कप एवं 1500 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वहीं प्रतियोगिता के दौरान मैदान पर खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। एक-दूसरे को चकमा देने और अंक हासिल करने के लिए खिलाड़ियों ने पूरी ताकत झोंक दी। मुकाबला देखने के लिए विद्यालय परिसर में खेलप्रेमियों की भीड़ जुटी रही। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान मैच रेफरी के भूमिका में शिक्षक जीबछ सिंह थे।इस मौके पर जीप सदस्य जितेंद्र कुमार भारती,एसआई राजेंद्र चौरसिया, फिरोज आलम, लोकेश कुमार, समाजसेवी सुमित सुमित कुमार सिंह, राणा नितिन सिंह, शंभुनाथ ठाकुर, अनीश झा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालक नीतीश कुमार, मनीष कुमार, उमेश कुमार, रोविन कुमार कृष्ण कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कार्यकताओं ने लगाया तिरंगा

**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड के सुक्की पंचायत में कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा रविवार को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा निकाला गया एवं घरों पर तिरंगा लगाया गया। पार्टी नेता उपेन्द्र यादव ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के निर्देश पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसकी शुरूआत आज सुक्की पंचायत



से की गई है। इस क्रम में सुक्की गांव में दो दर्जन से अधिक घरों पर तिरंगा लगाया गया। कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकताओं में उत्साह है। इस मौके पर पंचायत अध्यक्ष आलोक झा, सुशील झा, बालेश्वर पासवान, विशेश्वर झा, सदानंद झा, रामाशीष यादव, सुकदेव कैवार सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रसिद्ध समाजसेवी सरयूग सहनी के निधन पर एमएलसी घनश्याम ठाकुर ने जताया शोक

बेनीपट्टी (एनएसबी)। बेनीपट्टी विधानसभा क्षेत्र के एकतारा गांव निवासी, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं मछुआ सोसाइटी के पूर्व सचिव स्वर्गीय सरयूग सहनी के निधन पर विधान पारिषद सादस्या घानश्यामा ठाकुर ने गहरी शोक सांवेदना व्यक्त की। एमएलसी घानश्यामा ठाकुर रविवार को स्वर्गीया सरयूग सहनी के आवास पर पहुंचे और दिवंगत आत्मा को



श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरयूग सहनी का निधन बेनीपट्टी के सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति स्वर्गीय सहनी का समर्पण, सहज व्यवहार और सामाजिक सरोकारों के प्रति योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके निधन से समाज ने एक समर्पित, कर्मठ एवं सामाजिक रूप से सक्रिय व्यक्तित्व को खो दिया है। इस अवसर पर एमएलसी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों एवं शुभचिंतकों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# बिस्फी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के मन की बात का 137वां एपिसोड

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम के तहत देश को संबोधित किया गया, जिसे बिस्फी प्रखंड के स्थानीय भाजपा कार्यकताओं ने भी सुना। यह इस कार्यक्रम का 137 वां संस्करण था। उनका यह रेडियो कार्यक्रम सुबह 11 बजे से ऑल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो न्यूज और मोबाइल एप पर प्रसारित किया गया। बिस्फी मंडल मे तीसी गांव के बूथ संख्या 91 पर मधुबनी भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर यादव के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम बूथ स्तर के कार्यकताओं के साथ बैठकर सुने। मन की बात पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर यादव ने बूथ कार्यकताओं से संवाद करते हुए कहा की प्रधानमंत्री के मन की बात देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम में कभी राजनीति पर बात नहीं की,



मन की बात सुनते

उन्होंने हमेशा राष्ट्र की बात की समाज की बात की। ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम से हमें एक दिशा मिलती है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से ड्रग्स और नशे के खिलाफ रचनात्मक और सामाजिक अभियान चलाने की अपील की तथा देश को नशामुक्त बनाने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने सिनेमा जगत को याद करते हुए प्रसिद्ध बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार को उनकी कला और अभिनय के प्रति समर्पण के लिए याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं कार्यक्रम के दौरान देशवासियों के नए और इनोवेटिव विचारों तथा जन-भागीदारी के प्रयासों की सराहना की गई।

मौके पर बिस्फी मंडल भाजपा के अध्यक्ष एवं बीस सूत्री बिस्फी अध्यक्ष चंद्रजीत यादव, सिमरी मंडल भाजपा के अध्यक्ष सुभाष चंद्र झा,महामंत्री श्रवण यादव,शंभू ठाकुर जगवन मंडल के मंडल अध्यक्ष कन्हाई चंद्र झा हरिवंश यादव ने भी अपने अपने बूथ पर मन की बात सुनी . कार्यक्रम में राकेश पंडित, दिलीप मंडल, ललित कुमार, सत्यनारायण यादव सहित अन्य कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के मन की बात सुनकर काफी उत्साहित दिखे, कार्यकताओं ने कहा कि पीएम के मन की बात कार्यक्रम से उन्हें एक नई ऊर्जा मिलती है।

# सड़क निर्माण में बाधक अतिक्रमण को कराया गया खाली



अतिक्रमण खाली करता बुलडोजर

**बेनीपट्टी, (एनएसबी)।** बेनीपट्टी प्रखंड के कटैया गांव में शनिवार को सड़क निर्माण में बाधक बने अतिक्रमण को प्रशासन ने खाली कराया। सीओ अभिषेक आनंद, पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष अनूप कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। प्रशासन के अनुसार, अतिक्रमण करने वाले तीन लोगों को पूर्व में तीन नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिसके कारण सड़क निर्माण कार्य महीनों से बाधित था और ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमित हिस्से को हटाने के साथ सड़क किनारे बनी दीवार को भी तोड़ा गया। वहीं, तीसरे मकान के स्वामी के गांव में मौजूद नहीं रहने के कारण मकान के छज्जे एवं छत के ऊपर लगी रेलिंग को तोड़कर आंशिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई का विरोध कर रहे संबंधित लोगों ने प्रशासन से सात दिनों की मोहलत मांगी, लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण हटाने के लिए पहले ही पर्याप्त समय दिया जा चुका है। लोगों ने मोहलत नहीं दिए जाने को लेकर कोर्ट की शरण लेने की बात कही है।

# बरहा जागृति मंच के सौजन्य से कराया गया भव्य खेल प्रतियोगिता



पुरस्कृत करते संस्थान के सदस्य.

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के रघेपुरा पंचायत स्थित बरहा जागृति मंच के सौजन्य से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भव्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस खेल प्रतियोगिता में मैराथन दौड़, लंबी कूद सहित कई स्पर्धाए आयोजित की गई. जिसमें दूर-दूर के कई गांव से आए युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. इस मौके पर सेना एवं बिहार पुलिस में बहाल हुई सात युवाओं ने भी भाग लिया. जिसे जागृति मंच की ओर से पुरस्कृत की गई.वही

दौड़ प्रतियोगिता के विजेता मे प्रथमः मुकेश यादव जिरौल, द्वितीय अमित पासवान बेतोना, तृतीयः विकास दास लदौत को मिला. लंबी कूद प्रतियोगिता के विजेता मे प्रथम अमरेश कुमार रहिका, द्वितीय बसंत कुमार शिबॉल, तृतीय शिबू कुमार रहिका को मिला. सभी को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र सहित नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष दीपेंद्र कुमार झा ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन संस्थान के सचिव कल्याण झा व भास्कर झा ने की. इस मौके पर दीपक झा, रोशन यादव, शैलेश कुमार मिश्रा, गौतम चौधरी, दुखी पासवान, हरिओम ठाकुर, गणेश चौपाल, पंकज झा

## गांजा के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** बासोपट्टी थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर बासोपट्टी बाजार में विधिवत छापामारी कर 350 ग्राम गांजा मूल्य लगभग-17,500 रु, के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया गया हैं। बरामद मादक पदार्थ को विधिवत जब्त कर विधि-सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

## मध्य विद्यालय भटरा घाट में किया गया युथ एव इको क्लब का गठन

**बिस्फी (एनएसबी)।** एक पेड़ मां के नाम के तहत मध्य विद्यालय भटरा घाट में युको कल्ब का गठन किया गया. विद्यालय के सभागार मे प्रधानाध्यापक महेश यादव की अध्यक्षता में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं की बैठक आयोजित किया गया. बैठक में यूथ एवं इको क्लब का गठन सर्वसम्मति किया गया.जिसमे हरे रामकुमार, आशुतोष शर्मा, अंजनी कुमारी, कुमकुम कुमारी, दिलखुश कुमार, रूपेश कुमार, चंचल कुमारी, प्रिया कुमारी को शामिल किया गया.वही विद्यालय के सभी बच्चों ने सर्वसम्मति से यूथ एवं इको क्लब के नोडल शिक्षक के लिए संतोष मंडल ,विवेकानंद विकल, चंदेश्वर प्रसाद, नरेश कुमार निराला, रागिनी कुमारी का चयन किया गया. प्रधानाध्यापक महेश यादव ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामना दी. एक पेड़ मॉ के नाम कार्यक्रम के दौरान बच्चों से कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने की जरूरत है. पर्यावरण को एक धरोहर के रूप में संभाल कर रखने को कहा. ताकि हमारे आने वाली पीढ़ियां खुले और स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ रह सके. विद्यालय के सभी बच्चों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने, बिजली की खपत कम करने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, पानी का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करने एवं ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने का संकल्प एवं शपथ लिया.



उपस्थित यूथ क्लब के सदस्य

# संकट की घड़ी में महिलाओं का साथी बनेगा सखी वन स्टॉप सेंटर :डीएम

**मधुबनी (एनएसबी)।** महिलाओं की सुरक्षा, सहायता एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर, मधुबनी के नवनिर्मित भवन का शुभारंभ आज जिला पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके उपरांत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

उक्त अवसर पर आयोजित उन्मुखीकरण सभा का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा महिला एवं बाल विकास निगम के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली, उद्देश्य एवं महिलाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि सखी वन स्टॉप सेंटर का मुख्य उद्देश्य हिंसा एवं विभिन्न प्रकार के संकट से प्रभावित महिलाओं को एक ही छत के नीचे आवश्यक सहायता एवं सेवाएं उपलब्ध कराना है। जिला पदाधिकारी ने जिले की सभी महिलाओं को संदेश देते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की समस्या अथवा संकट की स्थिति में बिना किसी संकोच के सखी वन स्टॉप सेंटर से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने विशेष रूप से घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, मानव तस्करी अथवा अन्य किसी प्रकार की हिंसा से प्रभावित महिलाओं से उपलब्ध सरकारी सहायता सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीड़ित एवं संकटग्रस्त महिलाओं को




उद्घाटन करते जिला अधिकारी

चिकित्सीय सहायता, कानूनी सहायता, पुलिस सहायता, एफआईआर/डीआईआर दर्ज कराने में सहयोग, मनो-सामाजिक परामर्श तथा आवश्यकतानुसार अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। नवनिर्मित भवन के शुभारंभ से जिले की महिलाओं को सहायता एवं आवश्यक सेवाएं प्राप्त करने में और अधिक सुविधा होगी। साथ ही, महिलाओं के बीच उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा उनके लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी यह केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सखी वन स्टॉप सेंटर महिलाओं की सुरक्षा, सहायता और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं महिला एवं बाल विकास निगम की टीम ने केंद्र के माध्यम से जिले की अधिकाधिक महिलाओं तक सहायता एवं जागरूकता पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आनंद शर्मा, जिला पदाधिकारी, मधुबनी; शिवम धाकड़, पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, मधुबनी, रश्मि, सहायक आरक्षी अधीक्षक, मधुबनी; ज्योति रानी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डॉ० ललिता कुमारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस)- सह - नोडल पदाधिकारी, महिला विकास निगम, मधुबनी; अंजनी कुमार झा, जिला मिशन समन्वयक, , मधुबनी; स्मित प्रतीक सिन्हा, जिला समन्वयक, सक्षम आंगनवाड़ी एवं मिशन पोषण 2.0, मधुबनी; शिवराम मेहरा, लैंगिक विशेषज्ञ, , मधुबनी, सुषमा कुमारी, केंद्र प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर, मधुबनी; साइना मिर्जा, केंद्र प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर, झंझारपुर, मधुबनी; पारस कुमार, लेखा सहायक, महिला विकास निगम, मधुबनी; दीपशिखा सिंह, परामर्शी, वन स्टॉप केंद्र, झंझारपुर एवं महिला एवं बाल विकास निगम की पूरी टीम उपस्थित रही।अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा संपन्न की गई। कार्यक्रम का संचालन अंजनी कुमार झा, जिला कार्यक्रम समन्वयक, , मधुबनी के द्वारा किया गया।

**बेलसंड विधायक अमित रानू की बढ़ती जा रही मुश्किलें मुजफ्फरपुर में दर्ज हुए 2 और नए केस, अबतक दर्ज 28 में से 10 मामलों में नामजद**

# विधायक के साथ अंचलाधिकारी व कर्मचारी पर भी कार्रवाई की लटकी तलवार

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सीतामढ़ी जिले के बेलसंड विधानसभा से विधायक अमित रानू की कानूनी मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। मुजफ्फरपुर में विधायक अमित रानू पर जमीन विवाद से जुड़े दो और नए केस दर्ज हुए हैं। अबतक दर्ज 28 मामलों में विधायक का नाम सामने आया है, वहीं 10 मामलों में वे नामजद किए गए हैं।

वहीं, अहियापुर थाना क्षेत्र के झपहां उदनडीह गांव में चहारदीवारी और अर्धनिर्मित मकानों को तोड़े जाने से जुड़े आठ पुराने मामलों को अब विशेष सांसद विधायक न्यायलय में स्थानांतरित कर दिया गया है। शनिवार को इस मामले में तीन पीढ़ितों के बयान भी अदालत में दर्ज किए गए। अहियापुर थाना क्षेत्र के शहबाजपुर सलेम गांव में करीब 15 करोड़ रुपये मूल्य की जमीन से जुड़े मामले में विधायक अमित कुमार रानू समेत आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में विधायक के भाई अभिनव कुमार और मुशहरी के तत्कालीन/संबंधित सीओ महेंद्र शुक्ला समेत अन्य लोगों को भी नामजद किया गया है। यह मामला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सेवानिवृत्त अवर सचिव विजय कुमार की ओर से की गई शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। आरोप है कि उनके दादा योगेंद्र शाही के नाम दर्ज खतियानी जमीन को फर्जी दस्तावेज और कथित फर्जी केवाला के जरिए अपने नाम कराने का प्रयास किया गया। इसके बाद जमीन का दाखिल-खारिज कराने की कोशिश भी किए जाने का आरोप लगाया गया है। बताया गया है


बेलसंड विधायक अमित कुमार रानू के साथ सीओ की भी बढ़ी मुश्किलें।

कि मामले की जांच जिला प्रशासन के स्तर पर भी की गई थी। डीएम और एडीएम की जांच में कथित दस्तावेजी गड़बड़ी सामने आने के बाद प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई हुई। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही होगी। पुलिस मामले में आरोपों और दस्तावेजों की जांच कर रही है। दूसरा मामला ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र से सामने आया है।

कृष्णाटोली निवासी आशा देवी ने विधायक अमित रानू समेत पांच लोगों के खिलाफ 31 लाख रुपये की राशि नहीं देने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, वर्ष 2022 में सात डिसमिल जमीन का सौदा करीब 35 लाख रुपये में तय हुआ था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि रजिस्ट्री के समय केवल चार लाख रुपये का भुगतान किया गया, जबकि बाकी 31 लाख रुपये अब तक नहीं दिए गए। इस मामले में विधायक के भाई सोनू सिंह, कार्तिक कुमार, राहुल कुमार और उज्ज्वल कुमार को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है और लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है।

उधर, अहियापुर के झपहां उदनडीह गांव में चहारदीवारी और अर्धनिर्मित मकानों को तोड़े जाने की घटनाओं को लेकर दर्ज मामलों में भी अब न्यायिक प्रक्रिया तेज हो गई है। इस घटना से जुड़े कुल 27 मामलों में से 10 मामलों में विधायक अमित रानू नामजद हैं। इनमें से आठ मामले अब तक मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में लंबित थे। अब इन सभी मामलों को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम (पूर्वी) पंकज कुमार तिवारी की विशेष MP-MLA अदालत में स्थानांतरित कर दिया गया है। शनिवार को अदालत में तीन पीड़ितों अमित कुमार, हरेंद्र कुमार यादव और पैक्स अध्यक्ष राजा कुमार के बयान दर्ज किए गए। अदालत ने इन बयानों को सीलबंद सुरक्षित रखा है।

विधायक और उनके करीबियों से जुड़े मामलों में पुलिस की कार्रवाई भी तेज होती दिखाई दे रही है। पुलिस ने अबतक कई स्थानों पर छापेमारी की है। विधायक के सीतामढ़ी स्थित बेलसंड कार्यालय से हथियार के साथ दो आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। इसके अलावा अहियापुर के अयाची ग्राम से पुलिस ने एक कथित शराब कारोबारी को 273 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया था। इन मामलों में पुलिस अब तक 7 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। पुलिस के मुताबिक, विधायक, उनके रिश्तेदारों और करीबियों से जुड़े करीब एक दर्जन ठिकानों पर छापेमारी की जा चुकी है। वहीं, मामले से जुड़े तीन प्रमुख गवाहों के बयान भी अदालत में दर्ज कराए गए हैं।

मुजफ्फरपुर में विधायक अमित रानू से जुड़े मामलों में जमीन धोखाधड़ी, कथित फर्जी दस्तावेज, जबरन कब्जा और तोड़फोड़ जैसे आरोप सामने आए हैं। लगातार नई प्राथमिकी दर्ज होने और पुराने मामलों के विशेष एमपी एमएलए कोर्ट में जाने से इन मामलों की न्यायिक प्रक्रिया महत्वपूर्ण हो गई है। फिलहाल पुलिस अलग-अलग मामलों में आरोपों, दस्तावेजों और संबंधित लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत अब बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने की तैयारी, 3 लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जिला कमिटी, प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों का चयन किया जा चुका है। अब संगठन को प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए पार्टी संकल्पित है। उक्त बातें मुजफ्फरपुर पूर्वी संगठन प्रभारी सह प्रदेश महासचिव अमित हिसारिया ने रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, तिलक मैदान में कार्यकताओं कि बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। पार्टी का लक्ष्य है कि संगठन की पहुंच प्रत्येक पंचायत और बूथ तक हो तथा आम कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। इस क्रम में मुजफ्फरपुर संगठन प्रभारी अमित हिसारिया एवं जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने गायघाट प्रखंड निवासी चिकित्सक डॉ अंकित कुमार झा, डॉ. परवेज प्रिंस एवं रमाशंकर पासवान को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई। मौके पर पूर्व नगर विधायक विजेन्द्र चौधरी, प्रवक्ता समीर कुमार, चौधरी राशिद हुसैन, दिनबंधु क्रांतिकारी, संजय साहू, केदार सिंह पटेल, डॉ शंभू राम, अमिताभ शरण पुट्टू, रिजवान अहमद एजाजी, दिलीप चौधरी, मनोज सिंह, ललित यादव, विकास कुमार टुल्लू, अमरेन्द्र चौधरी, रविशंकर राय, लक्ष्मण ठाकुर, रामप्रवेश पाल, मोजक्कीर रहमान, आदित्य पासवान, मो आमिर, सीमा सरोज, सविता श्रीवास्तव, खुर्शीद आलम, अलख निरंजन शर्मा, सबिहुल हसन, लालबाबू, फैजाने मुस्तफा, रितेश आनंद, अशफाक अहमद डब्बू सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डॉ महेंद्र मधुकर के उपन्यास देवराज इन्द्र का हुआ लोकार्पण

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मिठनपुरा स्थित मंजुलप्रिया के सभागार में मदर टेरेसा विद्यापीठ, मृणाल कला मंच, प्रस्तावना विचार गोष्ठी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जाने-माने साहित्यकार डॉ महेंद्र मधुकर के उपन्यास देवराज इन्द्र का लोकार्पण हुआ। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ संजय पंकज ने कहा कि साहित्य की समस्त विधाओं में दायित्वपूर्ण लेखन करने वाले मधुकर जी एक रससिद्ध, भाषा वैभव संपन्न बड़े कवि गीतकार हैं। इनके कई महत्वपूर्ण और चर्चित उपन्यासों के बाद इस उपन्यास का आना साहित्य के लिए अति विशिष्ट और महत्वपूर्ण है। विषय वैविध्य इनके उपन्यासों में सार्थकता और व्यापकता के साथ हैं। डॉ पंकज ने कहा कि देवराज इन्द्र उपन्यास सांस्कृतिक बोध की पौराणिक कथा होकर भी आधुनिक है। सत्ता का स्वभाव शंकालु और डरपोक होता है। इन्द्र सत्ता की ऐषणा और मदांधता से ग्रस्त हैं। शौर्य उनके व्यक्तित्व में भरपूर है, मगर भोग की अतिलिप्सा


डॉ महेंद्र मधुकर की नव रचित उपन्यास का लोकार्पण करते अतिथिगण।

उनकी छवि को क्षीण करती है। लोकार्पण उत्सव के अध्यक्ष डॉ रिपुसूदन श्रीवास्तव ने अपने उद्गार में कहा कि मधुकर जी का यह उपन्यास अपने कथ्य और शिल्प के कारण लोकप्रिय होगा। परिवेश और वातावरण का सम्मोहक चित्रण इसकी विशेषता है। डॉ पूनम सिन्हा ने कहा कि इस उपन्यास में मानव और प्रकृति का सामंजस्यपूर्ण संबंध स्थापित है। लेखक ने सारे पात्रों के साथ न्याय किया है। डॉ पूनम सिंह ने कहा कि स्त्री चेतना की नई उड़ान उपन्यास को समय सजग बनाती है। अपने भावोद्गार में डॉ महेंद्र मधुकर ने कहा कि देवताओं के राजा इंद्र के विर्सगति भरे हृदय में स्त्रियों के विद्रोह से परिवर्तन का आख्यान यह उपन्यास सनातन का ऐश्वर्यपूर्ण दर्शन है। दूसरे सत्र में कविगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें संजय पंकज, पूनम सिन्हा, श्रवण कुमार, पूनम सिंह, अनीता सिंह, सविता राज, चांदनी समर, उदय नारायण सिंह, लोकनाथ मिश्र, आकांक्षा ने अपनी विविध भावों की रचनाओं का सुमधुर पाठ किया। मौके पर कुमार विभूति, सुरेश कुमार गुप्ता, मिलन दास, मौली दास, मानस दास, आरती कुमारी आदि उपस्थित थे। संचालन संजय पंकज तथा धन्यवाद ज्ञापन सतीश चंद्र झा ने किया।

### मुजफ्फरपुर के स्केटर्स ने फर्स्ट बिहार स्केट गेम्स 2026 में बढ़ाया जिले का मान

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** तिरहुत शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, झपहाँ में रविवार को आयोजित प्रथम बिहार स्केट गेम्स 2026 में पूरे बिहार से लगभग 250 खिलाड़ियों ने




हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर ओम स्केटिंग अकादमी एवं यूथ स्केटिंग अकादमी के कुल 22 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन कर कुल 9 पदक अपने नाम किए और मुजफ्फरपुर जिले का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता मे शामिल पदक विजेता खिलाड़ी नित्यंत सिंह ने गोल्ड मेडल, उत्कर्ष आनंद, आर्वी आनंद, जानवी शर्मा एवं आयुष कुमार ने सिल्वर मेडल तथा हृद्या अग्रवाल, अनुपम आनंद, अर्नब गुप्ता एवं गुड्डू कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल शामिल रहे। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं खेलप्रेमियों ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अरविंद कुमार एवं अंकित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

**नेपाल की भारी बारिश से नदियों में ऊफान, वाल्मीकिनगर बैराज से 1.72 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया**

# बिहार में फिर मंडराया बाढ़ का खतरा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** नेपाल और उसके पहाड़ी व तराई क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बिहार पर एक बार फिर बड़े बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। रविवार को पश्चिमी चंपारण स्थित वाल्मीकिनगर गंडक बैराज से लगातार बढ़ती मात्रा में पानी छोड़ा गया। शाम पांच बजे तक बैराज से 1.72 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा चुका था। पानी के लगातार बढ़ते डिस्चार्ज को देखते हुए गंडक नदी के किनारे बसे जिलों में प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

बताया जा रहा है कि बीते दिनों नेपाल में ग्लेशियर टूटने के बाद आई बाढ़ से बिहार पर उत्पन्न खतरा तत्काल टल गया था, लेकिन नेपाल में दोबारा शुरू हुई तेज बारिश ने उत्तर बिहार की नदियों में पानी का दबाव बढ़ा दिया है। गंडक और कोसी नदी के किनारे बसे जिले बाढ़ की दृष्टि से बेहद संवेदनशील माने जाते हैं। इन क्षेत्रों में पहले भी बाढ़ के कारण बड़े पैमाने पर जान-माल और फसलों का नुकसान हो चुका है। जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार वाल्मीकिनगर गंडक बैराज से पानी का डिस्चार्ज रविवार को लगातार बढ़ता गया। रात 11 बजे 1,37,560 क्यूसेक, दोपहर 12 बजे 1,38,700 क्यूसेक, एक बजे 1,44,800 क्यूसेक, दो बजे 1,50,200 क्यूसेक, तीन बजे 1,52,900 क्यूसेक, चार बजे 1,63,800 क्यूसेक और शाम पांच बजे तक 1,72,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण गंडक नदी के जलस्तर पर भी दबाव बढ़ रहा है और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी तेज कर दी गई है। जल


गंडक मे पानी छोड़े जाने से बढ़ा खतरा।

संसाधन विभाग ने वाल्मीकिनगर से पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, वैशाली और सारण के निचले इलाकों तथा दियारा क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। पश्चिमी चंपारण के बगहा समेत कई प्रखंडों के अलावा पूर्वी चंपारण के संवेदनशील इलाकों और गोपालगंज में भी प्रशासन को स्थिति पर नजर रखने को कहा गया है। नेपाल में लगातार हो रही बारिश का असर केवल गंडक नदी पर ही नहीं, बल्कि उत्तर बिहार की अन्य नदियों पर भी पड़ रहा है।

बूढ़ी गंडक, बागमती, अधवारा समूह, कमला समेत कई नदियों और उनकी सहायक धाराओं में जलस्तर बढ़ने की आशंका है। सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर समेत कई जिलों में प्रशासन को सतर्क रहने को कहा गया है। जल संसाधन विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें लगातार स्थिति की निगरानी कर रही हैं। नदी के जलस्तर और बैराज से छोड़े जा रहे पानी की मात्रा पर नजर रखी जा रही है। प्रशासन की ओर से नदी किनारे और दियारा क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने तथा किसी भी तरह की चेतावनी मिलने पर सुरक्षित स्थानों की ओर जाने के लिए तैयार रहने की अपील की गई है।

## बैरिया में बस ने स्कूटी सवार मां-बेटे को रौंदा, मां की मौत



**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** अहियापुर थाना क्षेत्र में बैरिया बस स्टैंड के पास रविवार को एक तेज रफ्तार निजी बस ने स्कूटी सवार मां-बेटे को जबरदस्त टक्कर मार दी। इस घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा बाल-बाल बच गया। घटना के दौरान बस चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। मृतका की पहचान कटरा थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी तशरफ बेगम के रूप में हुई है. हादसे के समय वह अपने बेटे मोहम्मद मुन्ना के साथ स्कूटी से बसैठा स्थित एक रिश्तेदार के घर जा रही थीं।

मिली जानकारी के अनुसार मां-बेटे स्कूटी से बैरिया बस स्टैंड के पास पहुंचे थे. इसी दौरान पीछे से आ रही ह्राराज बस सर्विसह्व की एक निजी यात्री बस ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला सड़क पर गिर गईं और बस की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वही घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई। वही घटना के बाद मौके पर आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई।इसी अफरा तफरी के बीच अवसर देखकर बस चालक गाड़ी लेकर भागने मे सफल हो गया। मामले की जानकारी मिलते हीं अहियापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं पुलिस ने मृतका के परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के दौरान बाल बाल बचा मृतका के पुत्र मो मुन्ना ने बताया कि वह अपनी मां के साथ स्कूटी से रिश्तेदार के घर जा रहे थे, इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार बस ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसा इतना अचानक हुआ कि उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला और उनकी मां बस की चपेट में आ गईं। घटना की पुष्टि करते हुए एसडीपीओ टू विनीता सिन्हा ने बताया कि घटना को अंजाम देकर गाड़ी फरार हुए चालक कि पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे है। साथ हीं घटना को अंजाम देकर फरार हुए 'राज बस सर्विस' के बस और चालक की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

## एसकेएमसीएच के पास होटल की आड़ में चल रहा था फर्जी नर्सिंग होम, छापेमारी के बाद होटल सील

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** एसकेएमसीएच के पास होटल की आड़ में मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ करने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। होटल के बेसमेंट और सबसे ऊपरी मंजिल पर कथित तौर पर बिना वैध कागजात के फर्जी नर्सिंग होम संचालित किया जा रहा था। बाहर से यह जगह सामान्य होटल जैसी दिखती थी, लेकिन अंदर अस्पताल जैसी व्यवस्था और कई बेड पर भर्ती मरीज मिले। गुप्त सूचना पर शनिवार को एसडीओ पूर्वी आनंद उत्सव ने पुलिस बल के साथ उक्त ठिकाने पर अचानक छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक टीम को होटल के कमरों में कई मरीज भर्ती मिले। आरोप है कि यहां बिना वैध लाइसेंस और विशेषज्ञ चिकित्सकों के मरीजों का इलाज किया जा रहा था। मौके की स्थिति देखकर छापेमारी टीम भी हैरान रह गई।


होटल मे चल रहे फर्जी अस्पताल मे छापामारी करती पुलिस।

प्रशासनिक जांच में यह भी जानकारी सामने आई कि कथित गिरोह के सदस्य सरकारी अस्पताल के आसपास सक्रिय रहते थे। आरोप है कि वे वहां आने वाले गरीब और जरूरतमंद मरीजों को सस्ते एवं बेहतर इलाज का झांसा देकर अपने जाल में फंसाते और फिर उन्हें इस कथित फर्जी नर्सिंग होम में ले जाते थे। छापेमारी के दौरान मौके से फर्जी लेटर पैड, दवाइयां और विभिन्न चिकित्सा दस्तावेज बरामद किए गए हैं। प्रशासन अब बरामद सामान और दस्तावेजों की जांच कर रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओ पूर्वी ने बिना वैध कागजात संचालित किए जा रहे होटल सह कथित फर्जी अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। हालांकि, प्रशासनिक टीम के पहुंचने की भनक लगते ही संचालक और अन्य कर्मचारी मौके से फरार हो गए। इसके चलते तत्काल किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। एसडीओ पूर्वी आनंद उत्सव ने स्पष्ट किया है कि मरीजों की जिंदगी और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर फरार संचालक और अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई करेगी।

## हत्या के आरोपित ने फंदा लगाकर दी जान, गिरफ्तारी के लिए पहुंची थी पुलिस

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सीतामढ़ी जिले के मेजरगंज थाना क्षेत्र में 10 वर्षीय बालक की हत्या के मामले में नामजद मुख्य आरोपित प्रकाश भगत ने साहेबगंज में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह परसा सदन का रहने वाला था और पुलिस से बचने के लिए साहेबगंज में छिपकर रह रहा था।

घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, बालक हत्याकांड में फरार चल रहे प्रकाश भगत की गिरफ्तारी के लिए मेजरगंज थाना पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि हत्याकांड का नामजद आरोपित साहेबगंज में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर मेजरगंज पुलिस की टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए साहेबगंज पहुंची। बताया जा रहा है कि पुलिस की संभावित घेराबंदी और गिरफ्तारी की भनक लगने के बाद प्रकाश भगत ने कथित तौर पर फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की।

पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। वहीं, 10 वर्षीय बालक की हत्या के मामले में आरोपित की मौत के बाद मेजरगंज पुलिस की जांच भी नए सिरे से महत्वपूर्ण हो गई है।

# प्रेमचंद जयंती समारोह समिति ने आयोजित की विविध प्रतियोगिताएं

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मेहनत की लूट सबसे खतरनाक नहीं होती, पुलिस की मार सबसे खतरनाक नहीं होती, गद्दारी-लोभ की मुट्ठी सबसे खतरनाक नहीं होती, सबसे खतरनाक होता है मुर्दा शांति से मर जाना, न होना तड़प का सब सहन कर जाना..। प्रतिभागी बच्चे अवतार सिंह पाश की कविता को जब पढ़ रहे थे लगा जैसे उन्होंने निर्णायक मंडल को ही कटघरे में खड़ा कर दिया हो।

मौका था रविवार को स्थानीय जिला स्कूल सभागार में प्रेमचंद जयंती समारोह समिति द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने आए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों द्वारा अपनी प्रतिभा की प्रस्तुति का। प्रतिभागी छात्रों ने काव्य पाठ एवं गीत के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियों में महादेवी वर्मा, दुष्यंत कुमार, गोपाल दास


निबंध, चित्रांकन, सामान्य ज्ञान विज्ञान एवं क्वीज प्रतियोगिता मे शामिल स्कूली बच्चे।

नीरज, नागार्जुन, फैज अहमद फैज,डॉ शांति सुमन, बी प्रशांत आदि की रचनाओं को सुना कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं प्रतिभागियों ने अभिभाषण, निबंध, चित्रांकन, सामान्य ज्ञान विज्ञान एवं क्वीज में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। यह आयोजन प्रेमचंद जयंती समारोह समिति द्वारा प्रेमचंद जयंती समारोह 2026 के दूसरे चरण के तहत किया गया था। इसमें शिशु से लेकर दशम तक के छात्र-छात्राओं के बीच उपर्युक्त विधाओं में अलग-अलग ग्रुपों में जिला स्तरीय अंतर विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**स्कूली बच्चों ने अपनी मनवाया लोहा**

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ कुमार विरल, रविंद्र सिंह, डॉ आरती कुमारी, महफूज अहमद आरिफ, उदय नारायण सिंह, बीके चौधरी, के.पी. सिंह, मनोज कुमार, डॉ सिंधुबाला, रचना मिश्रा, शशिभूषण चौधरी, रीना कुमारी, बैजू कुमार, सविता राज, वीरेंद्र कुमार, चंदन कुमार, शिवराज भक्त, निर्मल कुमार, श्रवन कुमार, मीरा कुमारी, उम्मूल फातिमा, चांदनी समर, सुमित्रा कुमारी, गौरव ज्ञान, आस्था दीपाली, शिवा चौधरी, ज्योति कुमारी, विकास कुमार आदि थे। वहीं कार्यक्रम के संचालन में समिति के मुख्य संरक्षक प्रोफेसर विजय कुमार जायसवाल, अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार, सचिव अमन कुमार झा, जानकी नन्दन शर्मा, कुंदन कुमार, अर्जुन कुमार, डॉ पंकज कर्ण का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता कार्यक्रम को सफल बनाने में आशुतोष कुमार, अरविंद कुमार, शिव कुमार यादव, विजय कुमार, कुमोद राम, विजय राम, प्रेम कुमार राम, शत्रुघ्न महतो, अभिषेक कुमार, नागेंद्र कुमार, संजना, शिवानी, आदित्य कुमार, गणेश कुमार, तरन्नुम खातून, स्वाति ठाकुर, आरफा जिया आदि की महती भूमिका रही। जयंती समारोह के तीसरे एवं अंतिम चरण में 27 सितंबर 2026 को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

सीतामढ़ी में आपदा मंत्री ने की बाढ़ पूर्व तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक, दिए कई आवश्यक निर्देश

# सीतामढ़ी जिले में बाढ़ की स्थिति नहीं, फिर भी अलर्ट मोड में रहें संबंधित विभाग : मंत्री


बाढ़ पूर्व तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक करते आपदा मंत्री रत्नेश सदा व उपस्थित अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री की अध्यक्षता में रविवार को विमर्श सभा कक्ष में बाढ़ पूर्व तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में पीपीटी के माध्यम से अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन बृजकिशोर पांडेय ने अभी तक की गई तैयारियों की अद्यतन स्थिति से मंत्री को अवगत कराया गया।

मंत्री के द्वारा उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों एवं तकनीकी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी संवेदनशील स्थलों पर सतत निगरानी रखें एवं लगातार मॉनिटरिंग करें। उन्होंने बागमती प्रमंडल सीतामढ़ी एवं रून्नी सैदपुर के अभियंताओं से एवं जल निस्सरण विभाग के अभियंताओं से अब तक की गई तैयारी की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ के मद्देनजर सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में मंत्री ने सीमावर्ती क्षेत्रों की स्थिति, तटबंधों की सुरक्षा, जलस्तर और संभावित बाढ़ को लेकर किए गए इंतजामों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले में बाढ़ की स्थिति नहीं है, फिर भी संभावित परिस्थितियों को देखते हुए पूरी तरह अलर्ट मोड में रहें। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपनी तैयारियों को निरंतर अद्यतन रखें। तटबंधों, बांधों एवं कटाव संभावित स्थलों की लगातार निगरानी सुनिश्चित की जाए।

संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में नाव, मोटरबोट एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित रखें। राहत एवं बचाव कार्य के लिए मानव बल और आवश्यक उपकरणों को तैयार अवस्था में रखा जाए। संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविरों की पहचान एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को पहले से सुनिश्चित किया जाए। इस संबंध में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, पीएचईडी, कृषि, विद्युत, जल संसाधन तथा अन्य विभागों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर जमीनी स्थिति का जायजा लेने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने को कहा।

समीक्षा के दौरान मंत्री ने बताया कि फिलहाल सीतामढ़ी में कहीं भी बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है और सभी जगह स्थिति सामान्य है हालांकि, नेपाल में आई आपदा को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बैठक में एसपी अमित रंजन, डीडीसी श्वेता भारती, एडीएम संजीव कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, डीपीआरओ कमल सिंह, सभी सीओ, सभी एसडीओ सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं तकनीकी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महावीरी झंडा को लेकर बैरगनिया थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक


महावीरी झंडा को लेकर शांति समिति की बैठक में अधिकारी, समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि व अन्य।

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** महावीरी झंडा को लेकर बैरगनिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बीडीओ सुनील कुमार गौड़ की अध्यक्षता में हुई है जिसमें पर्व को शांति सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने का निर्णय लिया गया है। बैठक में पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने, जुलूस के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गिरी, अपर थानाध्यक्ष अनुराग कुमार, एसआई दिवाकर कुमार, एएसआई दिनेश पासवान, नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी प्रभात कुमार पाल, नगर परिषद के उपसभापति धीरज कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष म. बसीर अंसारी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, पूर्व मुखिया विजय प्रसाद, उमेश चंद्र जायसवाल, प्रो. राजकुमार सिंह, पंकज कुमार रमण, तनवीर अली खान, दीपलाल पासवान बघेला सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। अधिकारियों ने समिति के सदस्यों से सभी अखाड़ा को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ जुलूस निकालने,झंडा मनाने में सहयोग की अपील की। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट रूप में कहा कि किसी भी तरह के अफवाह, उपद्रव, माहौल को बिगाड़ने की कोशिश करने वालों की खैर नहीं रहेगी। प्रशासन ने यह भी कहा कि पुलिस शराब के धंधेबाजों पर लगातार शिकंजा कसती आ रही है,पर्व पर शराबी को भी नहीं बख्शा जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नकली न्यायिक स्टांप मामले में अदालत का कड़ा रुख, जेल में बंद तीन मुख्य आरोपितों की जमानत खारिज

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कोर्ट परिसर में कथित फजीर्वाड़े और सरकारी राजस्व को चूना लगाने से जुड़े बहुचर्चित नकली न्यायिक स्टांप बिक्री मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) की अदालत ने जेल में बंद तीन मुख्य आरोपितों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत के इस फैसले के बाद मामले में आरोपितों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जमानत नहीं मिलने के कारण तीनों आरोपितों को फिलहाल न्यायिक हिरासत में ही रहना होगा। नकली न्यायिक स्टांप की बिक्री का मामला सामने आने के बाद से ही न्यायिक परिसर और प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। मामले में फर्जी न्यायिक स्टांप के जरिए सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने और न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेजों में कथित हेरफेर के आरोपों की जांच की जा रही है। पुलिस की जांच में सामने आए तथ्यों और मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अदालत ने तीनों आरोपितों को जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत के इस आदेश को मामले में महत्वपूर्ण कार्रवाई माना जा रहा है। अब जांच एजेंसियों की आगे की कार्रवाई और मामले से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच पर नजर बनी हुई है।

### 2126 बोतल नेपाली सौफी शराब जप्त

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्थानीय पुलिस ने नेपाल से पांच साइकल पर लाई गई  2126 बोतल नेपाली शराब को जप्त किया है जबकि धंधेबाज फरार होने में सफल हो गए है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि पांच साइकिल पर शराब के कारोबारी नेपाली से शराब की खेप लेकर बैरगनिया क्षेत्र में पहुँच रहे है, पुलिस त्वरित करवाई करते हुए नन्दबारा पेट्रोल पंप के पीछे से उक्त साइकल सहित शराब की खेप को जप्त किया। साइकिलों पर लदी 1766 बोतल नेपाली देसी रिलैक्स सौफी एवं 360 पीस नेपाली सौफी कुल 2126 बोतल शराब बरामद किया। पुलिस ने बरामद शराब और पांचों साइकिलों को जप्त कर थाने ले आई है। फरार धंधेबाजों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### लघु उद्योग रोजगार, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का आधार : भीमसेरिया

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया ने लघु उद्योग दिवस पर उत्तर बिहार सहित देश के सभी लघु उद्यमियों, व्यवसायियों एवं उद्योग जगत से जुड़े लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि रोजगार, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, स्थानीय संसाधनों के उपयोग तथा युवाओं में उद्यमिता की भावना विकसित करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि सरल ऋण, आधुनिक तकनीक, बेहतर बाजार, प्रशिक्षण एवं सरकारी सहयोग मिलने से लघु उद्योग देश के आर्थिक विकास में और प्रभावी योगदान दे सकते हैं। श्री भीमसेरिया ने कहा कि उत्तर बिहार में खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, कृषि आधारित उद्योग, वस्त्र एवं सेवा क्षेत्र में रोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने आह्वान किया कि लघु उद्योगों को मजबूत कर रोजगार बढ़ाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें।


उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया।

### मुजफ्फरपुर में ईसीएचएस से संबद्ध नेत्र अस्पताल नहीं, पूर्व सैनिकों ने जताई चिंता

**कांटी(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर जिले में ईसीएचएस से संबद्ध कोई नेत्र अस्पताल नहीं होने के कारण पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को हो रही परेशानी का मुद्दा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की कांटी शाखा की मासिक बैठक में प्रमुखता से उठाया गया।कांटी अंचल के कुशी ग्राम हरपुर होरिल में पूर्व नौ सैनिक रमेश कुमार सिंह के आवासीय परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता शाखाध्यक्ष रविंद्र ठाकुर ने की। बैठक में उपस्थित पूर्व सैनिकों ने कहा कि आंखों से संबंधित उपचार के लिए ईसीएचएस लाभार्थियों को मुजफ्फरपुर से बाहर जाना पड़ता है। खासकर बुजुर्ग पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए यह काफी परेशानी एवं असुविधा का कारण बन रहा है। शाखाध्यक्ष रविंद्र ठाकुर ने कहा कि मुजफ्फरपुर में किसी अच्छे नेत्र अस्पताल को ईसीएचएस के पैनल में शामिल कराया जाना पूर्व सैनिकों की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस संबंध में जिला एवं प्रांतीय संगठन से विचार-विमर्श कर मामले को उचित स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि संबंधित स्तर पर पहल कर इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा।बैठक में पूर्व सैनिकों की अन्य समस्याओं, संगठनात्मक गतिविधियों तथा संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। मौके पर रविंद्र ठाकुर, लखन देव ठाकुर, उमेश ठाकुर, शिवकुमार सिंह, उमेश प्रसाद ठाकुर, परमानंद प्रसाद गुप्ता, रमेश कुमार सिंह, बिंदेश्वरी ठाकुर, विनोद कुमार सिंह, नंदकिशोर ठाकुर, किसलय किशोर ठाकुर, प्रेम किशोर ठाकुर, जितेंद्र कुमार ठाकुर, इंद्र मोहन ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।



## अखिल भारतीय साहित्य परिषद की सीतामढ़ी इकाई की बैठक सह काव्यगोष्ठी

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को स्थानीय प्रेस क्लब में काव्यगोष्ठी सह बैठक का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की सीतामढ़ी इकाई के तत्वावधान में आयोजित बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष मुरलीधर झा मधुकर व संचालन वरीय साहित्यकार सत्येंद्र मिश्र ने किया।

मौके पर पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम साहित्यकार सम्मान समारोह को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही संगठन द्वारा प्रस्तावित अन्य कार्यक्रमों को लेकर विशेष चर्चा की गई। आगामी 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर और 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। उक्त दोनों कार्यक्रम में 10 साहित्यकार और 10 शिक्षा क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों को संगठन द्वारा सम्मानित करने को लेकर विमर्श किया गया। मौके पर प्रज्ञा प्रवाह के जिला संयोजक अन्वेश कुमार को संगठन की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगठन के संरक्षक बच्चा प्रसाद विह्वल की अध्यक्षता में आयोजित के गोष्ठी का श्रीगणेश आचार्य धीरेंद्र झा माणिक्य की प्रस्तुति " निशाचर हैं भ्रमण करते बदल कर रूप हर युग मे ..." से की गई। राजेन्द्र साहनी ने " गीता एक गीत हैं, यह मानव धर्म की रीढ़ हैं..." और रामचंद्र दास जानकी शरण ने " मैंने अपना धर्म निभाया, रावण बध कर तुझे बचाया...। " संगठन मंत्री वाल्मीकि कुमार ' प्रखर ' ने " शब्दों का समंदर यहाँ अब सूखने को हैं... और जिलाध्यक्ष मुरलीधर झा मधुकर ने " हैं नफरत का तिमिर घना, आओ मिलकर करें साधना... प्रस्तुत की। वरीय साहित्यकार सत्येंद्र मिश्र ने " मिलजुल सियासत की रोटी कमाए, चलों दोस्तो एक पार्टी बनाए...। वहीं संरक्षक बच्चा प्रसाद विह्वल ने " हसीन जलवा तुम्हारी हैं, जमाना हमारा हैं... प्रस्तुत कर तालिया बटोरी।


बैठक में प्रज्ञा प्रवाह के जिला संयोजक अन्वेश कुमार को सम्मानित करते परिषद के पदाधिकारी।

## मंदिर की 17 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री का मुद्दा गरमाया, धार्मिक न्यास पर्षद ने डीएम से मांगी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के मुशहरी प्रखंड के भीखनपुर गांव में देवी-देवताओं के नाम दर्ज करीब 17 एकड़ 0.43 डिसमिल बेशकीमती जमीन की कथित अवैध खरीद-बिक्री और हस्तांतरण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन से तत्काल विस्तृत जांच रिपोर्ट तलब की है। पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने इस संबंध में जिला पदाधिकारी को औपचारिक पत्र भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। बताया गया है कि जमीन से जुड़े विवाद और कथित अवैध हस्तांतरण को लेकर पूर्व में मुशहरी के अंचल अधिकारी से रिपोर्ट मांगी गई थी, लेकिन रिपोर्ट अब तक परिषद को उपलब्ध नहीं कराई गई। रिपोर्ट नहीं मिलने को गंभीरता से लेते हुए अब धार्मिक न्यास परिषद ने सीधे जिला पदाधिकारी से हस्तक्षेप कर मामले की जांच कराने को कहा है। पर्षद ने जांच के दौरान भीखनपुर गांव स्थित देवी देवताओं की जमीन के खाता, खेसरा और रकबा का मिलान पंजी-02 में दर्ज अभिलेखों से कराने को कहा है। इसके साथ ही किसी वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी की निगरानी में स्थल निरीक्षण कर राजस्व अभिलेखों और जमीन से जुड़े अन्य दस्तावेजों की गहन जांच कराने का निर्देश दिया गया है। जांच में मंदिर के वर्तमान प्रबंधन की स्थिति, धार्मिक गतिविधियों, मंदिर की वार्षिक आय और वर्तमान में उपलब्ध संपत्तियों का भी विस्तृत ब्योरा तैयार करने को कहा गया है। इससे यह स्पष्ट किया जा सकेगा कि मंदिर और देवी-देवताओं के नाम दर्ज जमीन की वास्तविक स्थिति क्या है तथा जमीन के संबंध में किस स्तर पर अनियमितता हुई। धार्मिक न्यास पर्षद ने डीएम को निर्देश दिया है कि किसी वरीय अधिकारी से पूरे मामले की जांच कराकर विस्तृत जांच आख्या जल्द पर्षद को उपलब्ध कराई जाए, ताकि जमीन की कथित अवैध खरीद-बिक्री में शामिल लोगों की भूमिका सामने आने पर उनके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## रानी सती मंदिर में भाद्रपद अमावस्या महोत्सव को लेकर समिति की बैठक

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** श्री रानी सती मंदिर में आयोजित होने वाले बहुचर्चित एवं बहुप्रतीक्षित भाद्रपद अमावस्या महोत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार को कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रमेश झुनझुनवाला ने की, जबकि महामंत्री श्रवण सराफ ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारियों पर सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा की।

बैठक में बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भाद्रपद अमावस्या का दो दिवसीय आयोजन धूमधाम एवं धार्मिक उत्साह के साथ किया जाएगा। महोत्सव का आयोजन 10 सितंबर, गुरुवार एवं 11 सितंबर, शुक्रवार को होगा। इस दौरान मंदिर में होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यकारिणी के सदस्यों ने महोत्सव की तैयारियों, श्रद्धालुओं की सुविधा, आयोजन की व्यवस्था सहित विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। बैठक में सभी सदस्यों से आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। बैठक में शंभुनाथ बंका, प्रभात बंका, जय प्रकाश सराफ, राम गोपाल जालान, सुशील सिंघानिया, राजकुमार सराफ, प्रदीप तुलस्यान, रमेश चौधरी, सौरव केडिया, श्याम सराफ, समीर तुलस्यान, अमित तुलस्यान, नितिन ढांढरिया, श्याम सुंदर टिबरेवाल, केशव तुलस्यान, मोनू बंका, सुरेश अग्रवाल, अरुण पोद्दार, प्रकाश केजरीवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे सो रहे युवक पर चढ़ाया ट्रक पैर टूटा, मदद की गुहार पर भी नहीं मिली सहायता

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** अहियापुर थाना क्षेत्र के भीखनपुर इलाके में सड़क किनारे सो रहे एक युवक के ऊपर कथित तौर पर ट्रक चढ़ा देने का मामला सामने आया है। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि घायल अवस्था में मदद की गुहार लगाने के बावजूद वाहन सवार ने उसकी सहायता करने के बजाय उसके साथ मारपीट की और उसे सड़क किनारे स्थित गड्ढे में फेंक दिया। बाद में ग्रामीणों की नजर पड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक की पहचान 38 वर्षीय शंकर सहनी के रूप में हुई है। शंकर ने बताया कि वह देर रात काम करने के बाद पास के पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे सो गए थे। अहले सुबह आसपास रहने वाले कुछ लोगों ने कथित तौर पर उनके ऊपर ट्रक चढ़ा दिया। हादसे में उनका पैर टूट गया और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।

शंकर के अनुसार, हादसे के बाद वह दर्द से कराहते हुए मदद के लिए पुकारते रहे, लेकिन आरोप है कि कोई उनकी सहायता के लिए आगे नहीं आया। इसके बाद उन्हें सड़क किनारे एक गड्ढे में फेंक दिया गया। चोट के कारण उनकी चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। परिजनों में घटना को लेकर काफी आक्रोश है। घायल शंकर ने बताया कि उनके पूरे शरीर में चोट लगी है और पैर टूट गया है। घटना को लेकर श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपी प्रभारी ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। पीड़ित का जल्द बयान दर्ज किया जाएगा। बयान और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घायल का इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।


लापता युवक का फाइल फोटो।

## रेवा पुल से उफनती गंडक नदी में युवक ने लगाई छलांग, तलाश में जुटी पुलिस

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सरैया थाना क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक 22 वर्षीय युवक ने रेवा घाट स्थित पुल से उफनती गंडक नदी में छलांग लगा दी। नदी में कूदने से पहले युवक ने अपनी रॉयल एनफील्ड हंटर बाइक पुल के पास खड़ी की और जियो एजेंसी में काम करने वाले एक स्टाफ को फोन कर मौके पर बुलाया था। स्टाफ के पहुंचते ही युवक ने अचानक नदी में छलांग लगा दी। युवक को नदी में छलांग लगाते देख स्टाफ उसे बचाने के लिए दौड़ा, लेकिन गंडक नदी के तेज बहाव के कारण युवक देखते ही देखते पानी में बह गया। काफी प्रयास के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नदी में युवक की तलाश शुरू कराई। लापता युवक की पहचान वैशाली जिले के बेलवर गांव निवासी मनोज कुमार साह के 22 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार साह के रूप में हुई है। अभिषेक सरैया बाजार के पास जियो एजेंसी चलाता था। शनिवार को उसने अपनी एजेंसी में काम करने वाले एक स्टाफ को फोन कर रेवा घाट स्थित पुल पर बुलाया था। स्टाफ के पुल पर पहुंचने पर उसने देखा कि अभिषेक की रॉयल एनफील्ड हंटर बाइक पुल से कुछ कदम पहले खड़ी थी। बाइक में चाबी लगी हुई थी और पास में ही अभिषेक का मोबाइल फोन भी रखा था। इसी दौरान अभिषेक ने अचानक उफनती गंडक नदी में छलांग लगा दी। पुलिस युवक के नदी में डूबने के कारणों की जांच कर रही है। फिलहाल नदी के तेज बहाव के बीच अभिषेक की तलाश जारी है।


लापता युवक का फाइल फोटो।

## डॉ. इन्दल सिंह नवीन की स्मृति में कुशवाहा संघ ने लगाया रक्तदान शिविर

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीतामढ़ी कुशवाहा संघ के तत्वावधान में रविवार को इंडियन रेड क्रॉस, सीतामढ़ी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कुशवाहा समाज के प्रख्यात शिक्षाविद्, साहित्यकार, समाजवादी विचारक एवं सामाजिक न्याय के लिए सदैव संघर्षरत रहे स्वर्गीय डॉ. (प्रो.) इन्दल सिंह नवीन की स्मृति को समर्पित रहा।

संघ के अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में समाज के अनेक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। रक्तदान करने वालों में अनीश कुमार (सहायक प्राध्यापक, स्वास्थ्य विभाग), मुस्कान कुमारी, राजा कुमार, ऋषि राज गोलू, संजीव कुमार (सीआरपीएफ), रणवीर कुमार (ज्योति जांच घर) सहित कई रक्तवीर शामिल रहे।



शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता, आयोजक संस्था के पदाधिकारी व अन्य।

इंडियन रेड क्रॉस के सचिव राजेश कुमार सुंदरका ने रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। संघ की ओर से रेड क्रॉस के जीवेश जी के महत्वपूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर रविन्द्र सिंह (सेना), डॉ. विजय कुमार, रविन्द्र प्रसाद कुशवाहा, समाजसेवी आलोक, श्याम सुंदर (सर्वे विभाग), सोनू कुमार, नीरज कुशवाहा, पंकज कुमार, सरयूग कुमार, दीपक कुमार (सहायक प्राध्यापक), ललन कुमार, पिंटू कुमार, विजय कुमार, अमन कुमार, रौशन कुमार (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया), अमित कुमार (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया), राजू कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। संघ के सह-कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि रक्तदान करने वाले प्रत्येक रक्तवीर को संघ की ओर से प्रमाण-पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया गया तथा मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया।

उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी कुशवाहा संघ ने प्रत्येक माह पांच से दस यूनिट रक्त जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। विशेष रूप से ऐसे असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों की मदद की जाएगी, जो स्वयं रक्त की व्यवस्था करने में सक्षम नहीं हैं। संघ का यह अभियान सामाजिक सेवा के साथ-साथ मानवता के प्रति जिम्मेदारी निभाने की दिशा में निरंतर जारी रहेगा।

## सम्पादकीय

# पर्यावरण संकट से निपटने की साझा राह दिखा रहा भारत

जलवायु परिवर्तन अब किसी एक देश की समस्या नहीं रह गई है। बढ़ता वैश्विक तापमान, जंगलों में लगती आग, जैव विविधता का लगातार क्षरण, जल संकट और प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ता दबाव पूरी दुनिया के सामने गंभीर चुनौती बनकर खड़ा है। ऐसे समय में इन समस्याओं का समाधान केवल राष्ट्रीय स्तर के प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए देशों के बीच सहयोग, अनुभवों का आदान-प्रदान, तकनीकी साझेदारी और साझा रणनीति जरूरी है। इसी दिशा में भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के तहत नई दिल्ली में हुई वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक को महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा सकता है।

भारत मंडपम में आयोजित पर्यावरण कार्य समूह तथा जलवायु परिवर्तन एवं सतत विकास पर संपर्क समूह की बैठक में ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी प्राथमिकताओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात समेत सदस्य देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी ने यह स्पष्ट किया कि पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान को लेकर बहुपक्षीय सहयोग की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। ब्रिक्स का स्वरूप पिछले दो दशकों में केवल आर्थिक सहयोग के मंच तक सीमित नहीं रहा है। बदलती वैश्विक परिस्थितियों में यह मंच विकास, जलवायु, ऊर्जा, पर्यावरण, संसाधन प्रबंधन और सतत विकास जैसे व्यापक विषयों पर संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। प्रदूषण, जैव विविधता की क्षति और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियां सीमाओं को नहीं मानतीं। इसलिए इनका मुकाबला भी सीमाओं से ऊपर उठकर करना होगा। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की इस वर्ष की थीम 'सुदृढ़शीलता, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण' रखी गई है। यह थीम केवल औपचारिक नारा न रह जाए, बल्कि विकास की नीतियों में दिखाई दे, यही सबसे बड़ी आवश्यकता है। आर्थिक विकास जरूरी है, लेकिन ऐसा विकास जो प्रति की कीमत पर हो, वह लंबे समय तक टिकाऊनहीं हो सकता। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करना आज की सबसे बड़ी नीति चुनौती है।

भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान सतत जीवन शैली, वनीकरण, वन अग्नि प्रबंधन एवं आपदा निवारण, चक्रीय अर्थव्यवस्था और जलवायु अनुकूलन को प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किया है। इन विषयों का चयन समय की जरूरत को देखते हुए महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से वन अग्नि की बढ़ती घटनाएं, अनियमित मौसम, सूखा, बाढ़ और अत्यधिक गर्मी जैसी घटनाएं यह संकेत दे रही हैं कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की वास्तविकता है। सतत जीवन शैली को बढ़ावा देना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं हो सकती। आम नागरिक की जीवनशैली, ऊर्जा का उपयोग, पानी की बचत, प्लास्टिक और अन्य संसाधनों की खपत तथा कचरे का प्रबंधन भी पर्यावरणीय संतुलन को प्रभावित करता है। जब करोड़ों लोग छोटे-छोटे स्तर पर जिम्मेदार व्यवहार अपनाते हैं, तब उसका सामूहिक प्रभाव बड़ा हो सकता है।

वनीकरण और वन अगि प्रबंधन भी आज बेहद महत्वपूर्ण विषय हैं। जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि जैव विविधता, जल संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता और जलवायु संतुलन के आधार हैं। जंगलों में आग से केवल वन संपदा ही नष्ट नहीं होती, बल्कि वन्यजीवों का आवास प्रभावित होता है और वातावरण में कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ता है। इसलिए आधुनिक तकनीक, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और बेहतर आपदा प्रबंधन के माध्यम से वन अग्नि की रोकथाम और त्वरित प्रतिक्रिया की व्यवस्था मजबूत करनी होगी। चक्रीय अर्थव्यवस्था की अवधारणा भी पर्यावरणीय संकट का प्रभावी समाधान प्रस्तुत करती है। पारंपरिक अर्थव्यवस्था में उत्पादन, उपयोग और कचरे का मडल संसाधनों पर लगातार दबाव बढ़ाता है। इसके विपरीत चक्रीय अर्थव्यवस्था में वस्तुओं के पुनः उपयोग, मरम्मत, पुनर्चक्रण और संसाधनों की दक्षता पर जोर दिया जाता है। इससे कचरा कम करने के साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी संभव है। जलवायु अनुकूलन के क्षेत्र में भी विकासशील देशों के सामने बड़ी चुनौती है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव हर देश पर एक समान नहीं पड़ता।

# चेतावनियों से भी क्या सीखी



डा. अंजनी कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, मीडिया विभाग, महात्मा गांधी केंद्रीय विवि, मोतिहारी, बिहार

नेपाल में जल महाप्रलय से सैकड़ों लोगों की मृत्यु और करोड़ों रुपये की क्षति ने कई सावधानियाँ बरतने की ओर इशारा किया है। कभी बांध के पानी को छोड़ने से लाखों लोग बेघर हो जाते हैं और अकल्पनीय नुकसान होता है। इससे सटे बिहार के 15 जिले हाई अलर्ट पर रखे गए। कभी नारायणी तो कभी कोशी, बागमती और गंडक नदियों के उफान से सब कुछ चंद मिनटों में ही समाप्त हो जाता है।

भला, जीवनदायनी विनाशकारी कैसे हो सकती है । प्रकृति से अंधाधुंध खिलवाड़ के कारण हम असहाय हो गए हैं। इससे यह साबित होता है कि हम अब भी हिमालय के प्रति गंभीर नहीं हैं। ऐसी मर्मांतक त्रासदी हर वर्ष आती है, किन्तु हम बेपरवाह बने रहते हैं।

बिहार के 18 जिले बरसात में जल प्लावित रहते हैं, किन्तु प्रकृति की लीला ऐसी है कि अब सम्पूर्ण प्रदेश अकाल से जूझ रहा है। कोशी, गंगा, गंडक, बागमती, महानंदा जैसी बड़ी नदियों के अतिरिक्त कई छोटी नदियां भी हैं, पर ये भी दूसरे राज्यों और नेपाल के बैराज से ज्यादा पानी को छोड़ने पर निर्भर हो रहे हैं। तिब्बत के पानी से नेपाल में हाहाकार तो कभी नेपाल के पानी से बिहार में हाहाकार।

हाँ, विनाशलीला सुनिश्चित है। हर वर्ष की भांति चर्चा, शोक, योजना और इतिश्री। नेपाल के भोटेकोशी, त्रिशूली और नारायणी नदी में आए सैलाब से मची तबाही से जनजीवन अस्त -व्यस्त हो गया। सड़कें, पुल, बिजली, संचार, व्यवसाय समेत सभी गतिविधियां ठहर गई हैं।

कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर गए हजारों भारतीय श्रद्धालु सम्पर्कविहीन हो गए हैं। भोटेकोशी तिब्बत से निकलकर नेपाल के रसुआ जिले में प्रवेश करती है। त्रिशूली नदी का उद्गम स्थल रसुआ जिले के गोसाईकुदा है जो मध्य भाग में बहती है। इसमें भोटेकोशी समाहित हो जाती है। यही नदी नारायणघाट के देवघाट के समीप नारायणी नदी बनती है जिसे भारत में गंडक कहा जाता है।

एनआरएससी ने सैटेलाइट चित्रों के माध्यम से बताया कि 5200 मीटर की उंचाई पर लाँगतांग लिरूँग ग्लेशियर का दो तिहाई हिस्सा टूटने के बाद जलप्रलय ने जन्म लिया, जिसने भोटेकोशी नदी में भीषण बाढ़ के हालात पैदा किए और अपने रास्ते में आनेवाली हर एक चीज को तबाह कर दिया।

उपग्रह तस्वीरों में दिखा कि हिमखंड ने 5200 मीटर कि ऊंचाई से ढलान में करीब 1200 मीटर का सफर तय किया। गुरुत्वाकर्षण बल के कारण तेज ढलान में घर्षण हुआ और हिमखंड पानी के सैलाब में बदलते चले गए। पानी के साथ भारी भू- स्खलन भी हुआ और बड़े- बड़े बोल्डर भी बहते चले गए जिसने बाढ़ को विनाशकारी रूप दे दिया।

काठमांडू टाइम्स के अनुसार, विशेषज्ञों का कहना है कि नेपाल के हिस्से वाली लेनडे नदी में हिमस्खलन के मलबे के कारण बनी झील भूकंप की वजह से दरक गई होगी और अचानक बाढ़ आ गई।

नेपाल के जल विज्ञान विभाग के मुताबिक ग्लेशियर झील के फटने से बाढ़ आई। हिमालय में यह 22 हजार 800 वर्ग किलोमीटर में जबकि काराकोरम में 18 हजार वर्ग किलोमीटर में फैला है। हर शताब्दी में पृथ्वी 0.74 डिग्री सेंटीग्रेट जबकि हिमालय 0.15 से 0. 6 डिग्री सेन्टीग्रेट गर्म हो रहा है। 2100 तक पाँच डिग्री और गर्म होने कि संभावना है। भारत की ट्रॉपिकल मेटेरलओगी संस्थान के मुताबिक उत्तर भारतीय मैदान में दक्षिण-पश्चिम मौनसून की बारिश में 1951 से 2024 तक 0.5 मिलीमीटर कमी प्रतिदिन होती गई।

> **फ्लेम यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अंजल प्रकाश के मत में, चीन की हाल में गतिविधि से तिब्बत के पठारी इलाके तबाह हो रहे हैं जिसका नुकसान नेपाल और भारत को हो रहा है। नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों और बाढ़ के मैदानों में बहुमंजिला इमारतों, सड़कों और व्यावसायिक परिसरों का बेधड़क निर्माण किया जा रहा है। प्रशासन को सब पता है, किन्तु सरकार और विभिन्न दल चुप हैं।**

फ्लेम यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अंजल प्रकाश के मत में, चीन की हाल में गतिविधि से तिब्बत के पठारी इलाके तबाह हो रहे हैं जिसका नुकसान नेपाल और भारत को हो रहा है। नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों और बाढ़ के मैदानों में बहुमंजिला इमारतों, सड़कों और व्यावसायिक परिसरों का बेधड़क निर्माण किया जा रहा है। प्रशासन को सब पता है, किन्तु सरकार और विभिन्न दल चुप हैं।

जब नदियों के बहने के लिए स्वाभाविक जगह नहीं मिलेगी, तो त्राहिमाम होगा ही। कुछ वैसा ही हमने वन अभयारण्य क्षेत्र में किया है। ऐसे में बाघ, हाथी जैसे जंगली पशु रिहायशी इलाके में तो जाएंगे ही। उन्हें कैसे रोक जा सकता है सड़कों के संजाल को फैलाने और जल विद्युत परियोजनाओं को विस्तारित करने के कारण पेड़ों कि अंधाधुंध कटाई से मिट्टी दरकने लगी है। गांवों में पेय जल कि कमी के कारण लोग शहर की ओर पलायन कर रहे हैं।

डायनामाइट विस्फोटों से जंगली जानवर जंगल से भाग रहे हैं। मनुष्य तो पहले ही पलायन कर रहे हैं क्या इसे ही समावेशी विकास कहा जाता है मिट्टी और पेड़ की अंधाधुंध कटाई से पानी ठहर नहीं रहा है और सीधे गांवों और अब शहरों की ओर सरपट भाग रहा है। पूरे हिमालय क्षेत्र में विकास की अवधारणा को पुनः परिभाषित करने की जरूरत है। सड़कों के निर्माण में हरित निर्माण तकनीकों का प्रयोग होना चाहिए। नदियों और राष्ट्रीय अभयारण्य क्षेत्र को निर्माण और बसाहट से दूर रखना चाहिए।

झीलों के खतरे से निपटने के लिये आधुनिक उपग्रह निगरानी प्रणाली का उपयोग कर नियमित मैपिंग करने की आवश्यकता है। खतरनाक झीलों से साइफनिंग तकनीक से पानी को नियंत्रित कर बाहर निकालकर जलस्तर को सुरक्षित सीमा में रखा जाना चाहिए।

अल-नीनो, ग्लेशियर का पिघलना, प्रदूषण, जल विद्युत परियोजनाओं की बाढ़, जीवन जीने की शैली में परिवर्तन से जलवायु परिवर्तन से हम तबाह हो रहे हैं। यूक्रेन- रूस और अमेरिका- ईरान युद्ध ने रही -सही कसर भी पूरी कर दी।

उधर ट्रम्प ने फिर हास्यास्पद बयान दे डाला, जिसमे उन्होंने कोयला उत्पादन पर जोर डाला है। पर्यावरणविद डा. चंडी प्रसाद भट्ट के मत में, वर्ष 2008 में कोशी बैराज टूटा तो बिहार के सुपौल में नारायणपुर के पास बांध टूटने से पाँच जिलों के 35 लाख लोग प्रभावित हुए थे। नेपाल में प्राकृतिक विपदा का सीधा असर बिहार के 18 जिलों पर पड़ता है।

2023 में सिक्किम में हुई त्रासदी और उत्तराखंड में लगातार प्रकृति से हो रहे खिलवाड़ के कारण नदी, हवा, मेघ सब रूठ गए। नेपाल, भूटान, पाकिस्तान और चीन के साथ अंतरदेशीय समन्वय होना जरूरी है।

पूरे विश्व में कार्बन उत्सर्जन के जो भी कारण हों, चाहे वे हमारी जीवन शैली हो या विकास की बेतहाशा चाहत, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से हिमालय और सटे देशों पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर के राज्यों के अतिरिक्तबिहार इसकी चपेट में है।

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*


### सैमसंग गैलेक्सी एस 26 एफइ जो सबसे ज़्यादा मायने रखता है, उसी पर ध्यान देने वाला नया फ्लैगशिप अनुभव

**सैमसंग इलेक्ट्रनिक्स** ने अपने गैलेक्सी एस26 परिवार में नए गैलेक्सी एस26 एफइ को शामिल करने की घोषणा की। यह इस सीरीज का पहला स्मार्टफोन है जो वन यूआई 9 के साथ आ रहा है। इसके जरिए अब और ज़्यादा यूजर्स को पहले ही दिन से नवीनतम प्रीमियम गैलेक्सी अनुभव मिलेगा। अपग्रेडेड कैमरा और माहौल को समझने वाले (कन्टेक्स्ट-अवेयर) गैलेक्सी, आई के साथ, यह रोजमर्रा की फोटोग्राफी, कंटेंट क्रिएशन और कनेक्टिविटी के अनुभव को और बेहतर बनाता है।

यूजर्स के लिए जो सबसे ज़्यादा मायने रखता है, उसे ध्यान में रखकर तैयार किया गया पतला और हल्का गैलेक्सी एस26 एफइ, गैलेक्सी एस सीरीज के आइकनिक अनुभव को आगे बढ़ाता है।




सैमसंग इलेक्ट्रनिक्स के मोबाइल एक्सपीरियंस (एमएक्स) बिजनेस में एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और कस्टमर एक्सपीरियंस ऑफिस के हेड जे किम ने कहा, गैलेक्सी एस26 एफइ को खास तौर पर गैलेक्सी एस सीरीज की पहचान बन चुकी खूबियाँ देने के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि इसका हर फीचर यूजर्स के दैनिक जीवन में अर्थपूर्ण बदलाव ला सके। लोकप्रिय गैलेक्सी कैमरा और एआई फीचर्स से लैस, और नए वन यूआई 9 के साथ आने वाला गैलेक्सी एस26 एफइ उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प है जो जानते हैं कि उनके लिए क्या सबसे ज़्यादा मायने रखता है।

गैलेक्सी एस26 एफइ फोटो खींचने से लेकर एडिट करने तक का एक शानदार कैमरा अनुभव देता है। इसमें दिया गया अपग्रेडेड ट्रिपल रियर कैमरा और एडवांस्ड इमेज प्रोसेसिंग यूजर्स को हर खास पल को सहेजने और संवारने में मदद करते हैं।


# शिक्षा-दान करनेवाला प्रत्येक व्यक्ति गुरु है : न्यायमूर्ति मांधाता सिंह



वैशाली अंतर्राष्ट्रीय विद्यापीठ द्वारा सिमेज पटना के प्रांगण में आयोजित हुआ श्गुरु-सम्मान-समारोह।

**परिभाषाएँ** भले बदल गयी हों, किंतु शिक्षा का महान दान करने वाला प्रत्येक गुणी व्यक्ति गुरु ही है। गुरुजन ही समाज के निर्माता होते हैं। उनका सम्मान ईश्वर का सम्मान है।

यह बातें वैशाली अंतर्राष्ट्रीय विद्यापीठ द्वारा सिमेज, पटना के प्रांगण में आयोजित गुरु-सम्मान-समारोह- का उद्घाटन करते हुए, पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्त्ति मांधाता सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि हमारी ज्ञान परंपरा में किसी के भी अधिकार का हनन पीड़ा देना है , जिसे पाप कहा गया है। पुराणों का सार यह है कि परोपकाराय पुण्याय, पापाय परपीड़नम। यही ज्ञान और मानवाधिकार की रक्षा का सूत्र है।

समारोह के मुख्यअतिथि और सुप्रसिद्ध गणितज्ञ प्रो के सी सिंहा ने कहा कि भारत इसलिए विश्व गुरु था कि हम शिक्षा-दान करने में सक्षम थे। यहाँ नालंदा और विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालय थे। दुनिया भर से विद्यार्थी यहाँ ज्ञानार्जन के लिए आते थे।

उन्होंने कहा कि एक शिक्षक समाज का निर्माण भी कर सकता है और विनाश भी। इसलिए शिक्षकों का महव सदैव रहा है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा. अनिल सुलभ ने कहा कि जब समाज में पतन दिखायी दे, तो समझना चाहिए कि हमारी शिक्षा व्यवस्था में दोष आया है। हम उपदेशक तो हो गए हैं, पर हमारे आचरण शुद्ध नहीं है। शिक्षकों के प्रति आज के विद्यार्थियों में अश्रद्धा अकारण नहीं है। हमें सचेत और सतर्क हो जाना चाहिए। यदि हम भारत को पुनः विश्व-गुरु के रूप में देखना चाहते हैं, तो हमें अपने ऋषि-आचार्यों की तरह साधना और आचरण को जीवन में उतारना होगा।

पद्मश्री जितेंद्र कुमार सिंह, पद्मश्री विमल जैन, पद्मश्री अशोक विश्वास, सिमेज के निदेशक नीरज अग्रवाल, डा तारकेश्वर पण्डित, डा जंगबहादुर पाण्डेय, डा सुमेधा पाठक, डा रेणु कुमारी, डा कमल किशोर बौद्ध, डा मधु प्रभा सिंह, तथा अमित कुमार विश्वास ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत विद्यापीठ के संस्थापक डा शशि भूषण कुमार ने किया। धन्यवाद-ज्ञापन अल्काश्री ने तथा मंच का संचालन परवेज कौसर ने किया।

इस अवसर पर, बिहार और झारखण्ड के शिक्षक-शिक्षिकाओं को गुरु-सम्मान- से विभूषित किया गया।

# आउट हुआ पावर स्टार पवन सिंह की फिल्म 'जियो मेरी जान' का टीजर, दशहरा पर सिनेमाघरों में दस्तक

**भोजपुरी सिनेमा** के पावर स्टार पवन सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जियो मेरी जान' का टीजर रक्षाबंधन के अवसर पर आउट कर दिया गया है, जिसमें पवन सिंह बेहद रोमांचक अंदाज में नजर आये हैं। रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर फिल्म का टीजर जे पी स्टार पिक्चर्स भोजपुरी के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। करीब 1 मिनट 13 सेकेंड के टीजर में पवन सिंह का दमदार अंदाज देखने को मिल रहा है। फिल्म दशहरा के शुभ अवसर पर दर्शकों के लिए सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। टीजर रिलीज के साथ ही फिल्म को लेकर भोजपुरी दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है। फिल्म का निर्माण उमा शंकर प्रसाद ने किया है, जबकि आयुष राज गुप्ता सह-निर्माता हैं। निर्देशकअनंजय रघुराज हैं।



टीजर को लेकर निर्माता उमा शंकर प्रसाद ने कहा कि 'जियो मेरी जान' दर्शकों के मनोरंजन को ध्यान में रखकर तैयार की गई फिल्म है। रक्षाबंधन के अवसर पर टीजर जारी करना हमारे लिए खास पल है। टीजर में फिल्म की कहानी, पवन सिंह का दमदार अंदाज और मनोरंजन के कई रंगों की झलक देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि फिल्म को लेकर पूरी टीम ने मेहनत की है और उन्हें विश्वास है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे। दशहरा के शुभ अवसर पर फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी और दर्शकों को एक शानदार सिनेमाई अनुभव देने का प्रयास किया गया है।

पावर स्टार पवन सिंह ने कहा कि दर्शकों के प्यार और आशीर्वाद से वह एक बार फिर एक नए एक्शन धमाके के साथ 'जियो मेरी जान' लेकर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म में मनोरंजन, एक्शन और रोमांच का भरपूर तड़का देखने को मिलेगा। पवन सिंह ने दर्शकों से फिल्म को सिनेमाघरों में जरूर देखने की अपील करते हुए कहा कि टीजर में जितना मजा और उत्साह नजर आ रहा है, फिल्म में उससे कहीं ज्यादा मनोरंजन और रोमांच देखने को मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि दर्शक हमेशा की तरह इस फिल्म पर भी अपना प्यार और आशीर्वाद बनाए रखेंगे।

आपको बता दें कि फिल्म में पवन सिंह के साथ रुपाली जाधव और सपना चौहान मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा संजय वर्मा, विनीत विशाल, साहिल सिद्दीकी, कुणाल सिंह, स्वर्गीय ब्रजेश त्रिपाठी, जफर खान, संजीव मिश्रा, धामा वर्मा, रवि तिवारी, सुजीत भट्ट सहित कई कलाकार नजर आएंगे।

## धर्म-समाज

# भाद्रपद : कर्म व बुद्धि के संतुलन का मास

भाद्रपद चातुर्मास के चार पवित्र महीनों का दूसरा मास है। चातुर्मास श्रावण मास से शुरू होकर कार्तिक मास में खत्म होता है । यह मास 29 अगस्त शनिवार से शुरू होकर 26 सितंबर शनिवार को भाद्रपद स्नान-दान की पूर्णिमा को समाप्त होगा । इस मास के कृष्ण पक्ष में षष्टी तिथि का क्षय होने से कुल 29 दिन का महीना होगा । इस मास में सनातन धर्मावलंबियों के कई अहम व्रत व त्योहार मनाएंगे जाएंगे । शास्त्रों में इस मास को व्रत-उपवास, नियम-धर्म व निष्ठा का पालन, मन को शुद्ध करने एवं पवित्र भाव भरने हेतु उत्तम बताया गया है ।

### भाद्रपद मास में होंगे कई व्रत-त्योहार

ज्योतिष शास्त्र के विद्वान आचार्य राकेश झा ने बताया कि 29 अगस्त शनिवार से शुरू हुए भाद्रपद मास में सनातन धर्मावलंबियों के कई अहम व्रत-त्योहार होंगे । जिसमें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, जया एकादशी, कुशी अमावस्या, विश्वकर्मा पूजा, हरितालिका तीज, गणेश चतुर्थी, चौरचन, ऋषि पंचमी, राधाष्टमी, कर्माधर्मा एकादशी, अनंत चतुर्दशी व अगस्त्य मुनि तर्पण शामिल है । भाद्रपद मास कर्म व बुद्धि के संतुलन तथा साधना से जीवन में सफलता पाने का संदेश भी देती है ।



ज्योतिषाचार्य राकेश झा ।

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी :** भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष के अष्टमी तिथि एवं रोहिणी नक्षत्र में 4 सितंबर शुक्रवार को गृहस्थ एवं साधु-संत द्वारा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा । इसके अलावे इस दिन अतिशुभकारी जयंती योग का भी सुयोग बन रहा है ।

**कुशी अमावस्या :** भाद्रपद कृष्ण अमावस्या शुक्रवार 11 सितंबर को पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र एवं साध्य योग में कुशी अमावस्या मनाई जायेगी । इसी कुश से देव कार्य, पितृ कार्य, तर्पण, पिंड दान के अलावे वर्षभर धार्मिक कृत्य के लिए कुश उखाड़ा जाएगा ।

**हरितालिका (तीज) व्रत :** भाद्रपद शुक्ल तृतीया 14 सितंबर सोमवार चित्रा नक्षत्र व स्वाति नक्षत्र के युग्म संयोग एवं ब्रह्म योग में सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के साथ सौभाग्य में वृद्धि व कुंवारी कन्या अपने भावी सुखी दांपत्य जीवन के लिए शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना कर पौराणिक कथाओं का श्रवण करेंगी। इस व्रत में महिलाएं पूरे दिन उपवास कर सोलह श्रृंगार करने के बाद पार्थिवेश्वर शिव व माता गौरी की पूजा करेंगी ।

### भादो महीना शुरू, इस मास में होंगे कई अहम व्रत-त्योहार

**मिथिला का लोकपर्व चौरचन :** भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष के मध्या व्यापिनी चतुर्थी में 14 सितंबर सोमवार को मिथिलांचल का लोक पर्व चौरचन मनाया जाएगा । व्रती पूरे दिन उपवास कर चंद्रोदय के बाद चन्द्रमा की पूजा एवं अर्घ्य देकर प्रार्थना करेंगी।

**गणेश चतुर्थी या गणेशोत्सव :** भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी में 15 सितंबर मंगलवार को स्वाति नक्षत्र तथा ऐन्द्र योग में विध्नाहर्ता गणेश का उत्सव मनाया जाएगा । यह दसदिवसीय उत्सव चतुर्थी तिथि से शुरू होकर अनंत चतुर्दशी तक होगा ।

**कर्मा-धर्मा एकादशी :** भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष के एकादशी तिथि को उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में 22 सितंबर मंगलवार को कर्मा-धर्मा एकादशी का पर्व मनाया जाएगा।

**अनंत चुतर्दशी :** भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप के पूजनोत्सव भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी में 25 सितंबर शुक्रवार को शतभिषा नक्षत्र व रवियोग में मनाया जाएगा । इस दिन पूजा के बाद श्रद्धालु अनंत डोर बांधकर मीठा प्रसाद ग्रहण करेंगे ।

**अगस्त मुनि तर्पण :** भाद्रपद पूर्णिमा 26 सितंबर शनिवार को पूर्वभाद्र व उत्तरभाद्र नक्षत्र के युग्म संयोग एवं बव करण में मनाया जाएगा। इस दिन देव व ऋषि-मुनियों का तर्पण काश के फूल, सुपारी, खीरा व द्रव्य से किया जाएगा । जिसमें अगस्त्य मुनि का तर्पण प्रमुखता से किया जाता है । मान्यता है कि इनके नाम के उच्चारण से ही आने वाली विपदा खत्म हो जाती है ।

### भाद्रपद मास के प्रमुख पर्व-त्योहार

| | |
|---|---|
| श्रीकृष्ण जन्माष्टमी : | 4 सितंबर |
| जया एकादशी : | 7 सितंबर |
| कुशी अमावस्या : | 11 सितंबर |
| हरितालिका तीज व्रत : | 14 सितंबर |
| चौरचन : | 14 सितंबर |
| गणेश चतुर्थी : | 15 सितंबर |
| विश्वकर्मा पूजा : | 17 सितंबर |
| राधाष्टमी : | 19 सितंबर |
| कर्मा-धर्मा एकादशी : | 22 सितंबर |
| अनंत चतुर्दशी : | 25 सितंबर |
| अगस्त मुनि तर्पण पूर्णिमा : | 26 सितंबर |

# झील-तालाब से नदियों तक दिखेगा पर्यटन का नया रंग

> **276 जल स्रोतों में शुरू होगी बोटिंग, पहले चरण में 70 से अधिक स्थल होंगे विकसित**
>
> **हर माह 12 लाख पर्यटकों को आकर्षित करने की तैयारी**

बिहार में अब पर्यटन का मतलब सिर्फ ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल घूमना नहीं होगा। राज्य के झील, तालाब, डैम और नदियां भी पर्यटकों के आकर्षण का नया केंद्र बनेंगी। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने राज्य में वाटर टूरिज्म को बड़े स्तर पर विकसित करने का मास्टरप्लान तैयार किया है। इसके तहत बिहार के 276 जल स्रोतों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। पहले चरण में 70 से अधिक जल स्रोतों पर पर्यटकीय सुविधाएं विकसित करने की तैयारी है।

इन जल स्रोतों पर बोटिंग से लेकर वाटर स्पोर्ट्स, रिवर सफारी, बर्ड वॉचिंग और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। इससे न केवल बिहार आने वाले पर्यटकों के लिए घूमने का नया विकल्प तैयार होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और कारोबार के भी अवसर उपलब्ध होंगे।

योजना के तहत पटना की गंगा, बेगूसराय की कांवर झील, गया की फल्गु नदी, नालंदा की घोड़ा कटोरा, नवादा के ककोलत समेत कई जल स्रोतों को विकसित किया जाएगा। गंगा, गंडक, कोसी, सोन और पुनपुन जैसी नदियों में भी बोटिंग और वाटर स्पोर्ट्स की सुविधाएं विकसित करने की तैयारी है।

जल स्रोतों पर फ्लोटिंग जेटी बनाई जाएगी। पर्यटक स्पीड बोट और क्रूज की सवारी कर सकेंगे। वहीं, प्रकृति प्रेमियों के लिए बर्ड वॉचिंग और रिवर सफारी जैसे अनुभव भी उपलब्ध होंगे। यानी परिवार के साथ शांत पानी में सैर करनी हो या युवाओं को रोमांचक वाटर स्पोर्ट्स का आनंद लेना हो, दोनों तरह की सुविधाएं एक ही जगह मिलेंगी।

वाटर टूरिज्म को हर वर्ग के लोगों के लिए आकर्षक बनाने की तैयारी है। यहां स्पीड बोट, जेट स्की, शिकारा, हाउस बोट, पैडल बोट, मोटर बोट, कयाक, कैनो, राफ्ट और रोइंग बोट जैसी करीब 10 तरह की बोट उपलब्ध कराने की योजना है। परिवार के साथ घूमने वालों के लिए पैडल और मोटर बोट, जबकि युवाओं के लिए स्पीड बोट और जेट स्की आकर्षण का केंद्र बन सकती है।

वाटर टूरिज्म शुरू होने का सबसे बड़ा असर स्थानीय स्तर पर दिखाई देगा। विभाग के अनुसार इससे 10 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। बोट चलाने वालों, लाइफगार्ड, टूर गाइड, सुरक्षा कर्मियों से लेकर होटल, रिसर्ट, रेस्तरां और स्थानीय परिवहन से जुड़े लोगों को काम के अवसर मिलेंगे।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# 300 करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे सीएम बापूधाम महोत्सव में उमड़ेगा सांस्कृतिक रंग

## डीएम ने कहा- मैथिली ठाकुर समेत नामचीन कलाकारों की प्रस्तुति से सजेगा महोत्सव

## कल करीब 12:30 बजे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी महोत्सव का करेंगे उद्घाटन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** तीन दिवसीय बापूधाम महोत्सव का आगाज मंगलवार, 1 सितंबर को ऐतिहासिक गांधी मैदान में होगा। करीब 12रू30 बजे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान वे करीब 300 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। गांधी मैदान में स्थापित शिलापट्ट का रिमोट के माध्यम से अनावरण करने के बाद मुख्यमंत्री जनसमूह को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर जिले को नई सौगात मिलने की भी संभावना है।


प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते डीएम व एसपी।

जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने पत्रकार सम्मेलन में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव में भव्य सांस्तिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। पहले दिन प्रसिद्ध लोक गायिका एवं विधायक मैथिली ठाकुर तथा करीना पांडेय प्रस्तुति देंगी। दूसरे दिन सलमान अली समेत अन्य कलाकार कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे, जबकि तीसरे दिन भव्य कवि सम्मेलन होगा। डीएम ने जिलावासियों से महोत्सव में हजारों की संख्या में शामिल होकर सांस्तिक कार्यक्रमों का आनंद उठाने की अपील कीस उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री का इसके बाद राजा बाजार स्थित गांधी प्रेक्षागृह में कार्यक्रम निर्धारित है, जहां वे केबीके पीपराकोठी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। करीब 4रू30 बजे वे पटना लौट जाएंगे।

तीन लेयर में सुरक्षा, चप्पे-चप्पे पर पुलिस रू एसपी

एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा की तीन लेयर व्यवस्था की गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात रहेंगे। सादे लिबास में पुलिसकर्मियों के साथ महिला पुलिस बल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए डीएसपी रैंक के अधिकारियों सहित इंस्पेक्टरों की प्रतिनियुक्ति बढ़ाई गई है।

एसपी ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर रूट चार्ट जारी कर दिया गया है। कुल 24 ड्रप गेट बनाए जाएंगे और यातायात व्यवस्था में आवश्यक बदलाव किया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से निर्धारित यातायात नियमों का पालन करने की अपील कीस मौके पर अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त ड प्रदीप कुमार, नगर आयुक्त आशीष कुमार,सहायक समाहर्ता राजष्ण झा, सिविल सर्जन ड दिलीप कुमार, एडीएम लोक शिकायत शैलेन्द्र भारती, सदर एसडीओ अरुण कुमार एवं एसडीपीओ दिलीप कुमार सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## कर्ज-ब्याज विवाद में स्वर्ण व्यवसायी के परिवार पर तेजाब फेंकने का आरोप, आरोपी भी झुलसा

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिले के केसरिया थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार में कर्ज और ब्याज के विवाद को लेकर स्वर्ण व्यवसायी के परिवार पर तेजाब फेंकने का मामला सामने आया है। घटना में स्वर्ण व्यवसायी अमित कुमार उर्फ बिट्टू कुमार, उनकी पत्नी रिंकी कुमारी और उनका ढाई वर्षीय पुत्र यश घायल हो गए। तीनों का मुजफ्फरपुर में इलाज चल रहा है। वहीं, तेजाब फेंकने का आरोप झेल रहा गुंजन भी घटना के दौरान तेजाब की चपेट में आकर जख्मी हो गया।पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि तेजाब फेंकने के दौरान गुंजन के भी तेजाब से जख्मी होने की जानकारी मिली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने जांच की जिम्मेदारी चकिया एसडीपीओ को सौंपी है।


झुलसा हुआ लोग।

एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच करेगी।पीड़ित परिवार के अनुसार, अमित कुमार ने गुंजन से करीब 15 लाख रुपये ब्याज पर लिए थे, जिसमें करीब 10 लाख रुपये लौटाए जा चुके थे। आरोप है कि बकाया राशि और ब्याज के बदले गुंजन करीब 40 लाख रुपये मूल्य की जमीन अपने नाम कराने का दबाव बना रहा था। इसी बीच अमित ने घटना से एक दिन पूर्व अपनी जमीन किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी थी।आरोप है कि जमीन बेचने की जानकारी मिलने के बाद गुंजन अमित के घर पहुंचा और विवाद के दौरान परिवार के साथ मारपीट के बाद तेजाब फेंक दिया। घटना में अमित, उनकी पत्नी और मासूम पुत्र घायल हो गए। घायल रिंकी कुमारी ने बताया कि कर्ज और ब्याज की रकम को लेकर उनके पति को फोन पर धमकी भी दी जाती थी।इधर, घटना के बाद गुंजन की ओर से भी अमित कुमार के खिलाफ केसरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने की जानकारी है। पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों एवं प्राथमिकी की जांच कर रही है। एसपी के निर्देश पर चकिया एसडीपीओ पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस जांच के बाद घटना की वास्तविक स्थिति और दोषियों के संबंध में आगे की कार्रवाई करेगी।

## दुकान जा रही बच्ची की विद्युत खंभा छूने से लगी करंट, हुई मौत

**चकिया(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत देवपुर गांव में एक बच्ची की रविवार को करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान देवपुर गांव वार्ड पांच निवासी मनीष कुमार के 7 वर्षीय बच्ची प्रतीक्षा कुमारी के रूप में बताई गई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त बच्ची गांव के हीं किराना दुकान में सामान खरीदने जा रही थी। सड़क पर बारिश का जल जमाव होने के कारण सड़क के किनारे से जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में लोहे के हाइटेंशन तार लगे विद्युत खंभा में पूर्व से हो रहे विद्युत प्रवाहित खंभे को छू दिया। जिससे बच्ची को करंट लग गया। स्थानीय लोगों ने बच्ची को लेकर आनन फानन में भुवन छपरा चौक स्थित एक निजी क्लीनिक में ले गए। जहां पर चिकित्सक ने मृत बता दिया। मौत की खबर सुनकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। वह बच्ची कक्षा पांच में पढ़ती थी। उस बच्ची के अलावा एक छोटा भाई है। इस बाबत इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष धर्मप्रकाश कुमार ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया है।


रोते बिलखते परिजन।

## बिहार की राजनीति और चिराग पासवान विषय पर निबंध प्रतियोगिता शुरू

### युवाओं के लिए सुनहरा अवसर, प्रथम विजेता को एक लाख रुपये सहित दस प्रतिभागियों को मिलेगा पुरस्कार

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला लोजपा (रामविलास) के तत्वावधान में सुगौली विधायक राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता के आवास पर रविवार को 'बिहार की राजनीति और चिराग पासवान' विषय पर निबंध प्रतियोगिता की घोषणा की गई। प्रतियोगिता में पूर्वी चंपारण जिले के 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा हिस्सा ले सकेंगे। विधायक ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से जेन-जी के युवाओं के विचारों को जानने और उनके साथ संवाद स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता ने प्रेस कन्फ्रेंस में बताया कि निबंध 1500 से 2000 शब्दों में हिंदी, उर्दू अथवा अंग्रेजी भाषा में लिखा जा सकता है। प्रतिभागी अपने निबंध 26 सितंबर तक जानपुल स्थित इंडियन अयल पेट्रोल पंप, चांदमारी स्थित डोसा-प्लाजा एवं अरेराज स्थित हाउस अफ फैशन प्रतिष्ठान में जमा कर सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को एक लाख रुपये, द्वितीय को 51 हजार, तृतीय को 25 हजार, चतुर्थ को 15 हजार और पंचम स्थान प्राप्त करने वाले को 10 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। छठे से दसवें स्थान तक के प्रतिभागियों को गिफ्ट हैम्पर देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा चयनित प्रथम 50 निबंधों का संकलन कर चिराग पासवान पर एक पुस्तक का विमोचन किया जाएगा।विधायक ने कहा कि पूर्व में भी निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसे काफी सफलता मिली थी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता युवाओं से संवाद का बेहतर माध्यम बनेगी। लिखने की आदत व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी लिखित परीक्षा का विशेष महत्व है।मौके पर लोजपा (आर) के मोतिहारी जिलाध्यक्ष धरणीधर मिश्र, ढाका संगठन जिलाध्यक्ष चंचल पासवान, रक्सौल संगठन जिलाध्यक्ष राजेश पासवान, युवा जिलाध्यक्ष मंजीत पासवान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मुन्नी देवी, एससी-एसटी जिलाध्यक्ष छठु पासवान सहित भाजपा नेता राजा ठाकुर एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


पत्रकारों को संबोधित करते लोजपा विधायक एवं अन्य।

## सशक्त युवा, सुरक्षित समुदाय बरदाहा में जीवन कौशल एवं आपदा तैयारी प्रशिक्षण संपन्न

**मोतिहारी(एनएसबी)।** मोतिहारी प्रखंड के बरदाहा पंचायत भवन में चयनित युवाओं के लिए आयोजित दो दिवसीय युवा जीवन कौशल, आपदा तैयारी एवं परियोजना ज्ञान स्थायित्व प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन बाल रक्षा भारत (ैअम जीम बेपसकतमद) द्वारा सेल्सफोर्स के सहयोग से किया गयास प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को जीवन की चुनौतियों और आपदा जैसी परिस्थितियों का आत्मविश्वास एवं समझदारी के साथ सामना करने के लिए नेतृत्व, प्रभावी संवाद, टीमवर्क, निर्णय क्षमता और समस्या समाधान जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशलों की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने मैं कौन हूं और मैं अपने गांव के लिए क्या कर सकता हूं विषय पर विचार-विमर्श करते हुए समुदाय के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझा। प्राथमिक उपचार के अंतर्गत चोट, कटने, जलने और बेहोशी की स्थिति में प्रारंभिक सहायता तथा आपातकालीन परिस्थितियों में क्या करें और क्या न करें, इसकी जानकारी दी गई। पूर्व चेतावनी प्रणाली एवं सामुदायिक सूचना प्रसार पर मक ड्रिल भी आयोजित की गईस प्रशिक्षक हामिद रजा एवं सत्य प्रकाश ने युवाओं को समुदाय में जागरूकता फैलाने, चेतावनी संदेशों के प्रसार और आपदा तैयारी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान कियास प्रशिक्षण में चांदनी कुमारी, मुस्कान कुमारी, ऐश्वर्या, संगीता, अष्टमी कुमारी, नेहा, विकास, रमेश, मनीषा कुमारी, अर्चना, कोमल,नीतू,रीमा, गुंजन एवं निशा कुमारी सहित अन्य युवा प्रतिभागी उपस्थित थे।

# हर्षबर्द्धन ने तीसरी बार में पायी सफलता

## इस बार असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए हुए पात्र, शहर के गणमान्य लोगों ने दी बधाई

**मोतिहारी(एनएसबी)।** नगर पार्षद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं इंडियन रेड क्रस सोसाइटी, मोतिहारी के पूर्व अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह के पुत्र इंजीनियर हर्षवर्धन सिंह ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (न्ळब्-छम्ज) में लगातार तीसरी बार सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। इस बार उन्होंने न्ळब्-छम्ज के माध्यम से असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए पात्रता हासिल की है। इससे पहले वे दो बार न्ळब्-छम्ज परीक्षा में श्रत्थ् के लिए पात्रता प्राप्त कर चुके हैं।



हर्षवर्धन सिंह।

हर्षवर्धन सिंह ने ब्वउचनजमत ैबपमदबम म्दहपदममतपदह में इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करने के बाद महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी से डंदंहमउमदज में डठ। किया। वर्तमान में वे दिल्ली से डंदंहमउमदज विषय में चीक कर रहे हैं। लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता हासिल करने पर उनके परिवार, शिक्षकों, मित्रों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है।

उनकी उपलब्धि पर मधुबन विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने हर्षवर्धन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता मेहनत, लगन और प्रतिभा का परिणाम है।वहीं चौंबर अफ कमर्स, मोतिहारी के अध्यक्ष महेश प्रसाद सिन्हा, रोटरी क्लब मोतिहारी के अध्यक्ष रोटेरियन रोहित साह, पेट्रोलियम एसोसिएशन के विनोद कुमार, रेलवे स्टेशन के पूर्व प्रबंधक दिलीप कुमार, ड ओम प्रकाश, धर्मेंद्र नारायण सिंह सहित शहर के अनेक गणमान्य लोगों एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी हर्षवर्धन को बधाई दी। बलुआ व्यवसाय संघ के राहुल शर्मा, नगर पार्षद मुजाहिद आलम, रोहित शर्मा, धीरज कुमार सहित विभिन्न व्यवसायिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों ने कहा कि लगातार प्रयास और लक्ष्य के प्रति समर्पण के बल पर हर्षवर्धन ने युवाओं के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### जमुआ में निरूशुल्क मेडिकल कैंप, सैकड़ों मरीजों की हुई जांच

**मोतिहारी(एनएसबी)।** ढाका प्रखंड के जमुआ गांव में रविवार को ढाका यूथ क्लब के तत्वावधान में निरूशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे मरीजों की चिकित्सकों ने स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस दौरान ब्लड शुगर सहित विभिन्न जांच निरूशुल्क की गई तथा जरूरतमंद मरीजों के बीच दवाओं का वितरण भी किया गया। क्लब अध्यक्ष ड मो. कासिम अंसारी ने बताया कि कैंप में ढाका के चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। इसमें ड हारुन रशीद, ड नसीम अख्तर, ड आरके प्रसाद, ड अमीक अहमद, ड मोतिउर्रहमान, ड. गुलरेज कमर, ड नाजिर हुसैन, ड फिरोज अहमद एवं ड इरफान सिद्दीकी सहित अन्य चिकित्सक शामिल रहे।कैंप का नेतृत्व क्लब के महासचिव मंजर आलम ने किया। इसके सफल आयोजन में उपाध्यक्ष कमरुल होदा, सलाहकार समिति के अध्यक्ष भाई प्रवेज, सचिव शादाब अनवर, प्रवक्ता इंजीनियर हसीन अख्तर, कोषाध्यक्ष मो. जबिउल्लाह, मीडिया प्रभारी इमरान खान सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि बरसात और बाढ़ के मौसम को देखते हुए सिकरहना अनुमंडल की विभिन्न पंचायतों में प्रत्येक रविवार निरूशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 की बाढ़ के दौरान भी क्लब ने कई मेडिकल कैंप लगाकर लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई थी। कोरोना काल में प्रभावित परिवारों के बीच राशन किट का वितरण भी किया गया था।अंत में क्लब अध्यक्ष ड मो. कासिम अंसारी ने चिकित्सकों, स्थानीय लोगों एवं क्लब सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कमलापुरी वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम प्रसाद के निधन पर शोक

**कल्याणपुर(एनएसबी)।** अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मधुबन निवासी पूर्व मुखिया जयराम प्रसाद के निधन से कमलापुरी समाज सहित पूरे चंपारण में शोक की लहर है। उनके निधन पर समाज के लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वैश्य समाज के ध्वज में पार्थिव शरीर को लपेटकर अंतिम शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।महासभा के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि जयराम प्रसाद का अध्यक्षीय कार्यकाल कमलापुरी समाज के उत्थान और विकास के लिए सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने समाज को संगठित करने तथा सामाजिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक योगदान दिया। उनके निधन से समाज ने एक समर्पित एवं मार्गदर्शक व्यक्तित्व खो दिया है।जयराम प्रसाद के निधन पर पूर्व सांसद रमा देवी, मधुबन विधायक राणा रणधीर सिंह, पूर्व विधायक शिवजी राय, महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री शैलेश कुमार गुप्ता, राधाकांत गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, अनिल कमलापुरी, उदय कमलापुरी, अरुण कमलापुरी सहित अन्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की।

### चरखा पार्क में 38 लोगों की हुई निरूशुल्क डायबिटीज जांच

**मोतिहारी(एनएसबी)।** ईस्ट चंपारण लायंस क्लब की ओर से रविवार को शहर के चरखा पार्क में निरूशुल्क डायबिटीज जांच शिविर का आयोजन किया गया। सुबह सात बजे से 10 बजे तक चले शिविर में 38 राहगीरों एवं पूर्व से जानकारी रखने वाले लोगों ने पहुंचकर अपनी डायबिटीज की जांच कराई। जांच के बाद संबंधित लोगों की रिपोर्ट उनके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सऐप के माध्यम से भेजी गई। इससे लोगों को अपनी रिपोर्ट सुरक्षित रखने और आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सक को दिखाने में सुविधा होगी।क्लब के अध्यक्ष इंजीनियर लायन सुधांशु सिन्हा ने कहा कि क्लब का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। नियमित स्वास्थ्य जांच से डायबिटीज जैसी बीमारियों की समय पर पहचान कर उचित चिकित्सकीय सलाह ली जा सकती है। सचिव लायन रिजू श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाले निरूशुल्क जांच शिविर के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। क्लब भविष्य में भी जनहित से जुड़े स्वास्थ्य कार्यक्रम जारी रखेगा।इसके बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नगर थाना के सामने सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक लायंस क्लब के सदस्य एवं नेत्र चिकित्सक लायन ड अभिनव दीपांकर के क्लिनिक में निरूशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### नहीं रहे मधुबन के राजनीतिक चाणक्य जयराम प्रसाद, शोक की लहर

#### 70 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने से निधन

#### दो बार रहे मधुबन दक्षिणी के मुखिया

**मधुबन(एनएसबी)।** मधुबन के राजनीतिक चाणक्य कहे जाने वाले, अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, गरीबों एवं शोषितों की आवाज, समाजसेवी एवं मधुबन दक्षिणी के पूर्व मुखिया जयराम प्रसाद का निधन 70 वर्ष की अवस्था में रात्रि 8रू30 बजे हृदय गति रुकने के कारण उनके पैतृक आवास पर हुई। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई तथा सैकड़ो की संख्या में जनसमूह उनके अंतिम दर्शन को पहुचने लगेस श्री प्रसाद का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था, परंतु अपने बड़े भाई राजाराम प्रसाद एवं भतीजा उमेश चंद्र श्रीकांता के सहयोग से उन्होंने सामाजिक कार्यो को करते हुए व्यावसायिक क्षेत्र में भी मधुबन में एक सम्मानजनक स्थान बनाया था।साधारण शिक्षक से मुखिया तक का सफरप्रारंभिक समय में उन्होंने राजकुमार राम सवारी देवी बालिका उच्च विद्यालय में शिक्षक के रूप में अपना योगदान दिया, परंतु सरकारी नौकरी में उनका मन नहीं लगा। जनसेवा के उद्देश्य से वर्ष 2000 में उन्होंने मधुबन दक्षिणी पंचायत से मुखिया प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा और उन्हें सफलता मिली। उन्होंने दो बार मधुबन दक्षिणी के मुखिया पद को सुशोभित किया और अपने कार्यकाल में पंचायत के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। परिवार में शोकउनके परिवार में दो पुत्र ड चंदन कुमार, रवि कुमार तथा एक पुत्री अर्चना कुमारी हैं। पुत्र चंदन कुमार मेडिकल कलेज बेतिया में कार्यरत हैं, जबकि रवि कुमार बैंक की नौकरी छोड़कर मधुबन में ही चुलबुल बाल वाटिका का संचालन कर रहे हैंसउनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यवसायी और ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके निधन से मधुबन ने एक सच्चा समाजसेवी और गरीबों का मसीहा खो दिया है। इ इनके अंतिम संस्कार में पूर्व सांसद शिवहर सांसद रामादेवी, मदन साह ,मुखिया अशोक कुमार सिंह, मुखिया श्याम बाबू यादव, पूर्व प्रमुख पति मनोज यादव, प्रमुख महेश पासवान ,पैक्स अध्यक्ष विनोद कुमार ,योगेंद्र प्रसाद ,कुणाल भूषण ,सरपंच मनीष पांडेय, अमित कुमार, जंगबाज कुशवाहा , चुन्नू चंचल आदि शामिल थे ।

### एमआईटी के सहायक प्राध्यापक की पुश्तैनी जमीन पर भू-माफिया की नजर

#### आयुक्त ने दिया दो राजस्व कर्मचारियों पर प्राथमिकी का आदेश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शहर के आमगोला स्थित ओरिएंट क्लब के पास करोड़ों रुपये मूल्य की बहुमूल्य जमीन को कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे हड़पने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चक्कर मैदान मार्ग निवासी और एमआईटी के सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार की पुश्तैनी जमीन को भू-माफिया ने निशाना बनाया। आरोप है कि उनके कुल चार कट्ठे के भूखंड में से करीब सवा दो कट्ठा जमीन का फर्जी वसीयतनामा और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दूसरे व्यक्ति के नाम अवैध तरीके से दाखिल-खारिज करा दिया गया। पीड़ित प्राध्यापक के अनुसार, फर्जी तरीके से कराए गए दाखिल-खारिज को आधार बनाकर भू-माफिया उनकी पुश्तैनी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। मामले में मुशहरी अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारियों की कथित संलिप्तता भी सामने आई है। आरोप है कि विभागीय नियमों की अनदेखी करते हुए जाली दस्तावेजों के आधार पर दाखिल-खारिज की प्रक्रिया को मंजूरी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रमंडलीय आयुक्त के निर्देश पर भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) ने पूरे प्रकरण की बिंदुवार जांच की। जांच के दौरान जमीन से जुड़े दस्तावेजों और दाखिल-खारिज की प्रक्रिया की पड़ताल की गई। जांच रिपोर्ट में राजस्व कर्मचारियों द्वारा कथित तौर पर भू-माफिया को कागजी मदद पहुंचाने के आरोपों की पुष्टि होने की बात सामने आई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रमंडलीय आयुक्त ने मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए मुशहरी अंचल के दोनों दोषी राजस्व कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने और सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।करोड़ों की जमीन से जुड़े इस फजीवाड़े में अब प्राथमिकी और आगे की पुलिस जांच के बाद यह स्पष्ट होगा कि जाली दस्तावेज तैयार कराने और जमीन के अवैध हस्तांतरण के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। मामले के सामने आने के बाद जमीन मालिकों के बीच भी चिंता बढ़ गई है।

### 10 वर्षीय बालक हत्याकांड के नामजद आरोपित ने साहेबगंज में फंदा लगाकर दी जान, गिरफ्तारी के लिए पहुंची थी पुलिस

**मुजफ्फरपुर।** सीतामढ़ी जिले के मेजरगंज थाना क्षेत्र में 10 वर्षीय बालक की हत्या के मामले में नामजद मुख्य आरोपित प्रकाश भगत ने साहेबगंज में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह परसा सदन का रहने वाला था और पुलिस से बचने के लिए साहेबगंज में छिपकर रह रहा था। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, बालक हत्याकांड में फरार चल रहे प्रकाश भगत की गिरफ्तारी के लिए मेजरगंज थाना पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि हत्याकांड का नामजद आरोपित साहेबगंज में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर मेजरगंज पुलिस की टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए साहेबगंज पहुंची। बताया जा रहा है कि पुलिस की संभावित घेराबंदी और गिरफ्तारी की भनक लगने के बाद प्रकाश भगत ने कथित तौर पर फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। वहीं, 10 वर्षीय बालक की हत्या के मामले में आरोपित की मौत के बाद मेजरगंज पुलिस की जांच भी नए सिरे से महत्वपूर्ण हो गई है।

### ९8वीं जन्म जयंती पर याद किए गए प्रख्यात लेखक और समाजवादी चिंतक स्व सच्चिदानंद सिंहा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जाने माने समाजवादी चिंतक, लेखक एवं हिंदी और अंग्रेजी समान अधिकार रखते हुए दर्जनों पुस्तकों के लेखक रहे स्मृति शेष सच्चिदानंद सिंहा की 98 वीं जयंती रविवार को मुशहरी प्रखंड के मनिका गांव के चमेला कुटीर प्रांगण में ब्रह्मानंद ठाकुर की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम मे आए लोगों का स्वागत करते हुए स्व सच्चिदा बाबू के छोटे भाई अरविंद सिन्हा ने बताया कि सच्चिदा बाबू आजीवन मृत्यु भोज के विरोधी रहे और कभी मृत्यु भोज मे शामिल नहीं हुए, इसलिए उनकी मृत्यु उपरांत किसी तरह का भोज नहीं किया गया था। अरविंद सिंहा ने कहा कि सच्चिदा जी शुद्ध वातावरण और पर्यावरण के लिए दिल्ली छोड़कर गांव आए थे। उन्होंने कहा कि दार्शनिक प्लेटो की तरह ही सच्चिदा जी का माइंडसेट था। सच्चिदा जी के दूसरे छोटे भाई प्रो प्रभाकर सिंहा ने कहा कि आज एक खास मकसद के तहत हमलोग जुटे हैं। उन्होंने बताया कि उनका पूरा परिवार एक विशिष्ट परंपरा से जुड़ा रहा है, जहां सबकी पृथक पहचान रही है। सच्चिदा जी जब इरू में पढ़ते थे तो बिना घर में बताएं कोयलांचल में मजदूरों के बीच काम करने चले गए थे। छह माह के बाद लौटे थे। उन्होंने साफ कहा था कि वह राजनीति में सक्रिय रहेंगे। मुंबई वह पत्रकारिता की पढ़ाई करने गए थे। वहां वह मजदूर आंदोलन में काफी सक्रिय थे। पचास के दशक में वह मुजफ्फरपुर आ गए थे। यहां वे संसोपा में सक्रिय थे। प्रभाकर जी ने बताया कि वह भाषा विज्ञान में विशेष काम करना चाहते थे। मगर सच्चिदा जी ने उन्हें बुलाकर कहा था कि उन्हें पेंशन दिया जाए और वे दिल्ली चले गए थे। चौहत्तर आंदोलन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि वह जेल में थे और उनका छोटा भाई नक्सल आंदोलन में सक्रिय था। प्रो नंद किशोर नंदन ने सच्चिदा जी को बहुआयामी व्यक्तित्व का स्वामी कहा और उन्हें असहमति का सम्मान करने वाला बताया। गांधी शांति प्रतिष्ठान के पूर्व राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र कुमार ने कहा कि गांधी की तरह सच्चिदा जी का जीवन भी एक संदेश था। उनको प्रतिष्ठान के दिल्ली मुख्यालय में व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया तो वह स्लीपर क्लास से ही आए और वापस हुए थे। उनकी जीवनी लेखिका शेफाली ने कहा कि एक स्टडी ग्रुप बनाया गया है जो हर शनिवार को बैठती है। अभी सच्चिदा जी की साम्प्रदायिकता वाली किताब पर चर्चा चल रही है, उनकी जीवनी 2027 में जरूर आ जाएगी। सच्चिदा जी की अंग्रेजी किताबों के अनुवादक राम जय जी ने बताया कि उनकी अंग्रेजी मे लिखी गईं किताब क्लासिक तियाँ हैं। सीनेटर हरेन्द्र कुमार,भाकपा माले के ष्णमोहन, जितेंद्र यादव, भाकपा माले जिला सचिव एव प्रहलादपुर मुखिया उदय चौधरी, मनिका विशुनपुर चांद के मुखिया अरविंद कुमार, सुप्रिया, एडवोकेट मुकेश, प्रो विश्वानंद, रत्नेश झा, परशुराम पाठक चन्देश्वर पाठक आदि वक्ताओ ने उन्हें याद करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्षाबंधन पर जागरण कार्यक्रम के दौरान अक्षय सिंह ने किया उद्घाटन

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अतलखा पंचायत के सरुआ टोला में रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर भव्य भक्तिमय जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु शामिल हुए।



देर रात तक भक्ति गीतों और भजनों की प्रस्तुति से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। जागरण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन समाजसेवी सह जदयू युवा नेता एवं भावी मुखिया प्रत्याशी अक्षय सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान ग्रामीणों ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर अक्षय सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक पर्व है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सद्भावना मजबूत होती है। उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामीणों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों एवं जागरण की मनमोहक प्रस्तुति पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों एवं आयोजन समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मेजर ध्यान चंद जन्म जयंती पर फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** हॉकी के जादूगर की संज्ञा से विभूषित पद्मभूषण से सम्मानित मेजर ध्यान चंद के जन्मदिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडेमी के खिलाड़ियों एवं प्रबुद्ध लोगों ने पटेल मैदान में मेजर ध्यान चंद को उनकी जन्म जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।साथ ही फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी के खिलाडियों के बीच एक मैच अमन एलेवन एवं आयुष एलेवन के बीच खेला गया। जिसमें आयुष एलेवन ने मुकुंद माधव के 43 रन, प्रियांशु के 21 रन, लक्ष्य के 8 रन, नामिश के 8 रन, आयुष के 6 रन, नितीक्षा के 4 रन की बदौलत 12 ओवर में 110 रन सभी विकेट खोकर बनाया। जिसके जवाब में अमन एलेवन ने 5 विकेट के नुकसान पर 7 ओवर में 66 रन लक्ष्य के 18 रन,अंश के 11 रन,अमन के 8 रन, खुशी के 3 रन की सहायता से बना लिए थे पर खराब रोशनी की वजह से डी एल एस विधि के आधार पर अमन एलेवन को विजेता घोषित किया गया। मैच में बेस्ट बैट्समैन का मुकुंद माधव को,बेस्ट बोलर का अमन राज को, बेस्ट फील्डर का आयुष राज को एवं मैन ऑफ दी मैच का खिताब मुकुंद माधव को दिया गया। दीवयांशु, लक्ष्य एवं सभी खिलाड़ियों को मेडल से उत्साहवर्धन किया गया। इस कार्यक्रम में कोच प्रभात कुमार सिंह, नित्यानंद ठाकुर, मुकेश कुमार झा, निखिल कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, बाबु झा, डॉ प्रीति मिश्रा, संजीव कुमार झा, मनोज कुमार, दीपक कुमार, शशि यादव, बादल कुमार, सुमित कुमार, बिपुल एवं विनय इत्यादि उपस्थित रहकर नवोदित खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की।




### लेन-देन के विवाद में दो भाइयों के बीच मारपीट, फायरिंग का आरोप

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के मकदमपुर गांव में शनिवार की रात लेन-देन के विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट और घर में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। इस दौरान एक पक्ष ने हवाई फायरिंग किए जाने का भी आरोप लगाया है। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से थाना में आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है। हालांकि, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और फायरिंग की घटना से इनकार किया है। ईटहरी पंचायत के वार्ड नंबर सात, मकदमपुर गांव निवासी मो. रजी आलम के पुत्र मो. युसूफ ने थाना में दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि उसके भाई मो. साहेब, फिरोज आलम समेत अन्य लोग लेन-देन के विवाद को लेकर उसके घर पहुंचे। आरोपितों ने जान से मारने की नीयत से लोहे की रड से खिड़की और दरवाजे को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने दो-तीन राउंड फायरिंग किए जाने का भी आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल की। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी ने बताया कि फायरिंग की घटना नहीं हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### स्वतंत्रता सेनानी व शिक्षाविद राजेश्वर प्रसाद सिंह की 37वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** अगस्त क्रांति के प्रणेता, स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी योद्धा एवं प्रख्यात शिक्षाविद श्रद्धेय स्व. राजेश्वर प्रसाद सिंह की 37वीं पुण्यतिथि ग्वालपाड़ा प्रखंड अंतर्गत उनके पैतृक गाँव तरुणेश्वरपुर (झिटकिया) में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों और गणमान्य लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पुत्र व समाजसेवी योगेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि राजेश्वर बाबू बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। देश की आजादी के आंदोलन में उनका योगदान अतुलनीय रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें 5 वर्षों तक जेल की कालकोठरी में कैद रखा, लेकिन उनका जज्बा कभी कम नहीं हुआ। धमदाहा अगस्त क्रांति के प्रणेता के रूप में अग्रेजों के खिलाफ उनके कार्यो को आज भी लोग शिद्दत से याद करते है। स्वतंत्रता संग्राम में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए आजादी के 25वें वर्ष सन् 1972 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा उन्हें ताम्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया था। सभा में मौजूद लोग स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उनके द्वारा किए गए कड़े संघर्षो को याद कर भावुक हो उठे। शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मधेपुरा के प्राचार्य के रूप में राजेश्वर बाबू ने उत्कृष्ट शिक्षकों की पौध तैयार कर राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान दिया। तदोपरांत अपने पैतृक गांव में जमीन दान कर विद्यालय निर्माण कर गांव समाज को शिक्षित करने हेतु अपने आपको समर्पित कर दिया। जीवन पर्यंत समाज में शिक्षा को लेकर आम जनमानस में जागरूकता अभियान चलाते रहे और हमेशा जरूरतमंद लोगों को हर संभव मदद करते रहे। शिक्षा क्षेत्र में उनके कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे। इस अवसर पर ब्रजेंद्र नारायण सिंह, पूर्व उपमुखिया सुधेन्द्र नारायण सिंह, सोनू सिंह, किशन मोहन, बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री शरद कुमार, सेवानिवृत क्षेत्रीय प्रबंधक उमेश प्रसाद सिंह, दिलीप कुमार, जीविका प्रबंधक रविशेखर सिंह, सरस्वती देवी, रीता देवी, रुद्रप्रताप सिंह, शांतनु व भारी संख्या में ग्रामीण एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। सबों ने एक स्वर में कहा कि अपने महान व्यक्तित्व और कृतित्व के कारण राजेश्वर बाबू युगों-युगों तक नमन एवं स्मरण किए जाएंगे।



# मजदूरी का पैसा लेने जा रहे मजदूर की हाईवा ट्रक की चपेट में मौत

**पत्नी और चार वर्षीय बेटी और परिवार पर टूटा पहाड़, सिमरी बख्तियारपुर पुलिस ने हाइवा को किया जब्त**

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में रविवार को हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना में पहाड़पुर शाह टोला वार्ड 2 निवासी मजदूर सदानंद कुमार पिता जोगिंदर शाह की मौत हो गई। वह अपने घर से मजदूरी का पैसा लेने सिमरी बख्तियारपुर जा रहे थे, तभी डीएसपी आवास के पास पश्चिम नहर के समीप उनकी पल्सर मोटरसाइकिल एक हाईवा ट्रक की चपेट में आ गई। घटनाक्रम के अनुसार, लगभग दोपहर को हुई टक्कर के बाद सदानंद गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका दायाँ पैर कुचल गया। पास से गुजर रहे लोगों ने बताया कि हाइवा ट्रक के चालक ने पहली सहायता के बजाय चालक के साथ आगे-पीछे की हलचल दिखायी; शोर मचाने पर ट्रक रोकने पर घायल के पैर की फच्चका उड़ चुकी थी। ग्रामीणों ने मिलकर उनका प्रयास कर के ट्रक से बाहर निकाला और तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल, सिमरी बख्तियारपुर पहुंचाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी जयशंकर कुमार ने आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें बेहतर इलाज हेतु सहरसा भेजने की व्यवस्था कराई। रास्ते में अत्यधिक रक्तस्राव और गंभीर चोटों के कारण उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन और गांव में मातम छा गया। सदानंद बेहद साधारण मजदूर परिवार से थे और रोजाना मजदूरी कर घर का पालन-पोषण करते थे। वे दो भाइयों में छोटे थे। वे पीछे अपनी पत्नी अनीता देवी और केवल चार साल की मासूम बेटी को छोड़ गए हैं। अचानक हुई इस मौत से परिवार पर बड़ा आर्थिक और भावनात्मक संकट आ गया है। पत्नी और परिजन फूट-फूट कर रो रहे हैं, जबकि पूरे गांव में शोक व्याप्त है। दुर्घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर हाईवा ट्रक को कब्जे में लेकर चालक-परिचालन और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी छानबीन कर रही है और मृतक के परिजनों से आवश्यक जानकारी ली जा रही है। जानकारी के अनुसार, एक मजदूर जो अपनी रोजी-रोटी का पैसा लेने निकला था, वापस घर लौटने में नाकाम रहा और उसकी मौत ने न सिर्फ परिजनों बल्कि पूरे पहाड़पुर शाह टोला गांव को झकझोर कर रख दिया है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन सड़क पर तेज चलाने वाले वाहनों पर कार्रवाई होता तो इसका जान बच सकता है। सबसे ज्यादा इस मार्ग पर बड़े वाहन चालकों द्वारा घटना को अंजाम दिया जाता है।




मृतक मजदूर, घटना स्थल पर जुटी भीड़

## प्रियांशु हत्याकांड के तीन नामजद अभियुक्त गिरफ्तार




गिरफ्तार अभियुक्त

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** खजुराहा गांव में छह वर्षीय मासूम प्रियांशु कुमार हत्याकांड में सोनवर्षा थाना पुलिस ने रविवार को तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में संजय मुखिया, संजू देवी एवं मुन्ना कुमार मुखिया शामिल हैं। इसे निश्चित रूप से सोनवर्षा राज थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई कही जा सकती है। इस संबंध में सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि मृतक की मां सीमा देवी के आवेदन पर गांव के आठ लोगों को नामजद किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर तीन नामजदों को खजुराहा से गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। वहीं, फरार अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। बताया जाता है कि 21 सितंबर की शाम खजुराहा पंचायत के वार्ड नंबर-5 निवासी मन्ना मुखिया का छह वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार लापता हो गया था। परिजनों ने पूरी रात उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। 22 सितंबर की सुबह बालक का शव गांव में ही झाड़ियों से बरामद हुआ था। घटना के बाद मृतक की मां के आवेदन पर आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## भारत छोड़ो आंदोलन में आजादी के बलि वेदी पर अमर शहीद को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भारत छोड़ो आंदोलन में आजादी के बलि वेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वालेअमर शहीद हरिकांत झा विद्यार्थी, पुलकित कामत, भोला ठाकुर, कालेश्वर मंडल, केदारनाथ तिवारी, धीरो राय को बनगांव भगवती घर के प्रांगण में दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष पूर्व प्रधानाचार्य विश्वनाथ खां द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री खां ने सहरसा के भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के सेनानियों के कर्तृत्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए बनगांव चैक पर शहीद स्मारक बनवाने हेतु जन प्रतिनिधियों एवं युवाओं से अपील की। प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी पंडित छेदी झा द्विजवर के पौत्र एवं बनगांव के पूर्व मुखिया धनंजय कुमार झा ने स्वतंत्रता संग्राम के अनेक घटनाओं का जिक्र करते हुए युवाओं से देश हित में अपनी शक्ति लगाने का आह्वान किया। विवेकानंद मिश्र, विदुशेखर खां, बीरबल झा, बच्चा कांत मिश्र, देवकांत मिश्र, शिव शंकर झा, चंदन कुमार मिश्र, माखन झा सहित वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में अमर शहीदों को नमन करते हुए कार्यक्रम को अगले वर्ष से भव्य रूप से मनाने का आह्वान किया। पारस कुमार झा के संचालन में देर रात तक चले इस कार्यक्रम में बनगांव नगर उपाध्यक्ष रुपेश कुमार कामत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम के अंत में मुक्त आकाश में तारे बने अमर शहीदों को दीप दिखाकर उनके सम्मान में नारे लगाए गए। कार्यक्रम को सफल मनाने में दुर्गा नवयुवक संघ के सभी सदस्यों का अहम योगदान रहा।



शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते अतिथि

## कल दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल बदलाव रैली हेतु सहरसा जिला का जत्था प्रस्थान, विकास व नई आस के लिए बदलाव जरूरी है: ओमप्रकाश

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** 01 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल बदलाव रैली हेतु सहरसा जिला का जत्था ट्रेन से प्रस्थान किया। रैली क्यों हो रही है। इस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य का ओमप्रकाश नारायण ने कहाविकास के लिए नई आस के लिए बदलाव जरूरी है। भाजपा की नीतियों के कारण देश के लोकतंत्र, संविधान, संघीय ढांचे, गंगा जमुनी संस्कृति, भाईचारे और आजादी की विरासत पर खतरा पैदा हो गया है। हम आजाद भारत के सबसे अधिक गंभीर संकट के दौर से गुजर रहे हैं। इस संकट के घड़ी में बड़ा सवाल यह है कि भारत किस तरह का गणराज रहेगा। क्या भारत वही गणराज रहेगा जिसकी कल्पना हमारे संविधान निमार्ताओ ने की थी या धीरे-धीरे ऐसा भारत बनाया जाएगा जिसमें लोकतंत्र का दिखावटी ढांचा तो मौजूद रहे लेकिन उसके भीतर की लोकतांत्रिक आत्मा कमजोर होती चला जाए।आज यह सवाल इसलिए खड़े हो रहे हैं कि एक चुनी हुई फांसीवादी रुझानों वाली तानाशाही सरकार हमारे लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा बन चुकी है। साफ शब्दों में कहा जाए आज भारतीय लोकतंत्र और संविधान की अस्तित्व पर गंभीर संकट है। ऐसे संकट में सवाल दिया है कि क्या संविधान द्वारा निर्मित लोकतांत्रिक संस्थाएं बच पाएगी। यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है कि सभी संस्थाएं गंभीर दबाव का सामना कर रही है। देश बड़े आर्थिक संकट से गुजर रहा है सरकार की नीतियों का असर किसानों मजदूरों और छोटे उद्योगों पर पड़ रहा है। अमेरिका की व्यापार नीति और भारत के साथ हुए समझौते से देश की खेती किसानी और उद्योग चैपट हो गया है। मेक इन इंडिया केवल नारा बनकर रह गया है। इसलिए बदलाव रैली में सहरसा सहित पूरे भारत से प्रदर्शनकारी किसान मजदूर छात्र नौजवान बुद्धिजीवी व्यापारी रामलीला मैदान में जुट रहे हैं सिर्फ देश की राजधानी पर दस्तक देने नहीं बल्कि इतिहास के पन्नों पर अपना दस्तखत करने पहुंच रहे हैं। वह इसलिए दिल्ली जा रहे है कि बीजेपी सरकार को एक क्षण भी रहने का हक नहीं है। रैली का नेतृत्व पार्टी के जिला सचिव परमानंद ठाकुर राज परिषद के सदस्य विजय कुमार यादव, उमेश पोद्दार, सहायक जिला सचिव अमर कुमार पप्पू ,उमेश चैधरी, सुरेन्द्र महतो,राजा भगत, राजकुमार चैधरी, बिंदेश्वरी साहनी, चंद किशोर भगत, प्रभु लाल दास ,शंकर कुमार चुनचुन देवी सहित हजार से अधिक साथी दिल्ली रैली के लिए रवाना हुए।यह जत्था 29 अगस्त की रात्रि में जनसाधारण से प्रस्थान किया मुरादाबाद से ट्रेन बदलकर नई दिल्ली जाएगा।




दिल्ली के लिए रवाना होते जत्था

## क्रीड़ा भारती के तत्पावधान में भारती चेस क्लब बनगांव द्वारा तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता प्रारंभ

**, प्रथम दिन 120 जोड़ी खिलाड़ी के बीच प्रथम चरण का चेस प्रतियोगिता आरम्भ**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** क्रीड़ा भारती के तत्पावधान में भारती चेस क्लब बनगांव द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता सह मेजर ध्यानचंद जयंती का आयोजन बनगांव के ललित झा बांगला पर आरंभ की गई। भारती चेस क्लब के अध्यक्ष सह क्रीड़ा भारती के संरक्षक शशिधर ठाकुर ने जानकारी दिए यह तीन दिवसीय आयोजन का उद्घाटन सत्र दिनांक 28 अगस्त के संध्या 6,00 बजे से सहरसा जिला के कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेह झा के द्वारा उदघाटन किया गया। इस उद्घाटन सत्र में चेस क्लब के कार्यकारणी अध्यक्ष निर्मल मिश्र, विनोद झा मुखिया, रत्नेश खां, विश्वनाथ खां,क्रीड़ा भारती उत्तर बिहार प्रांत के मंत्री अमित ठाकुर, चेस क्लब के सचिव प्रसून मिश्र, गणेश खां जनगण, बीरबल झा के अलावा कई गान्यमान की उपस्थिति थी। क्रीड़ा भारती के जिला मंत्री अंशु कुमार मिश्रा ने जानकारी दिए की क्रीड़ा भारती सहरसा के तत्वावधान में हर वर्ष मेजर ध्यानचंद जयंती और खेल पखवाड़ा दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। जिससे इस वर्ष भी सहरसा जिला अंतर्गत नगर पंचायत बनगांव के ललित झा बांग्ला पर खेल पखवाड़ा का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन के साथ खेल पखवाड़ा का आरंभ किया गया। भारती चेस क्लब के सचिव प्रसून मिश्र ने बताया कि प्रथम दिन 120 जोड़ी खिलाड़ी के बीच प्रथम चरण का चेस प्रतियोगिता आरम्भ की गई जिसमें जीते खिलाड़ी अगले राउंड के लिए उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष रूपेश कुमार कामत, खेलप्रेमी विदुरशेखर खां, निर्मल मिश्र नेता जी, दीपक झा, चंदन चैधरी व अन्य मौजूद रहे।



# आगामी नाट्य कार्यक्रम की तैयारी को लेकर इप्टा की बैठक

**शैक्षणिक गुणवत्ता व विद्यालयी व्यवस्था में सुधार के दिए सख्त निर्देश, बिना सूचना के अनुपस्थित तीन शिक्षकों से स्पष्टीकरण**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** इप्टा सहरसा की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को प्रमंडलीय पुस्तकालय परिसर में आयोजित की गयी। बैठक में आगामी अक्टूबर माह में आयोजित होने वाले नाट्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा, तैयारी और संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता इप्टा के प्रदेश महासचिव फिरोज अशरफ ने की। उन्होंने कहा कि सहरसा इप्टा निरंतर नाट्य परंपरा को कायम किए हुए हैं। इप्टा को राज्य स्तरीय नाट्य महोत्सव की जिम्मेवारी दी गई है। राज्य के छह जिलों की नाट्य प्रस्तुति होगी। महोत्सव में पूरे बिहार से इप्टा कर्मी भाग लेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में सहरसा में नाट्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को और व्यापक बनाया जायेगा। अक्टूबर माह में सहरसा में राज्य स्तरीय नाट्य महोत्सव करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपने तथा कलाकारों और युवाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इप्टा के प्रदेश सचिव राजन कुमार ने कहा कि इप्टा लंबे समय से जनसरोकारों से जुड़े सांस्कृतिक आंदोलन को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। बैठक में पटना इप्टा सचिव पियूष संयुक्त सचिव, बिहार इप्टा के एस.एस. हिमांशु, संजय सारथी, इप्टा उपाध्यक्ष अजहर खान, अनिल कुमार, रौनक कुमार पासवान, साहिल कुमार पासवान, सोहित कुमार पासवान, कुमार पुष्यमित्र वात्सल्य, गंगा राय, दीप नारायण, शत्रुघ्न रान, मिथुन राजा, राकेश कुमार, पवन कुमार, प्रशांतकुमार, अखिलेश कुमार, रमेश कुमार, अभिषेक, ईशानी कुमारी, नीलू कुमारी एवं वैमा कुमारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में सभी सदस्यों ने आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। सदस्यों ने कहा कि नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को जागरूक करने का प्रभावी माध्यम हैं। इप्टा के माध्यम से सामाजिक सरोकार, जनजीवन की समस्याएं और सांस्कृतिक चेतना से जुड़े विषयों को आम लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा. जानकारी देते हुए इप्टा के सचिव रमेश कुमार पासवान ने बताया कि 2 से 4 अक्टूबर तक इप्टा के द्वारा सच का रंगमंच एक उत्सव आयोजित किया जाएगा जिसमें तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाले टीम द्वारा नाटक की प्रस्तुति होगी बैठक के अंत में इप्टा के रंगकमीर्यो द्वारा देश के प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक सतीश आनंद के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।




बैठक में इप्टा कार्यकत्ता

## संक्षिप्त खबरें

### नियमित प्रत्येक घरों से कचरा उठाव करे स्वच्छता कर्मी : समन्वयक

**महेशखूंट।** प्रत्येक दिन सभी घरों से स्वच्छता कर्मी कचरा का उठाव करें। सप्ताह में एक दिन विशेष स्वच्छता अभियान चला कर सार्वजनिक स्थानों का साफ सफाई करें। डब्लूपीयू कर्मी नियमित कचरा की छंटाई तथा निष्पादन करते हुए खाद का निर्माण करें। वहीं सभी स्वच्छता कर्मी अपने अपने कार्य क्षेत्र में लोगों से युजर चार्ज की राशि संग्रह करके पंचायत की खाता में जमा करें। यह बातें पकरैल पंचायत में रविवार को स्वच्छता कर्मी के साथ आयोजित समिक्षा बैठक में गोगरी प्रखंड समन्वयक सन्नी कुमार ने कहीं। स्वच्छता पर्यवेक्षक रविशंकर कुमार ने कहा की पंचायत को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में आप सभी का भरपूर सहयोग की जरूरत है। किसी भी कर्मी की शिकायत आएगा है तो उस पर कारवाई किया जाएगा। वहीं स्वच्छता कर्मीओं ने बताया की डस्टबिन तथा सेनिटेशन कीट नहीं रहने के कारण कचड़ा उठाव करने में काफी परेशानी हो रही है। मुखिया अरूण कुमार ने बताया कि डस्टबिन तथा सेनिटेशन कीट उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव ले लिया गया है। जल्द ही सभी कर्मी का डस्टबिन तथा सेनिटेशन की उपलब्ध करा दिया जाएगा। मौके पर रामबिलास साह, रेखा देवी, योगेन्द्र सदा,जयकिशोर दास, अमीर दास , सुबोध दास,फंटुश कुमार,कैलू सदा, राजकुमारी देवी,प्रमीला देवी,किरण देवी,बटोरण तांती, ओमप्रकाश यादव,देवकांत साह आदि मौजूद थे।

### संत निरंकारी मिशन के द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**खगड़िया।** नगर परिषद क्षेत्र के सदर हस्पिटल रोड स्थित रेडक्रस भवन में रविवार को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।संत निरंकारी मिशन की ओर से बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के द्वारा चलाया गया इस पावन पुनीत 1986 से लगातार संत निरंकारी मिशन के द्वारा दूर देश प्रदेश विदेश में भी रक्तदान शिविर कर अल इंडिया में नंबर वन स्थान है तथा विश्व के रक्तदान करता में सबसे बड़ा मिशन है। बताते चले कि स्थानीय रेड क्रस के प्रांगण में सहरसा से आए हुए जय किशोर यादव, मिशन के संयोजक सह ज्ञान प्रचारक महात्मा अजय कुमार सिंह,दिलीप कुमार ने इस शिविर का उद्घाटन किया तथा सैकड़ो श्रद्धालु ने 110 यूनिट महात्माओं ने रक्तदाताओं ने रक्तदान कर जहां मानवता को संदेश दिया । वही संतुलितकारी मिशन की ओर से यह सुंदर पहल वर्षो वर्ष से चल रहा ।खगड़िया में भी लगातार 17 बार अभी 2008 से अभी तक प्रत्येक वर्ष संत निरंकारी मिशन की ओर से ब्लड रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर स्थानीय यूनिट के संचालक महात्मा शिक्षक,महात्मा स्थानीय संयोजक,महात्मा संचालिका बहन, शिक्षिका बहन सभी उपस्थित थे और सभी ने मिशन की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज का शुकराना किया कि यह निरंतर कारवा चलता रहे और रक्त तो बारे नदी नालियों में नहीं बल्कि इंसान के नारियों में ऐसा सतगुरु माता सुदीक्षा जी का ऐलान है।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल के मामले में दो गिरफ्तार

**बेलदौर।** पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध आगेयास्त्र के साथ वीडियो वायरल होने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद रविवार को दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बेलदौर थाना क्षेत्र के बोबिल पंचायत के वार्ड नंबर नौ निवासी सुचित मुखिया के पुत्र गौरव कुमार तथा वार्ड नंबर दस बेलदारी टोला निवासी स्वर्गीय रामविलास महतो के पुत्र प्रदीप कुमार के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर हथियार का प्रदर्शन करते हुए एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो का सत्यापन कराने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। इस संबंध में एसआई अभिषेक कुमार के लिखित आवेदन पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की आगे की जांच की जिम्मेदारी एसआई विकास कुमार को सौंपी गई है।

अन्य खबरें पेज नं 12 पर

# जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मनाया गया पंचायत विकास दिवस

## ‘सामाजिक न्याय एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत’ थीम पर हुई चर्चा, योजनाओं एवं विकास कार्यो की हुई समीक्षा



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले के सभी ग्राम पंचायतों में रविवार को पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संबंधित ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा की गई। इस दौरान पंचायत में संचालित विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं पर ग्राम पंचायतवासियों के साथ विस्तृत परिचर्चा की गई।

पंचायत विकास दिवस के दौरान विशेष रूप से पिछले एक माह में ग्राम पंचायत द्वारा लिए गए योजनागत निर्णयों, उन पर किए गए व्यय तथा आगामी एक माह में प्रस्तावित योजनाओं एवं उनके लिए अनुमानित व्यय पर चर्चा की गई। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जनभागीदारी एवं प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यो को आगे बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

इस अवसर पर पंचायत विकास दिवस का मुख्य थीम ‘सामाजिक न्याय एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत’ रहा। थीम के तहत ग्राम पंचायतों में सामाजिक न्याय, सामाजिक सुरक्षा एवं समावेशी विकास से जुड़े विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

‘सामाजिक न्याय एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत’ का उद्देश्य ऐसे ग्राम पंचायतों का निर्माण करना है, जहां प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार, सम्मान, सुरक्षा एवं न्याय प्राप्त हो। साथ ही सभी पात्र व्यक्तियों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो तथा कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गो का संरक्षण किया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा की गई। पंचायत स्तर पर पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं से वंचित नहीं रहने देने की दिशा में सामूहिक प्रयास पर बल दिया गया। पंचायत विकास दिवस के माध्यम से समावेशी, सुरक्षित, न्यायपूर्ण एवं जनभागीदारी आधारित ग्राम पंचायतों के निर्माण की दिशा में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

## किसानों की जमीन संबंधी परेशानी को लेकर सांसद राजेश वर्मा ने सीएम को लिखा पत्र

**खगड़िया।** जिले में गैरमजरूआ खास, बकाश्त, परती कदीम एवं टोपो लैंड सहित विभिन्न किस्म की भूमि से जुड़ी समस्याओं को लेकर सांसद राजेश वर्मा ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर लाखों किसानों एवं रैयतों को राहत देने की मांग की है। सांसद ने कहा कि भूमि से जुड़ी यह समस्या केवल कागजी या प्रशासनिक विषय नहीं है, बल्कि इससे जिले के लाखों परिवारों की आजीविका, आर्थिक सुरक्षा और भविष्य सीधे तौर पर प्रभावित हो रहा है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में सांसद ने बताया कि खगड़िया जिले में बड़ी संख्या में किसान एवं रैयत लंबे समय से गैरमजरूआ खास, बकाश्त, परती कदीम एवं टोपो लैंड जैसी भूमि की प्रति से जुड़े राजस्व अभिलेखों और खरीद-बिक्री पर लगे प्रतिबंधों के कारण परेशान हैं। कई रैयतों के पास वर्षो पुराने जमीन संबंधी दस्तावेज, जमाबंदी, लगान अथवा राजस्व भुगतान की रसीद सहित अन्य अभिलेख उपलब्ध हैं। इसके बावजूद कई मामलों में जमीन खरीद-बिक्री की रोक सूची में शामिल होने के कारण रैयत अपनी जरूरत के समय अपनी संपत्ति का उपयोग या वैध हस्तांतरण नहीं कर पा रहे हैं। सांसद ने पत्र में विशेष रूप से गरीब, छोटे और मध्यम किसानों की परेशानियों को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा कि कई परिवार अपनी जमीन का उपयोग बेटी की शादी, बच्चों की पढ़ाई, गंभीर बीमारी के इलाज, षि कार्य अथवा कर्ज चुकाने जैसी जरूरी परिस्थितियों में करना चाहते हैं। लेकिन भूमि संबंधी प्रतिबंधों के कारण उनके सामने आर्थिक संकट और गहरा जाता है।


सांसद राजेश वर्मा।

राजेश वर्मा ने कहा कि जब किसी परिवार के पास जमीन ही उसकी सबसे बड़ी आर्थिक संपत्ति और सहारा हो तथा जरूरत के समय उसी संपत्ति का वैध रूप से उपयोग नहीं किया जा सके, तो परिवार की मुश्किलें कई गुना बढ़ जाती हैं। इसलिए इस समस्या का समाधान मानवीय और संवेदनशील ष्टिकोण से किया जाना आवश्यक है। सांसद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को निर्देशित कर खगड़िया जिले में विशेष अभियान चलाया जाए। इस अभियान के तहत गैरमजरूआ खास, बकाश्त, परती कदीम एवं टोपो लैंड सहित संबंधित भूमि का दस्तावेजवार एवं रैयतवार निष्पक्ष सत्यापन कराया जाए। उन्होंने मांग की है कि जांच में जिन रैयतों की भूमि वैध एवं विवादमुक्त पाई जाती है, उनकी भूमि को नियमानुसार खरीद-बिक्री की रोक सूची से बाहर करने की कार्रवाई की जाए तथा उनके नाम से नियमित राजस्व रसीद निर्गत करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सांसद ने यह भी कहा कि जिन मामलों में वास्तविक विवाद अथवा सरकारी भूमि से संबंधित कोई आपत्ति हो, उनका भी समयबद्ध तरीके से निपटारा कराया जाना चाहिए। इससे वैध रैयतों को अनावश्यक रूप से वर्षो तक सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। राजेश वर्मा ने मुख्यमंत्री से इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की संवेदनशील पहल से खगड़िया के लाखों किसानों और रैयतों को बड़ी राहत मिल सकती है तथा भूमि संबंधी विवादों और प्रशासनिक परेशानियों को भी कम किया जा सकेगा। सांसद ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री के स्तर से इस व्यापक जनहित के मामले में शीघ्र सकारात्मक पहल होगी और वर्षो से परेशानी झेल रहे किसानों एवं रैयतों को न्याय एवं राहत मिल सकेगी।

## पसराहा स्टेशन पर विभिन्न मांगों को लेकर रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति का एक दिवसीय धरना

**पसराहा।** कटिहार-बरौनी रेलखंड के अंतर्गत आने वाले पसराहा स्टेशन परिसर स्थित बजरंग बली मंदिर के प्रांगण में रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति, पसराहा के तत्वावधान में एक दिवसीय धरने का आयोजन किया गया। इस शांतिपूर्ण धरने का मुख्य उद्देश्य पसराहा स्टेशन पर रेल यात्रियों की बुनियादी सुविधाओं को सुढ़ करना और लंबी दूरी की महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग को प्रमुखता से रेल प्रशासन तक पहुंचाना था। धरने के दौरान स्थानीय लोगों और समिति के सदस्यों ने रेलवे विभाग के समक्ष अपनी कई अहम मांगें पुरजोर तरीके से रखीं। इन मांगों में मुख्य रूप से कैपिटल एक्सप्रेस, टाटा लिंक एक्सप्रेस, आम्रपाली एक्सप्रेस और सियालदह एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों का पसराहा स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित करना शामिल है। इसके अतिरिक्त स्टेशन के बुनियादी ढांचे में सुधार की आवश्यकता जताते हुए प्लेटफर्म का उंचीकरण और विस्तार करने की भी मांग की गई है। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दोनों प्लेटफर्म पर स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था करने तथा शौचालय निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, क्षेत्र के लोगों का आवागमन अधिक सुलभ बनाने के लिए महेशखूंट-मुंगेर पैसेंजर ट्रेन का पसराहा स्टेशन तक विस्तार करने की भी मांग रखी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति, पसराहा के संयोजक सच्चिदानंद सिंह ने की, जबकि मंच का कुशल संचालन रणधीर कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर रेल उपभोक्ता समिति के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुभाष जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके अलावा कार्यक्रम में सच्चिदानंद यादव, रामसेवक सिंह, सीताराम यादव, रणवीर यादव, अजय सिंह, मो़ रिजवान आलम, अखिलेश कुमार, राजेश शर्मा, जोगी सिंह, हरिवंश सिंह, योगेंद्र चौधरी, हिमांशु कुमार और प्रभास कुमार सहित दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित थे, जिन्होंने रेलवे के प्रति अपनी मांगों को लेकर एकजुटता का परिचय दिया।

## संत कुंवर बाबा महोत्सव एवं सम्मान समारोह की तैयारी हुआ पुरी

### आज पहुंचेगें सांसद, विधायक एवं एमएलसी

**खगड़िया।** सोमवार को खगड़िया राजकौशल रिसोर्ट में होने जा रहे कुंवर महोत्सव एवं सम्मान समारोह को तैयारी पुरी कर लिया गया है।बिहार कुम्हार प्रजापति समवन्य समिति के वरीय उपाध्यक्ष सिकन्दर आजाद वक्त ने बताया की महोत्सव एवं सम्मान समारोह को लेकर तैयारी कर लिया गया है। आजाद ने बताया की महोत्सव में सम्मान समारोह में बिहार सरकार द्वारा प्रजापति सामाज से दो एमएलसी ( विधान परिषद सदस्य) दिया गया है, जिसमें शिवरानी प्रजापति, एवं शीला पंडित सम्मान समारोह का मुख्य अतिथि होगें। जबकि महोत्सव एवं सम्मान समारोह में खगड़िया सांसद राजेश वर्मा, सदर विधायक बबलू मंडल, परवत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य, अलौली विधायक रामचंद्र सदा, एवं बैलदौर विधायक पन्नालाल सिंह पटेल को भी आमंत्रित किया गया है। आजाद ने बताया की कार्यक्रम में छरू राज्यों के प्रजापति सामाज के नेता भी भाग ले रहे हैं। वहीं छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया जायेगा। वक्त ने बताया की कार्यक्रम 10 बजे दिन से शुरू होगा। इधर जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल पंडित, जिला सचिव नटवरलाल सुमन, कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश प्रजापति ने बताया की कार्यक्रम को लेकर पुर्ण तैयारी है, एवं हजारों की संख्या में प्रजापति सामाज के लोग महोत्सव एवं सम्मान समारोह में भाग लेगें।

# ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन का खगड़िया जिला सम्मेलन संपन्न

## 21 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन, नालीलेश कुमार सिन्हा अध्यक्ष एवं शिवजी महतो महासचिव निर्वाचित

**खगड़िया (एनएसबी)।** अल इंडिया लयर्स यूनियन का खगड़िया जिला सम्मेलन रविवार को जिला विधिज्ञ संघ में उत्साहपूर्ण एवं सांगठनिक वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में जिले के अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं, उनके अधिकारों तथा न्याय व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण सवालों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया।

सम्मेलन का उद्घाटन बिहार राज्य अल इंडिया लयर्स यूनियन के राज्य महासचिव क् विजेंद्र कुमार सिंह ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने अधिवक्ताओं के अधिकारों की रक्षा, उनकी सामाजिक सुरक्षा तथा संगठन को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उद्घाटन सत्र के बाद सचिव द्वारा सांगठनिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात जिला सचिव शिवजी महतो ने राजनीतिक एवं सांगठनिक रिपोर्ट सम्मेलन के समक्ष पेश की। प्रस्तुत रिपोर्ट पर सम्मेलन में शामिल अधिवक्ताओं ने सक्रिय रूप से बहस में हिस्सा लिया और संगठन को आगे बढ़ाने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे।



संबोधित करते अतिथि।

इस अवसर पर विधिज्ञ संघ, खगड़िया के महासचिव नागेश्वर गुप्ता ने सम्मेलन में उपस्थित सभी साथियों का अभिनंदन किया तथा सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

सम्मेलन में अधिवक्ताओं की प्रमुख मांगों को लेकर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गया। इसमें अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, नए अधिवक्ता साथियों को स्टाइपेंड का अविलंब भुगतान करने, अधिवक्ता की मृत्यु अब्बूरिटायरमेंट पर 50 लाख रुपये की राशि का भुगतान करने, नए अधिवक्ताओं के रजिस्ट्रेशन शुल्क में की गई वृद्धि वापस लेने, अधिवक्ता पेंशन लागू करने, अधिवक्ताओं के लिए विधान परिषद की सीट का आवंटन करने तथा अधिवक्ता नगर निर्माण के लिए भूमि का आवंटन सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख रही।

सम्मेलन में सर्वसम्मति से 21 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन किया गया। नवगठित कमेटी में नालीलेश कुमार सिन्हा को अध्यक्ष, शिवजी महतो को महासचिव तथा अनिल कुमार वर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया।

सम्मेलन के राज्य पर्यवेक्षक वीरेंद्र नाथ मिश्रा ने संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित जिला कमेटी को बधाई दी और अधिवक्ताओं के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा के लिए संगठित होकर संघर्ष को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

आगामी राज्य सम्मेलन के लिए खगड़िया जिले से 19 प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया। सम्मेलन में संगठन के विस्तार एवं मजबूती के साथ-साथ अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर आगामी दिनों में आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन का समापन बिहार राज्य यूनियन के राज्य महासचिव विजेंद्र कुमार सिंह के संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने नवनिर्वाचित जिला कमेटी को बधाई देते हुए अधिवक्ताओं के हितों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### करुवा मोड़ से महेशखूंट के बीच एनएच-107 पर बना पुल क्षतिग्रस्त

**चौथम।** प्रखंड क्षेत्र के क्ड़ होते जा रहे हैं। पुलों की ऊपरी सतह पर डाली गई पीसीसी परत कई जगह से टूटने लगी है, जिससे पुल के अंदर लगा सरिया अब खुले तौर पर दिखाई देने लगा है। सड़क पर उभरे लोहे के ये छड़ किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते पुलों का मेंटेनेंस नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर प्रतिदिन छोटे-बड़े वाहनों के साथ-साथ भारी वाहनों की भी बड़ी संख्या में आवाजाही होती है। पुल से आने-जाने वाले वाहनों से लेकर यात्री बस, मालवाहक वाहन और अन्य व्यावसायिक वाहन लगातार इन पुलों से होकर गुजरते हैं। ऐसे में पुल की ऊपरी सतह का लगातार टूटना दुर्घटना की आशंका को बढ़ा रहा है। पुल के ऊपर कई स्थानों पर पीसीसी की ढलाई टूट चुकी है और इसके नीचे का सरिया स्पष्ट रूप से बाहर निकल आया है। यदि किसी वाहन के टायर में यह निकला हुआ सरिया धंस जाता है या वाहन का संतुलन बिगड़ता है, तो गंभीर दुर्घटना हो सकती है। खासकर दोपहिया वाहनों के लिए ऐसी स्थिति बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। स्थानीय लोगों ने विभाग से मांग की है कि किसी अप्रिय घटना के इंतजार के बजाय तत्काल क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कराकर पुल को सुरक्षित बनाया जाए। बताया जाता है कि करुवा मोड़ से महेशखूंट के बीच एनएच-107 पर विभाग की ओर से कुल चार आरसीसी पुलों का निर्माण कराया गया है। इनमें करुवा मोड़ से आगे स्थित दो पुलों पर क्षति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। वहीं, पिपरा के पास बनाए गए आरसीसी पुल में भी पुल और उसके एप्रोच पथ के बीच छोटे धंसान की स्थिति बनी हुई है। यह धंसान भी भविष्य में वाहनों की आवाजाही के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। इसी मार्ग पर पकड़ैल जाने वाले पथ के पास खांरो धार पर बने आरसीसी पुल की स्थिति फिलहाल अपेक्षात ठीक बताई जा रही है। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि अन्य तीन पुलों में अलग-अलग स्तर पर मेंटेनेंस और रिपेयरिंग की आवश्यकता महसूस हो रही है। समय रहते इन पुलों की जांच और मरम्मत नहीं की गई तो क्षति और बढ़ सकती है।सबसे बड़ी बात यह है कि पुल की स्थिति यदि अधिक जर्जर हो जाती है तो मरम्मत कार्य के दौरान पुल पर वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ सकती है। ऐसी स्थिति में क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस मार्ग से प्रतिदिन सहरसा, मधेपुरा, सिंहेश्वर, भागलपुर, बेगूसराय और पटना सहित विभिन्न शहरों के लिए दर्जनों यात्री वाहन गुजरते हैं। पुल पर आवागमन बाधित होने से यात्रियों के साथ-साथ स्थानीय मक्का व्यापार और आम जनजीवन भी प्रभावित हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलों की वर्तमान स्थिति को देखते हुए विभाग को तत्काल तकनीकी टीम भेजकर सभी पुलों का निरीक्षण कराना चाहिए। जहां पीसीसी की सतह टूट गई है, वहां तत्काल मरम्मत कराकर निकले हुए सरिये को सुरक्षित तरीके से कवर किया जाए। साथ ही पुल और एप्रोच पथ के बीच बने धंसान की भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि पुल की मरम्मत में देरी करना भविष्य में बड़ी समस्या को जन्म दे सकता है। यदि समय रहते मेंटेनेंस का कार्य करा दिया जाता है तो पुलों को सुरक्षित रखने के साथ-साथ संभावित दुर्घटनाओं को भी रोका जा सकता है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इन क्षतिग्रस्त पुलों की स्थिति को कितनी गंभीरता से लेते हुए कब तक आवश्यक मेंटेनेंस और मरम्मत कार्य शुरू करता है।

### बलुआही ठाकुरबाड़ी में झूलन महोत्सव संपन्न

**खगड़िया।** शहर के बलुआही ठाकुरबाड़ी कुश्ती (दंगल) कमिटी के सदस्य रणवीर कुमार ने कहा बलुआही ठाकुरबाड़ी में हो रहे पांच दिवसीय झुलन महोत्सव सम्पन्न हो गया। बलुआही ठाकुरबाड़ी के सदस्य सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव एवं ठाकुरबाड़ी के सचिव संजय कुमार उर्फ वेदो यादव ने बताया कि बलुआही ठाकुरबाड़ी में झुलन महोत्सव लगभग दौ सौ वर्षो धूमधाम से मनाया जाताहै। प्रत्येक वर्ष सावन के अंतिम पांच दिन झुलन महोत्सव मनाया जाता है।रक्षाबंधन पुर्णिमा के दिन समापन होताहै। इस बार पांच दिवसीय झुलन महोत्सव के अवसर पर चार दिवसीय अंतरराज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता कराया गया। नेपाल,मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के कानपुर,बनारस,गाजीपुर, झाँसी,राजस्थान,अयोध्या, झारखंड बिहार के छपरा ,पटना, बक्सर,भागलपुर, बेगूसराय एवं खगड़िया के रोहियार, बलौर, उसरी,तेहाय,रसौंक,पौरा और खगड़िया नगर परिषद खगड़िया के बलुआही के महिला एवं पुरुष पहलवानों कुश्ती (दंगल) प्रतियोगिता हुआ । झुलन महोत्सव के अवसर पर पांच दिन रात्रि के सांसतिक कार्यक्रम कराया गया। झुलन महोत्सव में आये लोगों ने सांसतिक कार्यक्रम में खूब मनोरंजन किये। झुलन मेला में ब्रेक डांस झूला,नाव झूला एवं बच्चों के लिए कई प्रकार के झूले लगे थे। ठाकुरबाड़ी में पांच दिनों तक ठाकुर जी का विशेष आरती एवं भोग के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।पांच दिनों तक अलग-अलग प्रसाद का भोग लगाया गया और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

### पीरनगरा में ग्राम सभा का हुआ आयोजन

**बेलदौर ।** प्रखंड क्षेत्र के आदर्श ग्राम पंचायत राज पीरनगरा स्थित पंचायत सरकार भवन में पंचायत विकास दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।बइस ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथिइप्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इसके बाद राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। उसके बाद मुखिया एवं जनप्रतिनिधि के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पंचायती राज पदाधिकारी प्रमोद कुमार पासवान तथा सरपंच को अंग वस्त्र एवं फूल माला देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार यादव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सामाजिक न्याय और सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव के निर्माण पर विस्तार पूर्वक चर्चा करना और संबंधित योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद ग्रामीण तक पहुंचाना सुनिश्चित करना है।उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और सभी ग्रामीणों से ग्राम सभा में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की, ताकि पंचायत का समग्र विकास हो सके।इस मौके पर पंचायत सचिव देवानंद , सरपंच गजेंद्र राम शिक्षक नेता ब्रजेश कुमार यादव ,वार्ड सदस्य, आंगनवाड़ी सेविका, जीविका दीदियां सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### जिला खेल पदाधिकारी ने वेटलिफ्टिंग खिलाडियों को किया सम्मानित

#### अक्षिता और आलोक को गोल्ड मेडल तो अमन को सिल्वर मेडल

**खगड़िया।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर खगड़िया जिला खेल भवन में वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार,असैन्य पदाधिकारी ड़अमोद कुमार एवं जिला एसोसिएशन सचिव संतोष कुमार ने बालिका वर्ग में अक्षिता कुमारी, बालक में आलोक कुमार को गोल्ड मेडल तो अमृता कुमारी एवं आदित्य कुमार को सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया। शेष सभी प्रतिभागी खिलाडियों को भी मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। वही खगड़िया जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष प्रेम कुमार यशवंत ने कहा कि इस खेल के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जायेगा। मौके पर कोच बंटी कुमार,एसोसिएशन अध्यक्ष सदस्य श्रवण आर्य, अभिभावक चुन्नु मिश्रा, संजीत कुमार, शारीरिक शिक्षक शशिकांत रंजन,मनोज कुमार, राजकुमार आदि मौजूद थें।

# स्पोर्ट्स क्लब फुल्का ने रेनबो क्लब को 2-0 से हराया

## सुमन कुमार के दो गोल से स्पोर्ट्स क्लब फुल्का को मिली शानदार जीत

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल के निर्देशानुसार प्रदर्शनी फुटबल मैच स्पोर्ट्स क्लब फुल्का और रेनबो क्लब फुल्का के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पोर्ट्स क्लब फुल्का ने रेनबो क्लब फुल्का को 2-0 से पराजित कर जीत दर्ज की।मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। पहले हाफ में स्पोर्ट्स क्लब फुल्का के खिलाड़ियों ने कई अच्छे हमले किए। खेल के 13वें मिनट में सुमन कुमार ने बेहतरीन गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद रेनबो क्लब के खिलाड़ियों ने बराबरी के लिए लगातार प्रयास किया।लेकिन फुल्का के मजबूत डिफेंस के सामने उनकी कोशिशें सफल नहीं हो सकीं।दूसरे हाफ में भी स्पोर्ट्स क्लब फुल्का का दबदबा कायम रहा। खेल के 48वें मिनट में सुमन कुमार ने अपना दूसरा गोल दागकर टीम की बढ़त 2-0 कर दी। इसके बाद रेनबो क्लब ने वापसी की कोशिश की, लेकिन निर्धारित समय तक कोई गोल नहीं कर सकी। इस तरह स्पोर्ट्स क्लब फुल्का ने 2-0 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। सुमन कुमार को शानदार प्रदर्शन के लिए विशेष सराहना मिली।मौके पर जेएसए के क्रीड़ा पदाधिकारी विवेक प्रीतम कुमार, सहायक क्रीड़ा पदाधिकारी संतोष कुमार, जेएसए महासचिव संदीप शर्मा, सहायक सचिव मनीष कुमार, निर्णायक कोच आर्थन कुमार, फुटबल सचिव संजय कुमार एवं मिथुन कुमार सहित खेल उद्घोषक अजीत कुमार और खेलप्रेमी विनोद उपाध्याय, अशोक यादव, महेश हेम्ब्रम समेत बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे।मैच में निर्णायक मंडली की भूमिका शिवत गौतम, ष्णानंद, संतोष कुमार एवं मिथुन कुमार ने निभाई। अगला मुकाबला जमालपुर वर्कशप इलेवन और इलेवन स्टार एथलेटिक क्लब जमालपुर के बीच खेला जाएगा।


रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज करने वाली टीम फुल्का।

## ललन सिंह के जनसंवाद को लेकर जदयू ने कसी कमर

### छह सितंबर को जमालपुर में होगा जोरदार स्वागत

### वार्डों में जनसंवाद के दौरान जनता से रूबरू होंगे केंद्रीय मंत्री

### विकास कार्यो और समस्याओं पर होगी चर्चा

**जमालपुर (मुंगेर)।** केंद्रीय मंत्री एवं मुंगेर के सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के आगामी छह सितंबर को जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में प्रस्तावित जनसंवाद कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जदयू कार्यकर्ताओं ने तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में रविवार को वार्ड पार्षद सुदेश मंडल के आवास पर जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों और केंद्रीय मंत्री के स्वागत को लेकर विस्तृत चर्चा की


बैठक करते जेडीयू नेता।

गई।जमालपुर नगर परिषद के अध्यक्ष रवि रंजन कुमार उर्फ बब्बू दा ने कहा कि जमालपुर में नल-जल की समस्या को दूर करने के लिए सांसद के प्रयास से नगर परिषद को बड़ी राशि उपलब्ध हुई है। इससे नल-जल समेत विभिन्न लंबित विकास कार्यो को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास को प्राथमिकता देकर योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। छह सितंबर को जनसंवाद कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के साथ जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल भी मौजूद रहेंगे। जनप्रतिनिधि विभिन्न वार्डो में लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों से अवगत होंगे।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जदयू कार्यकर्ता अभी से जुट गए हैं। विभिन्न स्तरों पर केंद्रीय मंत्री एवं विधायक का जोरदार स्वागत किया जाएगा। बैठक में गोपाल ष्ण, रक्कू शर्मा, राजकुमार राज, चंदन कुमार, मनोज मंडल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गंगा में बहकर पहुंचे दो शव, सिंघिया दास टोला घाट पर ग्रामीणों में दहशत

### नेपाल की बाढ़ से शवों के बहकर आने की चर्चा

### पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**जमालपुर (मुंगेर)।** नेपाल में आई भीषण बाढ़ और जलप्रलय के बाद नदियों में शव बहकर आने की घटनाओं के बीच रविवार को सिंघिया दास टोला के समीप गंगा नदी के तट पर दो अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने गंगा की तेज धारा में शवों को बहते देखा और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते के बाद मुफस्सिल थाना पुलिस नहीं पहुंची तो सफियासराय थाना प्रभारी संजीत कुमार मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों शवों को नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। दोनों शवों की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। पुलिस पहचान कराने के प्रयास में जुटी है। थानाध्यक्ष एवं ग्रामीणों ने बताया कि नेपाल में आई भीषण बाढ़ के बाद पिछले कुछ दिनों से गंगा नदी की तेज धारा में शव बहते दिखाई देने की चर्चा है। सिंघिया दास टोला के गंगा तट पर भी शव मिलने से नदी किनारे बसे लोगों में भय और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि नदी के बढ़े जलस्तर और तेज बहाव के बीच इस तरह की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।हालांकि सिंघिया दास टोला घाट पर मिले दोनों शव नेपाल की बाढ़ में बहकर आने की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पहचान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से गंगा नदी में निगरानी बढ़ाने और शवों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## सुपर एक्सप्रेस को पटना से चलाने के निर्णय का जमालपुर में विरोध

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर से हावड़ा जाने वाली 13071, 13072 हावड़ा-जमालपुर एक्सप्रेस को पटना से चलाने की रेलवे की घोषणा के बाद विरोध तेज हो गया है। सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के साथ अब रेलवे के श्रमिक संगठन भी निर्णय के विरोध में उतर आए हैं। रेल कारखाना जमालपुर के अल इंडिया एससीएसटी रेलवे एम्प्लईज एसोसिएशन ने भी इस फैसले को जनहित के प्रतिकूल बताया है।एसोसिएशन के सचिव सतीश भारती ने कहा कि पूर्व रेलवे का जोनल मुख्यालय कोलकाता में होने के कारण जमालपुर कारखाना, डीजल शेड व ओपन लाइन के बड़ी संख्या में रेलकर्मियों और अधिकारियों को नियमित रूप से कोलकाता जाना पड़ता है। वर्तमान में जमालपुर से चलने वाली यह ट्रेन उनके लिए सुविधाजनक साधन है। पटना से संचालन शुरू होने पर जमालपुर से आरक्षित सीट व बर्थ की उपलब्धता प्रभावित होने की आशंका है।उन्होंने कहा कि जमालपुर रेलवे अस्पताल से गंभीर मरीजों को उच्च चिकित्सा के लिए बीआर सिंह अस्पताल, सियालदह रेफर किया जाता है। ट्रेन जमालपुर से शुरू होने के कारण गंभीर मरीजों को चढ़ाने और वापस उतारने में सुविधा होती है। संचालन बदलने से मरीजों को परेशानी होगी।भारती ने कहा कि जमालपुर, भागलपुर, कहलगांव सहित आसपास के व्यापारियों और आम यात्रियों के लिए यह ट्रेन महत्वपूर्ण है। पटना-हावड़ा मार्ग पर पहले से कई ट्रेनें उपलब्ध हैं। ऐसे में ट्रेन को पटना से चलाने के बजाय जमालपुर से ही यथावत संचालित किया जाना व्यापक जनहित में होगा।


सचिव सतीश भारती।

## मेल मेडिकल वार्ड में रविवार को अचानक अजगर सांप घुसा

**जमालपुर(मुंगेर)।** रेलवे मुख्य अस्पताल जमालपुर के मेल मेडिकल वार्ड में रविवार को अचानक अजगर सांप दिखाई देने से डक्टर, नर्स और मरीजों के बीच अफरा-तफरी मच गई।



जमालपुर का रेलवे मुख्य अस्पताल परिसर।

वार्ड में अजगर को देखकर मरीजों और उनके परिजनों में भय का माहौल बन गया। करीब दो घंटे तक अजगर के वार्ड में रहने की सूचना है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन की ओर से इसकी सूचनो क रेस्क्यू टीम को दी गई। सूचना मिलने के बाद टीम के पहुंचने पर अजगर वार्ड से बाहर निकल गया।बताया जाता है कि रेलवे अस्पताल परिसर में सांप निकलने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी अस्पताल परिसर के साथ-साथ विभिन्न वार्डो में कई बार सांप निकलने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अस्पताल के चारों ओर झाड़ी और जंगल उग जाने तथा नियमित रूप से साफ-सफाई एवं झाड़ियों की कटाई-छंटाई नहीं होने को इसका प्रमुख कारण बताया जा रहा है।इधर अस्पताल में भर्ती मरीजों ने वार्ड और बाथरूम में गी रहने की भी शिकायत की है। मरीजों का कहना है कि अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। झाड़ियों की नियमित कटाई-छंटाई नहीं होने से जहरीले जीव-जंतुओं के अस्पताल परिसर में पहुंचने का खतरा बना रहता है।मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों ने अस्पताल प्रबंधन से परिसर की नियमित साफ-सफाई कराने तथा झाड़ी-जंगल की कटाई-छंटाई कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## ट्रेन से शराब की खेप उतारकर स्टेशन से बाहर ले जाने की कोशिश, दो गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर रेलवे स्टेशन पर उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ट्रेन से अंग्रेजी शराब की खेप उतारकर स्टेशन से बाहर ले जाने की कोशिश कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से अंग्रेजी शराब की आठ बोतलें बरामद की गईं। बरामद शराब की प्रत्येक बोतल 700 एमएल की है।उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी कि ट्रेन के माध्यम से अंग्रेजी शराब की खेप जमालपुर स्टेशन पहुंचने वाली है। सूचना के सत्यापन के बाद निरीक्षक मद्यनिषेध शाखा सुधांशु कुमार के नेतृत्व में टीम जमालपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी शुरू की।इसी दौरान शाम करीब 7रू05 बजे ट्रेन संख्या 14003 के जमालपुर स्टेशन पहुंचने पर टीम की नजर दो संदिग्ध युवकों पर पड़ी। दोनों युवक ट्रेन की बोगी से एक बैग लेकर नीचे उतरे। ट्रेन से उतरने के बाद एक युवक ने बैग दूसरे साथी को सौंप दिया और दोनों स्टेशन के पूर्वी छोर की ओर तेजी से बढ़ने लगे। संदेह होने पर पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। दोनों भागने लगे, लेकिन टीम ने पीछा कर रेलवे फुटओवर ब्रिज के समीप दोनों को घेरकर पकड़ लिया।पूछताछ में गिरफ्तार युवकों की पहचान शेर कुमार निवासी बेलन बाजार दुर्गा स्थान तथा श्रम कुमार निवासी पासवान टोला के रूप में बताई गई है।तलाशी के दौरान बैग से आठ बोतल विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में एक आरोपित ने बताया कि शराब ट्रेन से लाकर दूसरे युवक को स्टेशन से बाहर ले जाने के लिए दी जा रही थी। बरामद शराब को विधिवत जब्त कर दोनों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



बरामद कर आपको दिखाई आरपीएफ।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी धन जनता का धन, एक-एक पाई का हिसाब जरूरी : मुकेश कुमार सिंह

### भाजपा नेता ने कहा- विकास का पैसा कागजों में नहीं धरातल पर दिखना चाहिए

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा के कद्दावर नेता मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी धन किसी व्यक्ति, अधिकारी या जनप्रतिनिधि की निजी संपत्ति नहीं, बल्कि जनता का धन है। इसलिए विकास योजनाओं पर खर्च होने वाली राशि की एक-एक पाई का हिसाब जनता के सामने होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, पेयजल, विद्यालय, स्वास्थ्य, स्वच्छता और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित राशि का वास्तविक लाभ आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। केवल कागजों पर योजनाओं की स्वीति और खर्च दिखाना पर्याप्त नहीं है। विकास कार्यो की गुणवत्ता और समयबद्धता की नियमित निगरानी भी जरूरी है।मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुशासन की बुनियाद हैं। पंचायत स्तर पर ग्रामसभा को मजबूत कर जनता को योजनाओं, बजट, लागत और कार्य की प्रगति की जानकारी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी धन का दुरुपयोग जनता के साथ विश्वासघात है और अनियमितता मिलने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि विकास की असली पहचान बजट की बड़ी राशि नहीं, बल्कि जनता के जीवन में दिखाई देने वाला बदलाव है।

### शराब या कुछ और चार युवकों की हालत बिगड़ी, पटना रेफर

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के बेढ़ना गांव में एक साथ चार युवकों की अचानक तबीयत बिगड़ने से इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि युवकों ने किसी नशीले पदार्थ का सेवन किया था। इसके बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी।परिजनों ने आनन-फानन में सभी को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं कि युवकों ने शराब पी थी या किसी अन्य नशीले पदार्थ का सेवन किया था।घटना की वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है। चारों युवकों की हालत को लेकर परिजनों में चिंता बनी हुई है।

### वरिष्ठ प्रचारक ड़ इंद्रेश कुमार से मिले भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, लिया आशीर्वाद

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पटना में भाजपा के कद्दावर नेता मुकेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय


आशीर्वाद प्राप्त करते मुकेश कुमार सिंह, बाढ़।

स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ड़ इंद्रेश कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने ड़ इंद्रेश कुमार से आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। भेंट के दौरान सामाजिक, राष्ट्रहित एवं संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा हुई। मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संगठन की विचारधारा और राष्ट्रहित को केंद्र में रखकर समाज के बीच निरंतर सक्रिय रहना ही कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि ड़ इंद्रेश कुमार का अनुभव और मार्गदर्शन समाजसेवा तथा राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने वालों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने इस मुलाकात को आत्मीय और प्रेरणादायी बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनपुर में हरिहर क्षेत्र दीपोत्सव 2026 की तीसरी आम बैठक संपन्न

### 3.01 लाख दीपों से सजेगा नारायणी मईया का घाट

**सोनपुर (एन एसबी)**हरिहर क्षेत्र दीपोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर रविवार को तीसरी आम बैठक काली मंदिर के पीछे स्थित ठाकुर बाड़ी प्रांगण में दीपोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री कौशिक कुमार सिंह की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक के दौरान समिति के नए पदाधिकारियों के चयन की घोषणा की गई, जिसमें सर्वानंद सिंह, रंजन कुमार और विवेक कुमार श्छोटू जीश (वीआर फर्म) को सर्वसम्मति से दीपोत्सव आयोजन समिति का उपाध्यक्ष चुना गया। 3,01,000 दीपकों से भव्य दीप श्रृंगार इस वर्ष का दीपोत्सव अभूतपूर्व और ऐतिहासिक होने जा रहा है। आयोजन समिति ने निर्णय लिया है कि इस बार 3 लाख 1 हजार (3,01,000) मिट्टी के दीपकों से नारायणी मईया का भव्य दीप श्रृंगार कर दीपोत्सव मनाया जाएगा सजावट और बुनियादी ढांचे के प्रमुख निर्णयरू घाटों की विशेष


बैठक करते आस्था का जनसैलाब।

सजावटरू कालीघाट, भारत वंदना घाट और गोकर्ण बाबा श्मशान घाट पर विशेष रूप से आकर्षक सजावट की जाएगी। ट्रस एवं भव्य द्वाररूसांसतिक कार्यक्रमों और व्यवस्था के लिए भारत वंदना घाट पर दो ट्रस तथा कालीघाट पर एक ट्रस लगाया जाएगा। कालीघाट के मुख्य सामने एक बड़ा भव्य द्वार बनाया जाएगा और दोनों तरफ रोशनी व फूलों से सजावट होगी। लाइटिंग और प्रवेश मागरू गज ग्राह मूर्ति से वीआर फर्म होते हुए तथा गज ग्राह मूर्ति के उत्तर वाले रास्ते से दीपोत्सव घाट एवं भारत वंदना घाट तक दो भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। पूरे रास्ते को आकर्षक बिजली की रोशनी से जगमगाया जाएगा। इसके साथ ही गज ग्राह मूर्ति की भी भव्य सजावट की जाएगी।प्रशासनिक सहयोगरू कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन से आवश्यक सहायता और सुरक्षा व्यवस्था का अनुरोध किया जाएगा। इसके लिए कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल गठित किया गया है। बैठक का समापन कौशिक कुमार सिंह के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। बैठक में उपस्थित गणमान्य लोगरू इस महत्वपूर्ण बैठक में नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष रंजन कुमार, विवेक कुमार (वीआर फर्म) व सरमानंद सिंह, कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिन्हा, सह कोषाध्यक्ष दयाशंकर सिंह, हरिहर क्षेत्र जन जागरण मंच के संस्थापक अनिल कुमार सिंह, अध्यक्ष सतीश कुमार प्रसाद साह, महासचिव अमरनाथ तिवारी उपस्थित रहे। इनके अलावा शैलेंद्र पांडे, बुटन हाजरा, गोकुल पांडे, विजय सिंह, पप्पू पांडे, सुरेंद्र साहनी, लगन पांडे, ड अनिल कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह नेताजी, प्रियांशु सिंह, बादल कुमार, पप्पू कुमार सिंह, कमल देव पांडे, सतीश कुमार सिंह, अनिल कुमार साह (शिक्षक), निर्मल सिंह सहित क्षेत्र के कई अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### कारखाना में व्याप्त भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे रेलवे अधिकारी : मनोज क्रांति

**जमालपुर (मुंगेर)** - कारखाना मे व्याप्त भ्रष्टाचार और अधिकारियों की लगातार अनदेखी से आक्रोशित समाजवादी पार्टी व जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा के मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति ने कहा कि कारखाने में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर रेलवे के उच्च अधिकारियों को कई पत्राचार कर मामले के जांच की गुहार लगाई जिसमें डिप्टी निर्माण के द्वारा सफाई के नाम पर लूट खसोट शप ट्रांसफर के नाम पर उगाही आरपीएफ के द्वारा गेट पास के नाम पर 10 20 50 रूपये की रोजाना वसूली शामिल है बावजूद रेलवे के अधिकारी इस मामले पर संज्ञान लेने के लिए कतई तैयार नहीं है यहां तक की रेलवे सूचना अधिकार अधिनियम को लेकर के भी गंभीर नहीं है, जो तानाशाही का प्रमाण है और ऐसा लगता है की यहाँ पदस्थापित पदाधिकारी एशिया के प्रथम रेल कारखाना को एक साजिश के तहत बदनाम कर रहा है, जिसके विरूद्ध हम आन्दोलन में जाने के लिए बाध्य है।

### कृषि विज्ञान केंद्र में एकदिवसीय प्रशिक्षण-सह-कर्मशाला आयोजित

**खगड़िया।**ननेशनल मिशन फर क्लीन गंगा के तत्वावधान में षि विज्ञान केंद्र, खगड़िया के परिसर में जिले के सभी '23 गंगा ग्रामों के प्रगतिशील किसानों' को प्रातिक खेती के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से एकदिवसीय प्रशिक्षण-सह-कर्मशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उप विकास आयुक्त श्रेया श्री ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने प्रातिक खेती के उत्पादों के प्रमाणीकरण, मूल्य संवर्द्धन तथा इससे किसानों को होने वाले आर्थिक लाभ के संबंध में किसानों को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में जिला षि पदाधिकारी अजीत कुमार पासवान ने उपस्थित प्रगतिशील किसानों एवं मंचासीन पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने प्रातिक खेती की महत्ता, रसायन एवं उर्वरक मुक्त खेती, मृदा संरक्षण तथा गंगा ग्रामों में प्रातिक खेती के अभ्यास के उद्देश्यों की जानकारी दी। साथ ही खगड़िया जिले में संचालित राष्ट्रीय प्रातिक खेती मिशन योजना के संबंध में भी विस्तार से बताया। प्रशिक्षण के दौरान 'षि विज्ञान केंद्रइके वरीय वैज्ञानिक एनक्रे सिंह, जिला उद्यान पदाधिकारी, उप निदेशक षि अभियंत्रण, अनुमंडल षि पदाधिकारी खगड़िया एवं गोगरी सहित षि विभाग के विभिन्न पदाधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों ने किसानों को प्रातिक खेती के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।इस दौरान किसानों को प्रातिक खेती के माध्यम से 'मृदा की उर्वरता एवं स्वास्थ्य बनाए रखने, रासायनिक इनपुट पर निर्भरता कम करने, गुणवत्तापूर्ण षि उत्पाद तैयार करने तथा षि लागत में कमी लाने के संबंध में जानकारी दी गई। किसानों को प्रातिक खेती के उत्पादों के प्रमाणीकरण एवं बेहतर बाजार मूल्य प्राप्त करने के संभावित उपायों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 250 प्रगतिशील किसान एवं प्रसार कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के में 'सहायक निदेशक (शष्य), बीज विश्लेषणइरचना कुमारी''ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जिसके साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर षि एवं संबद्ध विभागों के विभिन्न पदाधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ तथा षि प्रसार कर्मी उपस्थित रहे।

### भूमि विवाद, मद्य निषेध, खनन एवं सड़क सुरक्षा मामलों की समीक्षा बैठक

**खगड़िया।** जिलाधिकारी विक्रम वीरकर की अध्यक्षता में भूमि विवाद, मद्यनिषेध, खनन एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित मामलों की समीक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न मामलों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा मामलों के त्वरित निष्पादन के साथ-साथ कार्रवाई की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। भूमि विवाद से संबंधित मामलों की समीक्षा के दौरान थाना-वार मामलों की स्थिति, प्रत्येक शनिवार आयोजित होने वाले थाना जनता दरबार में संबंधित पदाधिकारियों की उपस्थिति, संवेदनशील मामलों में की गई कार्रवाई तथा विगत माह में निष्पादित मामलों एवं उनमें की गई कार्रवाई की गुणवत्ता की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा संवेदनशील भूमि विवादों में विशेष सतर्कता बरतते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मद्यनिषेध की समीक्षा के क्रम में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने तथा संवेदनशील क्षेत्रों एवं संभावित हटस्पट पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। संबंधित मामलों में त्वरित अनुसंधान एवं नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। समीक्षा के दौरान मादक पदार्थो की तस्करी एवं अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर निगरानी बढ़ाने तथा मादक पदार्थो के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

### विभिन्न मामलों के फरार चल रहे नौ गिरफ्तार

**फतुहा।** नदी थाने की पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न गंभीर आपराधिक मामलों में फरार चल रहे नौ आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इन सभी आरोपितों को उनके घरों से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में पक्सो एक्ट, हत्या के प्रयास, अपहरण, उत्पाद अधिनियम से संबंधित मामलों के आरोपित शामिल हैं। पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# विषैले सांप ने सगी बहनों को डसा, छोटी की मौत

## सांप के आतंक से भोजपुर के गांवों में दहशत

दैनिक नवसंदेश

**आरा/शाहपुर।** करनामेपुर थाना क्षेत्र के रामदतही गांव में शनिवार की मध्य रात्रि विषैले सांप ने घर में सो रही सगी बहनों को डंस लिया। घटना में छोटी बहन की मौत हो गई। मृतका करनामेपुर थाना क्षेत्र के रामदतही गांव निवासी स्व. शंभू नाथ ठाकुर की 22 वर्षीया पुत्री खुशबू कुमारी है जबकि इलाजरत महिला बक्सर जिले के रामदास राय के डेरा थाना क्षेत्र के गंगोली गांव निवासी रितेश ठाकुर की 30 वर्षीया पत्नी कांति देवी है। वह मृतका की बड़ी बहन है।

मृतका के छोटे भाई अभिषेक ठाकुर ने बताया कि उसकी बड़ी बहन कांति देवी रक्षाबंधन को लेकर शुक्रवार को अपनी ससुराल गंगोली से मायके रामदतही आई थी। शनिवार की रात दोनों बहनें चौकी पर एक साथ सोई थी। शनिवार की मध्य रात्रि विषैले सांप ने उन्हें डंस लिया जिससे दोनों की हालत गंभीर हो गई। परिजन आनन-फानन दोनों को बक्सर के प्रताप सागर स्थित निजी अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान छोटी बहन खुशबू कुमारी ने दम तोड़ दिया। वहीं उसकी बड़ी बहन कांति देवी का इलाज चल रहा है। परिजन शव को वापस गांव ले आए और इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। तब स्थानीय थाना मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतका पांच बहनों व दो भाइयों में चौथे स्थान पर थी।

### सांप के डसने से स्नातक के छात्र की गयी जान

**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** चरपोखरी थाना क्षेत्र के सहसपुरा गांव में शनिवार की मध्य रात्रि विषैले के डसने से स्नातक के छात्र की मौत इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में हो गयी। मृतक चरपोखरी थाने के सहसपुरा गांव निवासी सुरेंद्र चौधरी का 22 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार है। वह बीएपार्ट वन का छात्र था। मृतक के स्वजन ने बताया कि शनिवार की मध्य रात्रि वह कमरे में चौकी पर सोया हुआ था। इसी बीच विषैले सांप ने उसे डंस लिया।

## करंट लगने और डूबने से गयी जान, मृत मिला युवक

**आरा/बडहरा (दैनिक नवसंदेश)।** कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के नया ख्वासपुर गांव में शनिवार की शाम करंट की चपेट में आने के बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृत किशोर कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के नया ख्वासपुर गांव निवासी खदेरन चौधरी का 16 वर्षीय पुत्र भोला चौधरी है।

युवा नेता रघुपति यादव ने बताया कि वह शनिवार के शाम अपने घर से बाहर शौच करने के लिए जा रहा था। रास्ते में बिजली का खंभा था और उसमें करंट आ रहा था।

इसी क्रम में वह उसी बिजली के खंभे में सट गया। करंट के चपेट में आकर वह बुरी तरह झुलस गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम कराया। मृत किशोर अपने दो भाई व दो बहनों में बड़ा था। उसके परिवार में मां शीला देवी, दो बहन निक्की, निधि एवं एक भाई सन्नी है। घटना के बाद मृत किशोर के घर में कोहराम मच गया है।

### नहाने के दौरान नहर में डूबने से युवक की मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नारायणपुर थाना के सितुहारी घाट स्थित नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। उसका शव चौरी थाना क्षेत्र के बेरथ पुल के समीप नहर से बरामद हुआ।

मृतक नारायणपुर थाना के सितुहारी गांव निवासी द्वारिका साह का 22 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार उर्फ निरहुआ साह है। मृतक के चचेरे भाई अनिल कुमार साह ने बताया कि वह दोस्तों के साथ गांव में स्थित सितुहारी घाट स्थित नहर में नहाने गया था। जहां नहाने के दौरान वह डूब गया। उसके दोस्तों द्वारा इसकी सूचना उसके परिजन को दी गई। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से बेरथ पुल के पास से उसके शव को बाहर निकल गया।

तब परिजन ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। मृतक अपने चार बहन व दो भाई में तीसरे स्थान पर था।

### आरा स्टेशन पर बेहोश मिला युवक, अस्पताल में मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** रेलवे स्टेशन के पोर्टिको में शनिवार को संदिग्ध स्थिति में एक युवक की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस द्वारा किसी नशीले पदार्थ का सेवन करने के कारण उसके मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के झौंवा बेलवनिया गांव निवासी सुरेश पांडेय का 24 वर्षीय पुत्र बलवंत पांडेय है। वह गुजरात में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। शनिवार की सुबह वह घर से बैग लेकर गुजरात जाने के लिए निकला था। इसी बीच देर शाम वह बेहोशी के हालात में आरा स्टेशन के पोर्टिको में पड़ा हुआ था, रेल पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान शनिवार की देर रात उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत किसी नशीले पदार्थ का सेवन करने के कारण होना प्रतीत होता है।

## सुरेंद्र प्रसाद सिंह अध्यक्ष और मनमोहन ओझा महासचिव बने

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला बार एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव 2026-28 के अध्यक्ष एवं महासचिव पद का परिणाम घोषित हो गया है। निर्वाची पदाधिकारी मनलाल सिंह के अनुसार सुरेंद्र प्रसाद सिंह अध्यक्ष तथा मनमोहन ओझा महासचिव चुने गए। मनमोहन ओझा लगातार दूसरी बार महासचिव के पद पर चुने गये हैं।

अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुरेंद्र प्रसाद सिंह (ईएन-834/88)ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी विद्या निवास सिंह उर्फ दीपक सिंह को 195 मतों से शिकस्त दी। सुरेंद्र प्रसाद सिंह को कुल 568, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी विद्या निवास सिंह उर्फ दीपक सिंह को 373 मत मिले। महासचिव पद के प्रत्याशी मनमोहन ओझा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जयंत कुमार सिंह को 238 वोटों से हराया। मनमोहन ओझा को कुल 671 जबकि जयंत सिंह को 433 वोट मिले। अध्यक्ष पद के अन्य उम्मीदवारों गोरखनाथ मिश्रा को 130, नागेंद्र सिंह को 50, राजेश कुमार पांडेय/पप्पू पांडेय को 321 और सुरेंद्र प्रसाद सिंह को 156 वोट मिले। हुए। महासचिव पद के उम्मीदवार अजय कुमार दुबे को 96, अरविन्द कुमार सिंह को 38, अशोक कुमार सिंह को 69, बिजेता बिजय वर्धन को 78, बिमल किशोर सिंह को 46, संजय कुमार को 37, संजय कुमार/अतुल प्रकाश को 73, संतोष कुमार को 27 तथा सुभाष चंद्र प्रसाद को 19 मत मिली। समाचार लिखे जाने तक अन्य पदों के उम्मीदवारों के वोटों की गिनती जारी है।




आरा बार एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव संपन्न

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी ने रात्रि में शहर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने शनिवार की रात्रि शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एसपी ने आरा नगर थाना क्षेत्र के पुरानी पुलिस लाइन, सिंडिकेट, गौसगंज, गंगी पुल, धरहरा पुल, सपना सिनेमा मोड़, शिवगंज, गोपाली चौक, शीशमहल चौक, बड़ी मठिया, धर्मन चौक, बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद और महादेवा समेत विभिन्न प्रमुख एवं संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान रात्रि गश्ती और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### आम जनमानस की आवाज थे शैलेन्द्र

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** स्थानीय बस पड़ाव स्थित भिखारी ठाकुर सांसृतिक मंच पर आज गीतकार कवि और भोजपुरिया माटी के लाल शैलेन्द्र की जयंती मनाई गई। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित समारोह में वक्ताओं ने शैलेन्द्र के व्यक्तित्व और तित्व पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ रंगकर्मी सरफराज अहमद ने कहा कि गीतकार शैलेंद्र ने अपने अल्प जीवनकाल में कालजयी गीतों की रचना की, ऐसे रचनाकार युगों युगों तक याद रखे जाते हैं। रंगकर्मी अंबुज आकाश ने शैलेन्द्र और राजकपूर की मित्रता करते हुए कहा कि राजकपूर पर फिल्माए गए अमर गीतों में शैलेन्द्र का योगदान सर्वोपरि है। नरेंद्र सिंह ने कहा कि शैलेन्द्र के गीतों में भोजपुर की माटी पानी की मिठास थी। अध्यक्षता करते हुए ड रवि प्रकाश सूरज ने कहा कि शैलेन्द्र के गीतों में आम जनमानस के सपने और उम्मीदें थी जो सहज ही जनता के मानस पटल को छू लेती थी। कार्यक्रम में भिखारी ठाकुर जयंती पर रामेश्वर सिंह काश्यप रचित लोहा सिंह नाटक के मंचन की तैयारियों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम में जितेंद्र कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, यश कुमार सिंह, यशु राज आदि उपस्थित थे।

### गंगहर में स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गंगहर गांव में रविवार को राष्ट्रीय सवर्ण क्रांति सेना के सहयोग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ। राष्ट्रीय सामाजिक कल्याण समिति के तत्वावधान में लगे शिविर में गंगहर व आसपास के कई लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। ड़ मिथिलेश कुमार सिंह, ड़ अंशु प्रिया और ड़ साक्षी ने मरीजों की जांच कर उचित चिकित्सकीय सलाह दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह व अजय सिंह ने बताया कि ऐसे जनकल्याणकारी कार्य बिहार की हर पंचायत में चलाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर पूर्व मुखिया संजय सिंह, मनोज सिंह, अरविंद राय, अर्जुन सिंह, मंटू सिंह, चंद्रमा सिंह व जितेंद्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### सप्तम वेतनमान के लिए शिक्षकों ने चलाया महाअभियान

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** सातवें वेतनमान की मांग को लेकर राज्य के विभिन्न शिक्षक संगठनों के आह्वान पर शिक्षकों द्वारा रविवार को ट्विटर अभियान चलाया गया। बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह व प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त आशय की जानकारी देते हुए कहा कि बिहार के सभी संवर्ग के शिक्षकों को सप्तम वेतनमान से आच्छादित करने के लिए एक मांग वेतनमान के तहत शिक्षकों ने बिहार टीचर्स नीडस सेवेंथ पे पर ट्वीट कर अपनी हक हकूक की आवाज को बुलंद किया। शिक्षक नेताओं ने कहा कि सरकार ने सक्षमता परीक्षा एवं बीपीएससी परीक्षा आयोजित कर शिक्षकों का सरकारीकरण तो कर दी, राज्यकर्मी का दर्जा दिया परंतु अन्य सरकारी कर्मचारियों की तरह निर्धारित केन्द्रीय वेतनमान के अनुरुप सातवें वेतनमान से वंचित कर दिया। इसी तरह पुरानी पेंशन व्यवस्था के विरुद्ध न्यू पेंशन स्कीम लागू कर दिया गया।वहीं सहायक शिक्षक के संवर्ग को मृत घोषित कर विशिष्ट शिक्षक एवं विद्यालय अध्यापक बना दिया। स्थानांतरण के लिए पूर्व के नियमित शिक्षकों की भांति तीन अपने मनपसंद विद्यालय चयन की जगह 30 विद्यालय चयन का प्राविधान कर दिया गया है। ऐसे में एक मांग वेतनमान के तहत रविवार को ट्विटर महाअभियान चलाया गया। इस अभियान में प्रखंड अध्यक्ष अभिनव सिंह, सुशील कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, मोहन कुशवाहा, जयप्रकाश मिश्रा, वरुण ओक्षा, शिशिर सिंह, जितेन्द्र पटेल, आरिफ रौनक, प्रीति किरण, निधि सिंह, नम्रता वर्मा, लीला सिंह, ऋषि सिंह, रेशमा खातून, रुही परवीन, किरण, मधु कुमारी, आसिम अख्तर, अक्षय कुमार, मनोरमा कुमारी, ऐमन अयुब, सुहैल आलम, शिव कुमार सिंह , धर्मेन्द्र यादव, राघवेन्द्र सिंह, सुनील कुमार सिंह समेत सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर शतरंज प्रतियोगिता, कार्तिक बसु विजेता

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आरा चेस एकेडमी द्वारा एक दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन डीएनए बायोलजी क्लासेज के सभागार, केज़ी रोड, आरा में किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य निर्णायक सुमित कुमार के अनुसार प्रतियोगिता में कार्तिक बसु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और विजेता बने। अब्दुल बासित ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर उपविजेता का स्थान हासिल किया। आस्था आनंद तृतीय तथा आर्यन कुमार ठाकुर चतुर्थ स्थान पर रहे। वहीं शेरेयांश सिंह ने पांचवां, शिवम कुमार ने छठा, अव्या श्रीवास्तव ने सातवां तथा स्वरित शिवाय ने आठवां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शुभ, अल्तमश, वर्षा कुमारी, मो अमान, शहनवाज, अभिनव कुमार, रिद्धिमान जैन और अनन्या सिंह ने भी प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि शतरंज केवल मनोरंजन का खेल नहीं, बल्कि एकाग्रता, धैर्य, अनुशासन और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। बच्चों और युवाओं को शतरंज से जुड़कर अपने बौद्धिक विकास के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## डीएम ने राजापुर में किया लाइब्रेरी-पार्क का निरीक्षण व पौधारोपण

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** पंचायत विकास दिवस के अवसर पर रविवार को कोईलवर प्रखंड की राजापुर पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनके लाभ के लिए आवेदन प्रक्रिया और जरूरी दस्तावेजों के बारे में बताया गया।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी जागरूकता शिविर भी लगाया गया।



इसमें लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव, समय पर जांच और नियमित उपचार के महत्व की जानकारी दी गई। वहीं, ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया। इस दौरान जीविका दीदियों ने ग्रामीणों को जीविका समूह से जुड़ने के फायदे और समूह के माध्यम से संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को जीविका से जुड़कर स्वरोजगार और आर्थिक गतिविधियों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के बाद डीएम ने पंचायत सरकार भवन परिसर में संचालित लाइब्रेरी और पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों एवं अन्य संसाधनों की जानकारी ली। डीएम ने कहा कि जरूरत के अनुसार लाइब्रेरी में अतिरिक्तपुस्तकें और संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जाएगी। इसके बाद उन्होंने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### ग्रामीणों ने फोरलेन जाम की समस्या डीएम के सामने रखी

कार्यक्रम के बाद कोल्हरामपुर गांव निवासी निर्मल कुमार घायल सहित अन्य ग्रामीणों ने डीएम से मुलाकात कर कोईलवर-छपरा फोरलेन पर आए दिन लगने वाले जाम की समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि जाम के कारण राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सिक्सलेन निर्माण की स्थिति को देखते हुए उसकी दो लेन आम लोगों की सुरक्षित आवाजाही के लिए खोलने की मांग की। डीएम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जाम की समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों से विचार-विमर्श कर समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

## पिस्तौल दिखा नकदी लूटकर भाग रहा बदमाश गिरफ्तार

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर थाना अंतर्गत पैसठवा घाट के पास रविवार की सुबह ट्रक चालक बाइक सवार बदमाशों द्वारा हथियार के बल पर ट्रक चालक से नगदी लूट लिया गया। ट्रक चालक द्वारा हो-हल्ला करने पर पुलिस की गश्ती टीम द्वारा बाइक सवार बदमाश को के कर दबोच लिया गया।

तलाशी के क्रम में उक्त बदमाश के पास से लूटा हुआ 1800 रुपए सहित कुल 3300 रुपया, आधार कार्ड, एक काला रंग का पैशन प्रो बाइक, एक मेटल का बना नकली पिस्तौल एवं एक वन प्लस एंड्राइड मोबाइल बरामद हुआ।

इसकी जानकारी सदर एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह ने प्रेस नोट जारी कर दी। गिरतार बदमाश बबुरा थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी परमेंद्र उर्फ प्रमोद प्रसाद का पुत्र राहुल कुमार है। एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि गोपालगंज जिले के कटेया थाना अंतर्गत लोहाटी गांव निवासी ट्रक चालक राजेंद्र सिंह अपना ट्रक बालू लाने के लिए संदेश की तरफ जा रहे थे। ट्रैफिक जाम के कारण वे 65 वां घाट के पास रुके हुए थे। उसी समय काला पैशन प्रो मोटरसाइकिल पर सवार बदमाश के द्वारा पिस्तौल का भय दिखाकर ट्रक चालक से 1800 रुपए लूट लिया गया। ऐनवक्त पर कोईलवर थाना की गश्ती गाड़ी पहुंच गई तथा चालक के चिल्लाने पर गश्ती में तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा बदमाश बबुरा थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी राहुल कुमार को पकड़ लिया गया। उसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है।

कोईलवर थाने की गश्ती टीम ने बदमाश को दबोचा



## संगीत महाविद्यालय में शास्त्रीय संगीत बैठक में कलाकारों का लगा जमावड़ा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** अहिल्या संगीत महाविद्यालय जगदेव नगर आरा में शास्त्रीय संगीत बैठक में कलाकारों का जमावड़ा लगा और कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ड दिवाकर पांडे थे। त्र इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि आचार्य भारत भूषण पांडे जी थे। कार्यक्रम की शुरुआत ड लाल बाबू निराला के स्वतंत्र तबला वादन से हुआ। उनके साथ हारमोनियम पर संगत ब्रजेंद्र महाराज ने किया। तत्पश्चात बिहटा पटना से आए कलाकार पंडित राम पुकार राधेश्वरी ने राग जोगिया, ठुमरी, दादर से समा बांध दिया। आस्था दुबे ने राग मारवा में एक ताल तथा कजरी प्रस्तुत किया। सृष्टि पांडे ने राग मियां मल्हार कथा भजन प्रस्तुत किया। इस मौके पर आयोजक राकेश कुमार मिश्रा, नागेंद्र नाथ पांडे, बृज बिहारी सिंह, जगदीप ओझा, देवेश दुबे, उमेश पांडे, महेश यादव, प्रकाश मिश्रा, बीएन राय सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। मंच संचालन आलोक एवं धन्यवाद ज्ञापन महाराज जी ने किया।



## फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के दिवंगत सदस्यों को दी श्रद्धांजलि



**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्रीकांत लाभ, पीरो अनुमंडल अध्यक्ष मो एनामुल हक खान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

एसोसिएशन की ओर से पीरो नगर के भागलपुर मोड स्थित व्यापार मंडल परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मौजूद फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नंदकुमार ओझा ने कहा कि उक्ततीनों लोग एसोसिएशन के मजबूत स्तंभ थे। इनके नेतृत्व में एसोसिएशन ने डीलर्स के हित में कई आंदोलनों में सफलता हासिल की। इनकी कमी एसोसिएशन को हमेशा खलती है।

श्रद्धांजलि सभा में मौजूद एसोसिएशन के सदस्यों ने अपने इन दिवंगत साथियों के संघर्ष को जारी रखने व उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प दोहराया। मौके पर जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं एवं संगठन से जुड़े लोगों ने दिवंगत साथियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## 50 से अधिक मरीजों की हुई निःशुल्क जांच

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के विष्णु नगर जेड चौक के समीप 'फिजियोहील' एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में रविवार को मेगा फिजियोथेरेपी जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। फिजियोथेरापिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि ऑर्थोपेडिक रिहैबिलिटेशन-डे के मौके पर आयोजित शिविर में 50 से अधिक मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिले के कोने-कोने से मरीजों का निःशुल्क जांच कर उन्हें इलाज हेतू परामर्श दिया गया। इसमें पुराने मरीजों का भी प्राइमरी फिजियोथेरेपी कर परामर्श दिया गया। कैंप से लोगों में फिजियोथेरेपी की प्रति जागरूकता रही, उन्होंने बताया कि आज कुछ स्पोर्ट्स प्लेयर जैसे वेट लिटिंग अंडर-16 एवं अंडर-20 के बच्चे आए। जिनमें माइनर इंजरी जैसे बैक और घुटने की समस्या थी। परफर्मेस अच्छा कैसे करें इसको लेकर प्रिकशन को समझें। इस दौरान शिन पेन और काल्फ इंजरी से परेशान दौड़ की तैयारी करने वाले लड़के भी आए। वही शोल्डर पेन से पीड़ित शट पुट और वलीबल प्लेयर्स भी आए। आज जागरूकता कैम्प में में स्पोर्ट्स इंजरी का थीम था। वह पुरी तरह सफल रहा। जागरूकता शिविर को संपन्न कराने में फिजियोथेरापिस्ट ड़ दिव्य प्रकाश एवं उनकी फिजियोहील टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### ऑर्थोपेडिक रिहैबिलिटेशन-डे के मौके पर जागरूकता कैंप




## विकास योजनाओं की पहुंच और जनभागीदारी को ले पंचायत विकास दिवस

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार आज जिले की सभी 226 पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। पंचायत विकास दिवस के माध्यम से ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने, पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने तथा विकास कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन की प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों को विभिन्न जनकल्याणकारी पहलों एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। पंचायत विकास दिवस में मुखिया, वार्ड सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान पंचायत में संचालित विकास कार्यों, उपलब्ध सरकारी सुविधाओं एवं स्थानीय आवश्यकताओं पर जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों के साथ संवाद किया गया। ग्रामीणों द्वारा रखी गई सुझावों को संबंधित पदाधिकारियों द्वारा सुना गया तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

पंचायत विकास दिवस के माध्यम से सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी को जमीनी स्तर तक पहुंचाने, पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिलाने तथा पंचायतों के विकास में आमजनों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। जिला प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं जनभागीदारी को और मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।



### 226 पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन

## देसी और अंग्रेजी शराब के धंधेबाज गिरफ्तार

**शाहपुर/कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर पुलिस ने धंधेबाज को 96 पीस देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपित नीतीश कुमार यादव को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। इधर, कोईलवर पुलिस ने भैरोटोला गांव में छापेमारी कर 11.48 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ कारोबारी को गिरफ्तार किया है। चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि भैरोटोला गांव में शराब कारोबारी विमलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। एक अन्य मामले में चांदी थाने की पुलिस ने शराब सेवन के आरोप में जलपुरा गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अमित कुमार जलपुरा गांव का निवासी है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे भी न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### अगनूर मोड़ से बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त चालक फरार

**कलेर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में अवैध रूप से बालू ढोने के मामले में कलेर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अगनूर मोड़ के समीप से बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस की कार्रवाई के दौरान दोनों ट्रैक्टरों के चालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर थाना परिसर में लाकर खड़ा कर दिया है। बताया जाता है कि रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र से बालू लदे ट्रैक्टरों के माध्यम से बालू का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अगनूर मोड़ के पास जांच अभियान चलाया। इसी दौरान बालू लदे दो ट्रैक्टर पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस को देखते ही दोनों ट्रैक्टरों के चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए।पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि बालू लदे दोनों ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। मामले में ट्रैक्टर मालिक एवं फरार चालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा फरार चालकों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास किया जा रहा है। उपेंद्र राकेश थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में अवैध रूप से बालू के परिवहन एवं खनन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबार में जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।


जप्त किया गया वाहन।

### वाहन चेकिंग अभियान में छह वाहनों से वसूला गया हजारो का जुमार्ना

**मेहंदिया (एनएसबी)।** कलेर पुलिस ने रविवार की शाम थाना क्षेत्र के कलेर स्थित मुख्य सोन नहर पुल पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की जांच की। जांच के क्रम में छह वाहनों से कुल 10 हजार रुपये जुमार्ना वसूल किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों के कागजात, सीट बेल्ट, हेलमेट समेत अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों की जांच की। जांच के दौरान नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर जुमार्ने की कार्रवाई की गई। वहीं, कई वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा करने के लिए निर्देशित किया गया। थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस अधिकारियों के आदेशानुसार वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान छह वाहनों से कुल 10 हजार रुपये जुमार्ना वसूल किया गया। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि यात्रा के दौरान वाहन के सभी जरूरी कागजात साथ रखें तथा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करें।उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस का जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


वाहन चेक करते पुलिसकर्मी।

### भारी बारिश के बाद दो दिनों तक बनी रही बिजली की समस्या

**शहरतेलपा (एसएनबी)।** बीते दो दिन हुए लगातार भारी बारिश के बाद शहर तेलपा थाना क्षेत्र के सभी गांवों में बिजली बाधित रही। बीते शुक्रवार और शनिवार को शाम में हुए भारी गर्जना के साथ हुए बारिश ने पूरे पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप कर दी। बिजली के अभाव में लोगों का जीना दुश्वार हो गया। रात्रि में हुए बरिया का बाद बिजली गायब हुए जिसके कारण लोगों का नींद भी गायब हो गया। बिजली आपूर्ति ठप होने बाद लोग बेहाल दिखे। बच्चों की पढ़ाई से लेकर रसोई तक का कम बिजली के आभाव में ठप पर गया। बिजली नहीं रहने के कारण लोगों का मोबाइल भी जवाब दे दिया । लगभग दो दिनों के बीते दिन बिजली आपूर्ति शि हुए तब जाकर लोगों ने चैन की सांस ली ।

### महुआ को रेलवे से जोड़ने का सपना अब साकार होने की दिशा में : मंत्री

**पटना।** महुआ विधानसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ी और ऐतिहासिक खुशखबरी सामने आई है। भगवानपुर-कपूरींग्राम वाया महुआ-ताजपुर लगभग 60 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। समाचार पत्र में प्रकाशित जानकारी के अनुसार, इस परियोजना पर लगभग 1,692 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर महुआ विधायक सह मंत्री संजय सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान मैंने महुआ की जनता से वादा किया था कि चुनाव जीतते ही महुआ को रेलवे से जोड़ने के लिए पूरी मजबूती के साथ प्रयास करूंगा। आज इस रेल परियोजना की मंजूरी मेरे लिए केवल एक खबर नहीं, बल्कि महुआ की जनता से किए गए वादे को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नई रेल लाइन बनने से महुआ सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक पहुंचाने, व्यापारियों को व्यापार विस्तार करने तथा विद्यार्थियों और आम लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। इससे क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी नई गति मिलेगी। मंत्री संजय सिंह ने कहा कि वे शीघ्र ही रेल मंत्री से पुनः मुलाकात कर इस परियोजना पर जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ कराने का आग्रह करेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि महुआ की जनता को रेलवे की सुविधा का लाभ जल्द से जल्द मिले।

### नीतीश कुमार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से संवर रहा छात्र-छात्राओं का भविष्यः चंदन सिंह

**पटना (एनएसबी)।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता चंदन कुमार सिंह ने जारी बयान में कहा कि नीतीश कुमार द्वारा शुरू की गई स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से लाखों विद्यार्थियों के बेहतर उच्च शिक्षा प्राप्त करने के सपने साकार हो रहे हैं और उनका भविष्य संवर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की मौजूदा एनडीए सरकार ने छात्र-छात्राओं की आशंकाओं को दूर करते हुए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत चार लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण की सुविधा जारी रखने के अपने संकल्प को दोहराया है। अब बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से ही पात्र छात्र-छात्राओं को चार लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने छात्रों के उच्च शिक्षा के सपनों को पूरा करने के उद्देश्य से सात निश्चय योजना के तहत स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की शुरूआत की थी। इसी क्रम में वर्तमान समय में सभी आवेदकों के लिए शिक्षा ऋण को ब्याज रहित उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत ऋण चुकाने की अवधि में भी महत्वपूर्ण राहत दी गई है।

### ग्लोबल टूरिज्म अवॉर्ड्स 2026 से सर्वेश कश्यप हुए सम्मानित

**पटना (एनएसबी)।** जनसंपर्क एवं मीडिया स्ट्रेटेजिस्ट सर्वेश कश्यप को उनके राष्ट्रीय स्तर पर किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए ग्लोबल टूरिज्म अवॉर्ड्स 2026 से सम्मानित किया गया। बिहार के निवासी सर्वेश को नोएडा स्थित एक्सपो इन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में यह सम्मान असम की प्रसिद्ध उद्यमी, नेशनल टेनिस खिलाड़ी और असम के सीएम हेमंत बिस्वा शर्मा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा ने प्रदान किया। पर्यटन विभाग, भारत सरकार, एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया एवं ग्लोबल न्यूज नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में सर्वेश कश्यप का चयन प्रतिष्ठित ज्यूरी पैनल द्वारा किया गया।

# सोन नदी में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत

## गांव में पसरा मातम, तीन साथियों के साथ स्नान करने गये थे बच्चे

**मेहंदिया (एनएसबी)।** परासी थाना क्षेत्र के बाथे ग्राम के दो किशोरों की रविवार की दोपहर सोन नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब दोनों किशोर अपने तीन अन्य साथियों के साथ सोन नदी में स्नान करने गए थे। स्नान करने के दौरान दो किशोर अचानक नदी के गहरे पानी में चले गए और देखते ही देखते पानी में डूब गए। हादसे में हरिओम कुमार (15 वर्ष) और चंदन कुमार (16 वर्ष) की मौत हो गई। वहीं, तीसरे किशोर को डूबता देख नदी किनारे मछली पकड़ रहे मछुआरों ने तत्परता दिखाते हुए उसे बचा लिया।

घटना की जानकारी मिलते ही बादसे ग्राम में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण सोन नदी के तट पर पहुंच गए। परिजनों के पहुंचने के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने बिना देर किए नदी में दोनों किशोरों की तलाश शुरू कर दी। काफी प्रयास और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों किशोरों के शव नदी से बरामद किए गए। तीन साथियों के साथ सोन नदी में स्नान करने गए थे किशोर बताया जाता है कि रविवार की दोपहर हरिओम कुमार और चंदन कुमार अपने तीन साथियों के साथ सोन नदी में स्नान करने के लिए गए थे। सभी किशोर नदी में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान हरिओम और चंदन नदी के गहरे हिस्से की ओर चले गए। पानी की गहराई का अंदाजा नहीं होने के कारण दोनों अचानक गहरे पानी में फंस गए और डूबने लगे।

**गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा मछुआरों ने तीसरे को बचाया**


घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़।

**ग्रामीणों ने शुरू की शवों की तलाश :** घटना की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों ने अपने स्तर से नदी में दोनों किशोरों की तलाश शुरू कर दी। नदी के अलग-अलग हिस्सों में ग्रामीणों ने काफी देर तक खोजबीन की। परिजन भी नदी किनारे पहुंच गए और अपने बच्चों के मिलने की आस लगाए बैठे रहे।करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हरिओम कुमार और चंदन कुमार के शव नदी से बरामद किए गए। दोनों के शव मिलते ही घटनास्थल पर मौजूद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। एक साथ दो किशोरों की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया।घटना की सूचना मिलने पर परासी थानाध्यक्ष मोहम्मद से राज आलम भी पुलिस टीम के साथ सोन नदी के तट पर पहुंचे। थाना अध्यक्ष ने घटनास्थल का जायजा लिया और शवों की तलाश में जुटे ग्रामीणों के साथ मिलकर सहयोग किया। पुलिस ने घटना से संबंधित जानकारी ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों से ली तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू की।थाना अध्यक्ष मोहम्मद सेराज आलम ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सोन नदी में स्नान करने के दौरान दो किशोरों के डूबने की घटना हुई है। दोनों की पहचान हरिओम कुमार (15) और चंदन कुमार (16) के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा घटना से संबंधित आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### मछुआरों ने दिखाई तत्परता, तीसरे किशोर की बचाई जान

घटना के दौरान एक अन्य किशोर भी नदी में डूबने लगा था। नदी के किनारे मछली मार रहे मछुआरों की नजर उस पर पड़ गई। मछुआरों ने बिना समय गंवाए नदी में पहुंचकर डूब रहे किशोर को बाहर निकाल लिया। मछुआरों की तत्परता के कारण उसकी जान बच गई। हालांकि, हरिओम और चंदन तक समय रहते मदद नहीं पहुंच सकी। दो किशोरों के गहरे पानी में डूबने की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बादसे ग्राम से बड़ी संख्या में लोग सोन नदी के तट पर पहुंचने लगे।

### एक साथ दो घरों में पसरा मातम

रविवार की इस दर्दनाक घटना ने बादसे ग्राम के दो परिवारों को गहरा सदमा दिया है। जिन घरों में कुछ समय पहले तक बच्चों की आवाजें गूंज रही थीं, वहां अचानक मातम पसर गया। दोनों किशोरों की मौत की खबर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके घर और घटनास्थल पर पहुंचते रहे।ग्रामीणों के मुताबिक, दोनों किशोरों की मौत की खबर पूरे गांव के लिए बेहद दुखद है। हादसे के बाद सोन नदी के किनारे देर तक लोगों की भीड़ लगी रही। हर कोई इस दर्दनाक हादसे को लेकर स्तब्ध था। गहरे पानी में नहाने से बचने की अपील सोन नदी में आए दिन लोग स्नान और अन्य कार्यों के लिए पहुंचते हैं, लेकिन नदी के कई हिस्सों में पानी की गहराई काफी अधिक होने के कारण हादसे की आशंका बनी रहती है। रविवार को हुए इस हादसे ने एक बार फिर नदी में नहाते समय विशेष सावधानी बरतने की जरूरत को सामने ला दिया है।ग्रामीणों ने प्रशासन से भी नदी के संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके।फिलहाल दो किशोरों की मौत से बाद से ग्राम में शोक का माहौल है। हरिओम कुमार और चंदन कुमार की असमय मौत ने उनके परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।

## पुनपुन नदी में बराज निर्माण को लेकर चौथे दिन जारी रहा धरना


धरना पर बैठे लोग।

**कुर्था (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचतीर्थ वियर के पास किसान संघर्ष समिति के बैनर तले चल रहा आंदोलन चौथे दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे किसान सिंचाई की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग कर रहे हैं। किसान संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि पुनपुन नदी में बराज नहीं होने के कारण क्षेत्र के हजारों एकड़ कृषि भूमि को पर्याप्त सिंचाई का पानी नहीं मिल पाता है। इससे किसानों की फसल का उत्पादन प्रभावित हो रहा है और उन्हें हर वर्ष लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने कहा कि बराज का निर्माण होने से नदी के पानी को रोककर बड़े क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है। समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि पंतीत के पास बराज निर्माण की मांग किसानों की वर्षों पुरानी है। पूर्व में किसानों की मांग के बावजूद बराज के स्थान पर वियर का निर्माण कराया गया। समिति का आरोप है कि वियर निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल सका और सिंचाई की समस्या आज भी बनी हुई है। किसानों ने कहा कि बरसात के मौसम में पुनपुन नदी में लाखों क्यूसेक पानी बहकर गंगा नदी में चला जाता है। जबकि दूसरी ओर किसान सिंचाई के लिए परेशान रहते हैं। ऐसे में सरकार को पंचतीर्थ वियर को बराज में परिवर्तित करने की दिशा में पहल करनी चाहिए, ताकि नदी के पानी को रोककर अरवल, जहानाबाद और पटना जिले के बड़े भू-भाग को सिंचाई की सुविधा मिल सके। किसान संघर्ष समिति के नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक पुनपुन नदी में बराज निर्माण की दिशा में ठोस पहल नहीं की जाती, तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना स्थल पर संगठन के अंजनी शर्मा, त्रिवेणी यादव, ऋतिक कुमार, रवि कुमार, अमित कुमार, संगठन अध्यक्ष मन्जय कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान और मजदूर मौजूद रहे।

# पंचायत दिवस पर आमसभा आयोजित

**मेहंदिया (एनएसबी)।** पंचायत दिवस के अवसर पर रविवार,को ग्राम पंचायत पहलेजा में आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया मुंद्रिका सिंह ने की। कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आमसभा के माध्यम से ग्रामीणों को पंचायत में चल रहे विकास कार्यों तथा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

सभा में पंचायत के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। पंचायत में कराए जा रहे आवास एवं अन्य विकास कार्यों की स्थिति से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। साथ ही पात्र लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने, पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा ग्रामीणों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। आमसभा में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने पर भी चर्चा हुई। ग्रामीणों से अपील की गई कि बाल विवाह को रोकने में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके बेहतर भविष्य को प्राथमिकता देने की बात कही गई। महिलाओं एवं किशोरियों को जागरूक करने तथा सामाजिक स्तर पर लोगों को एकजुट होकर ऐसी कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने पर भी बल दिया गया।इसके अलावा पंचायत में स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों से अपने घर एवं आसपास के क्षेत्रों को साफ रखने, कूड़ा-कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने तथा स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि पंचायत का विकास केवल पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है। ग्रामीणों की सहभागिता से ही पंचायत में संचालित योजनाओं को बेहतर ढंग से धरातल पर उतारा जा सकता है।सभा के दौरान ग्रामीणों ने भी पंचायत से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी तथा विकास कार्यों को लेकर सुझाव दिए। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर आयोजित आमसभा को उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें सरकार की योजनाओं और पंचायत में चल रहे कार्यों की जानकारी सीधे मिलती है। इससे ग्रामीणों में योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ पंचायत के विकास कार्यों में उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित होती है।पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक जानकारी प्राप्त करें और पात्रता के अनुसार योजनाओं से जुड़ें। साथ ही पंचायत में संचालित विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ग्रामीणों को भी सजग रहने की बात कही गई.कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला। पंचायत दिवस के अवसर पर आयोजित इस आमसभा में पंचायत के विकास, आवास योजना, स्वच्छता, बाल विवाह रोकथाम, सरकारी योजनाओं की जानकारी और ग्रामीणों की सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। आमसभा का मुख्य उद्देश्य पंचायत के विकास कार्यों में ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें अपने अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा इस आम सभा में पंचायत स्तरीय अधिकारी जीविका दीदी सहित अन्य मौजूद थे।

**विकास योजनाओं और सामाजिक मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा**


आमसभा में भाग लेते लोग।

## सेविका-सहायिकाओं की बैठक, विभिन्न मुद्दों पर हुआ विचार-विमर्श


बैठक में भाग लेती सेविका सहायिका।

**मेहंदिया (एनएसबी)।** बेलसार स्थित सूर्य मंदिर परिसर में रविवार को सेविका-सहायिका संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुष्पा देवी ने की। बैठक में क्षेत्र की सेविका एवं सहायिकाओं ने भाग लिया और संघ से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान सेविका-सहायिकाओं के कार्यों से जुड़ी समस्याओं, विभागीय कार्यों तथा संगठन को मजबूत बनाने सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। उपस्थित सदस्यों ने अपनी-अपनी समस्याओं और सुझावों को बैठक में रखा। साथ ही सेविका-सहायिकाओं के हित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने तथा आपसी एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया गया। बैठक में परियोजना संघ को मजबूत करने, सेविका-सहायिकाओं की समस्याओं के समाधान, पोषण एवं विभागीय कार्यों समेत अन्य बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सेविका एवं सहायिका ग्रामीण स्तर पर महिला और बाल विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करती हैं, इसलिए उनकी समस्याओं पर भी गंभीरता से विचार किया जाना जरूरी है। बैठक के दौरान संघ की आगामी गतिविधियों और भविष्य की रणनीति को लेकर भी चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने संगठन की मजबूती और सेविका-सहायिकाओं की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने की बात कही। बैठक में बड़ी संख्या में सेविका-सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

## काव्य-लहरों से सराबोर हुआ जहानाबादः 'नागरिक विकास मंच' की पाक्षिक गोष्ठी में गूंजीं साहित्य की स्वर-लहरियां

**जहानाबाद (एनएसबी)।** साहित्यिक चेतना और सांस्कृतिक समृद्धता की ऐतिहासिक धारा को संजोए जहानाबाद की पावन धरा पर आज शब्दों का अनुपम श्रृंगार देखने को मिला। 'जहानाबाद महोत्सव' की रंगारंग श्रृंखला के तहत जिले की प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था 'नागरिक विकास मंच' द्वारा 'जहानाबाद पाक्षिक काव्य गोष्ठी' की एक बेहद अलौकिक महफि ल सजाई गई।

**शब्दों के दीप जले, मन का अंधियारा भागा**
**काव्य की इस पावन धारा में, हर हिरदय आज जागा।**

अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. अरविंद चौधरी की गरिमामयी अध्यक्षता में आयोजित इस शाम में साहित्य, संवेदना और विचारों का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की हर एक कड़ी को अपनी सहज, मधुर और धारदार शैली से पिरोने का कार्य जिले के वरिष्ठ पत्रकार संतोष श्रीवास्तव ने अपने कुशल संचालन से किया। गोष्ठी का शुभारंभ पारंपरिक साहित्यिक गरिमा के साथ हुआ। इसके बाद कवियों और साहित्यकारों ने अपनी एक से बढ़कर एक रचनाओं, गजलों और गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भावों की नदिया बही, शब्दों के फूटे फूल,

**साहित्य की इस पावन छांव में, मिट गए सब शूल :** इस अवसर पर 'शब्दाक्षर' की जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ कवयित्री सावित्री सुमन, प्रखर विदुषी डॉ. मानसी सिंह, तथा कवि व शिक्षक रवि अचल ने अपनी संवेदनशील काव्य-प्रस्तुतियों से महफि ल में समां बांध दिया। वहीं, संगीत और लोक-संस्कृति के सुरों को पिरोते हुए जिले के वरिष्ठ पार्श्व गायक एस. के. मिर्जा एवं चर्चित लोक गायक अजय विश्वकर्मा की संगीतमयी प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र कुमार सिन्हा उर्फ सुनील जी सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी, प्रबुद्ध नागरिक और कला अनुरागी उपस्थित रहे।

**सांस्कृतिक पहचान को सहेजने का संकल्प :** नागरिक विकास मंच के पदाधिकारियों ने गोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जहानाबाद की पावन मिट्टी में कला और साहित्य की समृद्ध परंपरा रही है। इस परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और स्थानीय प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस 'पाक्षिक काव्य गोष्ठी' का अनवरत आयोजन किया जाता है। मंच ने जिले के सभी कला-प्रेमियों और नागरिकों से अपील की कि वे इस साहित्यिक यज्ञ में अपनी सहभागिता से महफि ल की शोभा बढ़ाते रहें।





## पुत्रों ने अपने ही वृद्ध मां के साथ किया मारपीट, वृद्ध महिला ने थाने में दिया आवेदन

**महुआ (दैनिक नवसंदेश)।** महुआ थाना क्षेत्र के भदवास पंचायत के अलीपुर मुकुंद गांव में एक वृद्ध महिला के साथ अपने ही पुत्र एवं पुत्रवधू के द्वारा मारपीट कर सारा सामान छीन लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद पीड़ित महिला रुपीया देवी ने महुआ थाने में आवेदन देते हुए इस मामले में उचित कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। आवेदन दिए जाने के बाद महुआ थाने की पुलिस इस मामले की गहन छानबीन में जुटी है पीड़ित महिला रुपीया देवी ने महुआ थाने में दिए गए लिखित आवेदन में लिखा है कि मेरे अपने पुत्र एवं पुत्र वधू के द्वारा जान मारने के नियत से लाठी डंडा से पिट कर कमर तोड़ देने एवं घर में से सारा समान लूट लिया गया है। आवेदन में पीड़ित महिला ने लिखा है कि मैं रूपिया देवी पति वालेश्वर राय ग्राम अलीपुर मुकुन्द थाना महुआ, जिला वैशाली का निवासी हूं। तीस अगस्त को मेरा पुत्र एवं पुत्रवधू द्वारा सभी एक मत हो कर अपने-अपने हाथ में लाठी डंडा से लैस होकर एवं गन्दी गन्दी गदी गाली- गलौच करते हुए मेरे रूम में घुस गय और मुझे पटक कर बाल पकड़ कर मार पिट किया ।सभी लोग मिल कर धम्की दिया कि सारा धर जमीन मेरे नाम कर दो नहीं तो जान से मार कर लाश लापता कर देंगे। मेरे चार पुत्र है जिसमें सभी को बराबर का हिस्सा मिला हुआ है। परन्तु वे लोग हमेशा मेरे साथ मार पिट करते रहते है। इन सभी ने डायल 112 के पुलिस के सामने भी मेरे साथ काली मार पीट किये है। पीड़ित महिला ने महुआ थानाध्यक्ष से इस मामले में उचित कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

# स्मृतिशेष कविवर प्रो. उमाकांत वर्मा की मनाई गई जन्मशताब्दी समारोह

### बज्जिका भाषा साहित्य के कई महत्वपूर्ण विद्वानों और साहित्यकारों, कवियों को किया गया समानित

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** कविवर प्रो उमाकांत वर्मा का जन्म शताब्दी समारोह कार्यक्रम बड़े उत्साह और सम्मान पूर्वक स्थानीय जयप्रकाश इवनिंग इंटर कॉलेज, औद्योगिक क्षेत्र, हाजीपुर, वैशाली के सभागार में मनाया गया।

जन्मशताब्दी समारोह का उद्घाटन पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजकुमार , बिहार महिला परिषद के सचिव श्रीमती चंदना सहाय, स्मृतिशेष उमाकांत वर्मा जी की पुत्री द्वय डा. किरण वर्मा और श्रीमती कनक वर्मा तथा जयप्रकाश इवनिंग इंटर कलेज के प्राचार्या डा. अनीता सहाय और समारोह समिति के अध्यक्ष संजय वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

समारोह के उद्घाटन के पश्चात श्रीमती सरस्वती मिश्रा जी के गायक मंडली ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से आगंतुकों का अभिवादन किया। समारोह समिति के अध्यक्ष संजय वर्मा ने आगत सभी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र, भगवान बुद्ध की प्रतिमा एवं अशोक स्तंभ से जुड़ा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

जयप्रकाश इवनिंग इंटर कॉलेज के प्राचार्या डा. अनीता सहाय ने आगत मुख्य अतिथियों, साहित्यकारों, कवियों और विद्वानों का महाविद्यालय प्रांगण में स्वागत करते हुए स्मृतिशेष कविवर प्रो. उमाकांत वर्मा के जीवनी पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि



कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य व विशिष्ट अतिथि।

पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजकुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रो उमाकांत वर्मा जी का जिवन हम सबों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

बिहार महिला परिषद के राज्य सचिव श्रीमती चंदना सहाय ने उपस्थित जन समुदाय को अपील करते हुए कहा कि जब भी मौका मिले समाज को जागृत करने वाले साहित्यकारों एवं विद्वानों के याद में इस तरह का आयोजन किया जाना चाहिए जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती रहे।

स्मृति शेष उमाकांत वर्मा जी के दोनों सुपुत्री डा. किरण वर्मा और श्रीमती कनक वर्मा ने संजय वर्मा जी और कार्यक्रम के आयोजकों को धन्यवाद दिया ।

जन्म शताब्दी समारोह में कुल 64 साहित्यकारों, कवियों और विद्वानों को विभिन्न सम्मानों से सम्मानित किया गया। बज्जिकांचल के विभिन्न हिस्सों के बज्जिका भाषा के 24 साहित्यकारों और विद्वानों के उत्तराधिकारियों और उनके मरणोपरांत बज्जि- रत्न शाश्वत सम्मान से सम्मानित करते हुए उन्हें अंग वस्त्र, चादर, मेडल, मोमेंटो आरास्त पत्र भेंट किया गया। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजय वर्मा ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन औखोरी चंद्रशेखर ने किया।

समारोह को बज्जिका भाषा साहित्य के विद्वान चितरंजन प्रसाद सिन्हा कनक, ड शारदा चरण, देवेन्द्र राकेश, ब्रह्मदेव प्रसाद कार्यो, ई. राम नरेश शर्मा, चंद्रशेखर अखौरी, ज्वाला सांध्य पुष्प, हरि हरिनारायण सिंह हरि, राम किशोर सिंह चकवा, डा. विद्या चौधरी, डा. भावना, डा. अनीता सहाय, उदय सिंह, विजय कुमार गुप्ता, राघवेंद्र सिंह कुशवाहा, राजीव रंजन, अधिवक्ता शशिकांत वर्मा, पटना उच्च न्यालय के अधिवक्ता सौरभ बिश्वम्भर, मनोज वर्मा, बिनोद कुमार सिन्हा, प्रो. गौरव विश्वम्भर, प्रो. रीना गुप्ता, प्रो. मेनका बुलबुल, प्रो. माला कुमारी सहित कई महत्वपूर्ण विद्वानों ने संबोधित करते हुए स्मृतिशेष उमाकांत वर्मा जी को नमन किया।

अंत में कविवर प्रो. उमाकांत वर्मा लिखित पुस्तक स्वर लिपि हम्मर बज्जिका गीत के का उपस्थित अतिथियों ने करतल ध्वनि से विमोचन किया ।

## खबरें : एक नजर में

### महिला से मारपीट कर पिस्तौल के भय से मंगलसूत्र छीनने की शिकायत

**महनार(दैनिक नवसंदेश)।** महनार थाना क्षेत्र के टांडा



इलाजरत पीड़िता।

चौड़ी वार्ड 15 में शनिवार की रात महिला के साथ मारपीट कर पिस्तौल का भय दिखाकर मंगलसूत्र व ढोलना छीनने सम्बंधित मामले को लेकर पिंकी देवी ने थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के अनुसार, रात करीब आठ बजे वह घर में खाना बना रही थीं। तभी चार नामजद समेत कुछ लोग दरवाजे पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए गेट पीटने लगे। बाहर आने पर सौरभ व विवेक ने बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया, जबकि अमन व अमित ने लाठी-डंडे से मारपीट की। आरोप है कि सौरभ कुमार ने 10-15 युवकों को बुलाया, जिनमें कई के पास पिस्तौल थी। भय दिखाकर करीब एक लाख रुपये के गहने छीन लिए गए। ग्रामीणों ने महिला को सीएचसी पहुंचाया। आवेदन में अगले दिन स्टेशन रोड स्थित शुक्र पेठिया के पास लोहे की रड व बल्ले से मारपीट का भी आरोप है। थानाध्यक्ष वेदानंद सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है, जांच चल रही है।

### चार दिन से युवक लापता, मारपीट के बाद गायब करने की आशंका, पुलिस कर रही जांच, शीघ्र बरामदगी का दावा

**महनार(दैनिक नवसंदेश)।** महनार थाना क्षेत्र के करनौती पंचायत के रूपनारायणपुर गांव निवासी सुशील कुमार ने पुत्र कुंदन कुमार के चार दिनों से लापता होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने पुत्र के साथ मारपीट के बाद गायब करने की आशंका जताई है। आवेदन में बताया कि कुंदन 25 अगस्त की रात आठ बजे घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं आया। खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। परिजनों के अनुसार, रणधीर राय काली स्थान के सीसीटीवी फुटेज में कुंदन जाते दिख रहा है। आवेदन में आरोप है कि 26 अगस्त की रात कई नामजद सहित 10-15 लोग घर पहुंचे और कुंदन पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए धमकी दी कि कहीं मिला तो जान से मारकर फेंक देंगे। परिजनों ने एक वायरल वीडियो का भी हवाला दिया है, जिसमें दो लोग एक युवक की पिटाई करते दिख रहे हैं। हालांकि, पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। एसडीपीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि 27 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज हुई है। सीसीटीवी और वायरल वीडियो की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी में नामजद लोग नहीं दिख रहे हैं और वीडियो में युवक का चेहरा स्पष्ट नहीं है।पुलिस ने जानकारी दिया कि आज सुबह महनार के एक जनप्रतिनिधि द्वारा उक्त गायब बच्चे को हाजीपुर रेलवे स्टेशन के समीप टेम्पू स्टैंड के समीप देखा गया, जिसका वीडियो एवं फोटो भी उपलब्ध है। जैसे ही टीम उक्त लड़के को पकड़ने पहुंची तब तक वह अटो पकड़कर कही निकल गया। उक्त वीडियो एवं जनप्रतिनिधि के अनुसार लड़का पूरी तरह स्वस्थ्य है तथा खुद से ही घर से फरार है। वीडियो की जाँच कराई जा रही है। गठित टीम के द्वारा शीघ्र ही उक्त बच्चे को बरामद कर लिया जाएगा।

### पटना यातायात पुलिस की सतर्कता से बरामद हुई चोरी की स्कूटी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** रामष्ण नगर थाना क्षेत्र में जगनपुरा मोड़ के पास कई दिनों से लावारिस पड़ी एक स्कूटी पर जब पटना यातायात पुलिस की नजर पड़ी, तो तत्परता दिखाते हुए एच एच डी मशीन से तुरंत वाहन का विवरण निकाला गया। जांच में पता चला कि यह स्कूटी 22 अगस्त की रात चोरी हुई थी, जिसकी प्राथमिकी पत्रकार नगर थाने में दर्ज थी। यातायात पुलिस द्वारा वायरलेस के माध्यम से तुरंत सूचना प्रसारित की गई और बरामद स्कूटी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु स्थानीय पत्रकार नगर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

# वैष्णवी इमरजेंसी हॉस्पिटल ने शुरू किया सेहत साथी सम्मान

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** वैशाली जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई और सराहनीय पहल की शुरुआत हुई है। वैष्णवी इमरजेंसी हॉस्पिटल के डायरेक्टर व जाने-माने समाजसेवी डा. रंजन ने अपने अस्पताल के सहयोगी मधुसूदन तिवारी को सेहत साथी सम्मान से सम्मानित किया है।

बताया जा रहा है कि वैशाली जिले के सभी डॉक्टरों और निजी अस्पतालों में यह अपनी तरह की पहली शुरुआत है, जो वैष्णवी इमरजेंसी हस्पिटल द्वारा की गई है।

इस अवसर पर अस्पताल के डायरेक्टर डा. रंजन ने कहा कि यह सम्मान उन सहयोगियों के लिए शुरू किया गया है, जो लंबे समय से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र से जुड़े रहकर निःस्वार्थ भाव से मानव सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। अस्पताल के विकास और मरीजों की सेवा में उनके समर्पण को भुलाया नहीं



सम्मानित करते डा. रंजन।

जा सकता।

सम्मान पाकर सहयोगी मधूसूदन तिवारी ने डा. रंजन और अस्पताल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे भी और अधिक निष्ठा से काम करने के लिए प्रेरित करेगा।

डा. रंजन ने बताया कि भविष्य में भी हर महीने ऐसे सहयोगियों को चिन्हित कर सेहत साथी सम्मान से नवाजा जाएगा, जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में लंबे समय से जुड़े हैं। सम्मान समारोह में सुऋषि फार्मास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड के जोनल मैनेजर मनोज कुमार शर्मा व एम् आर् अक्षत श्रीवास्व, पप्पू कुमार, संजीव कुमार श्रीवास्तव, रवि कुमार, आलोक रंजन, मंशू कुमार, सुजीत कुमार, मीरा तिवारी, पिंकी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## उमाकांत वर्मा जनशताब्दी समारोह के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पासवान चौक स्थित औद्योगिक क्षेत्र में जयप्रकाश इवनिंग इंटर कॉलेज के सभागार में उमाकांत वर्मा जनशताब्दी समारोह के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बज्जिका साहित्य ,कला, अभिनव तथा चलचित्र के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 60 विभूतियों को उच्च न्यायालय पटना के न्यायाधीश राजकुमार तथा संजय वर्मा के द्वारा सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर कथाकार रामनरेश शर्मा की अध्यक्षता एवं लेखक व नाट्यकार अखौरी चंद्रशेखर के संचालन में कवि सम्मेलन प्रारंभ हुआ।



कवि सम्मेलन में कविगण व श्रोता।

इस अवसर पर डाक्टर भावना, डाक्टर विद्या चौधरी, डाक्टर सुधांशु चक्रवर्ती द्वारा बज्जिका कविता की प्रस्तुति हुई। शिक्षक उमेश कुमार प्रसाद सिंह द्वारा लिखित मोबाइल के महिमा पर आधारित बज्जिका कविता की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही सविता राज ,डाक्टर पुष्पा गुप्ता ,विजय विनीत ,ज्योति सिंह ,डाक्टर प्रतिभा पाराशर इत्यादि कवियों ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी कवियों को संजय वर्मा ने अंग वस्त्र व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया । रंगकर्मी सुधा वर्मा ,क्षितिज प्रकाश ,विभा प्रणय सिंह , विजय गुप्ता, संजय विजित्वर सहित अनेक श्रोता उपस्थित रहे । धन्यवाद ज्ञापन साहित्यकार अमिताभ कुमार ने किया।

## नगर परिषद क्षेत्र हाजीपुर के सफाई कर्मियों की आम सभा आयोजित



आमसभा में उपस्थित सफाईकर्मी।

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** अंबेडकर कॉलोनी अंतर्गत सामुदायिक भवन में बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ (ऐक्टू) का नगर परिषद क्षेत्र हाजीपुर के सफाई कर्मियों का आम सभा आयोजित की गई जिसमें भारी संख्या में सफाई कर्मियों ने भाग लिया । इस आम सभा में मुख्य रूप से एक्टू के जिला सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह उपस्थित थे जिन्होंने सफाई कर्मियों की समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और एक सप्ताह के हड़ताल के बाद 6 अगस्त को सरकार से हुए समझौते के संबंध में चर्चा किया साथ ही ठेका मजदूर , मानदेय कर्मी और नगर निगम कर्मचारियों के पक्ष में हुए समझौते को हासिल करने के लिए तमाम सफाई कर्मियों को संगठित होने और संघर्ष करने का आवाहन किया। इसके बाद सर्व सम्मति से हाजीपुर नगर परिषद क्षेत्र के बीच संचालित स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ का 15 सदस्यीय कमेटी का सर्व समिति से चुनाव किया गया जिसमें अध्यक्ष -सुरेंद्र प्रसाद सिंह , उपाध्यक्ष -उपेंद्र राम सचिव -दीपक राम, सहसचिव- शीला देवी, संगठन मंत्री-शंभू राम के अलावे कार्यकारिणी सदस्य के रूप में-विनोद मल्लिक ,रंजीत मल्लिक ,चंदन मल्लिक ,राजू मल्लिक ,दीपक मल्लिक ,चंदन राम, आमोद मल्लिक ,संतोष कुमार और गुड्डू मल्लिक चुने गए । इसके बाद धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा की कार्रवाई समाप्त की गई।

# पंडित राजकुमार शुक्ल किसान की पीड़ा, आम आदमी के संघर्ष और अपने अधिकार के लिए दृढ संकल्प का प्रतीक हैं : डा. प्रेम कुमार

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार बिहार विधान परिषद सभागार में आयोजित पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति सम्मान 2026 एवं लोक चिंतन स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पंडित राजकुमार शुक्ल किसान की पीड़ा, आम आदमी के संघर्ष और अपने अधिकार के लिए दृढ़ संकल्प का प्रतीक हैं। जब हम पंडित राजकुमार शुक्ल को याद करते हैं, तो स्वाभाविक रूप से हमारे सामने चंपारण सत्याग्रह की ऐतिहासिक स्मृति उभरती है।

अध्यक्ष ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोक चिंतन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतंत्र का अर्थ केवल चुनाव नहीं है। लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ है। जनता की आवाज को सुनना, जनता की समस्याओं को समझना और जनता के हित में निर्णय लेना।भारत का लोकतंत्र इसलिए मजबूत है क्योंकि इसकी जड़ें गाँव, गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँची हुई हैं।

बिहार की धरती तो सदियों से लोक चिंतन, लोक संस्ति और लोकतांत्रिक चेतना की भूमि रही है। भगवान बुद्ध से लेकर महावीर, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण और चंपारण के सत्याग्रह तकइस धरती ने समाज को नई दिशा देने का



संबोधित करते डा. प्रेम कुमार ।



बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार बिहार विधान परिषद सभागार में आयोजित पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति सम्मान 2026 एवं लोक चिंतन स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए।

कार्य किया है।

आज के बिहार की प्राथमिकताएँ आज बिहार तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। हमें विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय, सुशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता देनी होगी।

हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि बिहार का कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से बाहर न रहे। किसान को उसकी मेहनत का सम्मान मिले,युवाओं को शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलें,महिलाएँ आत्मनिर्भर बनें,गरीब परिवारों को सम्मानजनक जीवन मिले,गाँवों में आधुनिक सुविधाएँ पहुँचें और बिहार का प्रत्येक नागरिक गर्व के साथ कह सके कि वह विकसित बिहार के निर्माण में सहभागी है।

अध्यक्ष ने आगे कहा कि राजकुमार शुक्ल जी हमें सिखाते हैं किव्यक्ति छोटा हो सकता है, लेकिन उसका संकल्प कभी छोटा नहीं होना चाहिए।यदि हमारे भीतर समाज के लिए कुछ करने का संकल्प है, तो हम भी परिवर्तन के वाहक बन सकते हैं।

सम्मान केवल स्मृति नहीं, संकल्प भी है। आज जिन विभूतियों को पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति सम्मान 2026 से सम्मानित किया जा रहा है, मैं उन्हें हार्दिक बधाई देता हूँ। हम सभी को मिलकर ऐसा बिहार बनाना है जो विकास के साथ अपनी संस्कृति, विरासत और सामाजिक मूल्यों को भी सुरक्षित रखे। हमारा बिहार ज्ञान की भूमि है, लोकतंत्र की भूमि है, संघर्ष और परिवर्तन की भूमि है।इस अवसर पर विधि मंत्री श्री संजय सिंह टाइगर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## खबरें खास-खास

# 'पंचायत विकास दिवस' आयोजित

### पंचायतों को सशक्त, पारदर्शी एवं जनभागीदारी आधारित बनाने पर विशेष जोर

**हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देशन में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का सफल आयोजन किया गया। पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा पंचायतों के विकास में आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं। पंचायतों की मजबूती का सीधा संबंध गांवों के समग्र एवं सतत विकास से है। हमारा प्रयास है कि पंचायत स्तर पर संचालित प्रत्येक विकास योजना में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी सुनिश्चित हो तथा ग्रामीणों को अपनी पंचायत के विकास से जुड़े निर्णयों और कार्यों की जानकारी एवं उसमें सहभागिता का अवसर मिले।



ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का सफल आयोजन किया गया।

जिला पदाधिकारी ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की समस्याओं एवं स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा पात्र लाभुकों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने पंचायतों में स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन जैसे विषयों को विकास की प्राथमिकताओं से जोड़ने पर भी बल दिया।

जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों की अध्यक्षता संबंधित पंचायतों के मुखिया द्वारा की गई तथा पंचायत सचिवों द्वारा बैठक की कार्यवाही का संचालन एवं संधारण किया गया। शिविर में पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम सभा के सदस्यों, जीविका दीदियों, आशा कार्यकर्ताओं, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

## नेपाल में बाढ़ प्रभावितों की शांति व संकट से मुक्ति के लिए गायत्री शक्तिपीठ में सामूहिक प्रार्थना

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार की शाखा गायत्री शक्तिपीठ दिग्घी कलां, हाजीपुर में रविवार को नेपाल एवं बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लिए सामूहिक गायत्री जप, महामृत्युंजय जाप, श्री गायत्री चालीसा एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद गायत्री हवन कर प्रातिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए विशेष प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में नेपाल में आई भीषण बाढ़ एवं प्रातिक आपदा में दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही प्रभावित लोगों को इस मार्मिक विपदा से शीघ्र मुक्ति मिलने तथा जनजीवन सामान्य होने की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान पशुपतिनाथ से भी आपदा से मुक्ति के लिए प्रार्थना की।



प्रार्थना सभा में लोग ।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने नेपाल एवं प्रभावित क्षेत्रों के लिए आर्थिक सहयोग और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। इसके लिए गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी श्री रामचंद्र प्रसाद सिंह को जिम्मेदारी दी गई। वे श्रद्धालुओं से सहयोग राशि एवं आवश्यक सामग्री एकत्र कर संबंधित संस्था, शांतिकुंज हरिद्वार अथवा नेपाल स्थित गायत्री शक्तिपीठ के माध्यम से प्रभावित लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

कार्यक्रम में राजेश कुमार पांडेय, महेश्वर सिन्हा, नंदलाल चौधरी, मनीष कुमार, विश्वनाथ राय, उपेंद्र शर्मा, हरिशंकर तिवारी, ब्रज किशोर सिंह, आचार्य राजेश कुमार तिवारी, विनीत देवी सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सांसद वीणा देवी ने भगवान जगन्नाथ जी के पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि की किया कामना

**पटना (दैनिक नवासंदेश)।** बिहार के वैशाली लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद वीणा देवी ने संसद सदस्यों के वेतन एवं भत्ते संबंधी संयुक्त समिति के अध्ययन दौरे के क्रम में ओडिशा राज्य के भुवनेश्वर स्तिथ जगन्नाथ पूरी में श्री जगन्नाथ मंदिर में पहुँचकर दर्शन कर विधिवत पूजा - अर्चना की। इस अवसर पर वैशाली सांसद वीणा देवी ने भगवान श्री जगन्नाथ जी से देशवासियों, बिहार वासियों, मुजफ्फरपुर जिलेवासियों, वैशाली लोकसभा संसदीय क्षेत्र के समस्त जनता के सुख, समृद्धि और आरोग्य जीवन की कामना की। वैशाली सांसद वीणा देवी ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ जी के दर्शन करने से काफी खुशियां मिली साथ ही कहा कि सभी श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं भगवान श्री जगन्नाथ जी हमेशा पूरा करते हैं।



श्री जगन्नाथ मंदिर में वैशाली सांसद वीणा देवी व अन्य।



श्री जगन्नाथ मंदिर में वैशाली सांसद वीणा देवी व अन्य।

## डा. प्रेम कुमार के नेतृत्व में गया जी में सुनी गई प्रधानमंत्री की 'मन की बात' की 137वीं कड़ी

**गया जी (दैनिक नवसंदेश)।** गया जी के 230 गया टाउन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत, लाल बाबा, रामशिला पहाड़ के समीप स्थित सामुदायिक भवन में उत्तरी मंडल-1, वार्ड संख्या-6 के बूथ संख्या-50 पर बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार के नेतृत्व में बूथ के मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' की 137वीं कड़ी का सामूहिक श्रवण किया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नशा मुक्त भारत अभियान, हर घर तिरंगा, देशभक्ति से जुड़े रोचक इतिहास की वेबसाइट, युवा क्रिएटर्स तथा देश में हो रहे नए एवं सकारात्मक प्रयासों की चर्चा की। प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में आम नागरिकों, युवाओं और सामाजिक संगठनों द्वारा किए जा रहे रचनात्मक कार्यो को देशवासियों के सामने रखते हुए जनभागीदारी की भावना को और मजबूत करने का आह्वान किया।

डा. प्रेम कुमार ने कहा कि 'मन की बात' देश के प्रधानमंत्री और आम नागरिकों के बीच संवाद का एक प्रभावी एवं सशक्त माध्यम है। इसके जरिए देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे सकारात्मक कार्यो, नवाचारों और जनभागीदारी के प्रेरणादायी प्रसंगों की जानकारी पूरे देश को मिलती है। प्रधानमंत्री के महत्वपूर्ण सुझाव एवं संदेश भी देशवासियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बनते हैं। 'मन की बात' का उद्देश्य केवल संवाद करना नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय को राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र सेवा से जोड़ना है। प्रधानमंत्री का संदेश हर भारतीय तक पहुंचे और देश की प्रगति में हर नागरिक अपनी क्षमता के अनुसार कुछ न कुछ योगदान देयही इस कार्यक्रम की मूल भावना है। नशामुक्त समाज का निर्माण, राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, देश के गौरवशाली इतिहास को जानना तथा युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। 'मन की बात' जैसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच और 'मैं भी देश के लिए कुछ कर सकता हूं' की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रहित, जनसेवा और सामाजिक जागरूकता के कार्यो में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इसके पश्चात 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के उद्घोष के साथ 'मन की बात' के सामूहिक श्रवण कार्यक्रम का समापन हुआ।